फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 279 प्रभात जयपुर, सोमवार 12 मई, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Road to victory lies through the kitchen**

Her magic was that in that limited play, she could turn out interesting dishes. The Churchills had to strictly go by the ration rules, fair in the context of the scarcity

**Phone Safe, Travel Smart**

**Buzz Off! How to Avoid Ticks & Mosquitoes During Summer**

# सीज़फायर के बाद पहले दिन एलओसी पर स्थिति सामान्य रही

## प्रशासन ने घर वापसी की जल्दबाजी नहीं करने की सलाह दी

- **प्रशासन व पुलिस का कहना है कि जब तक इलाके को सैनेटाइज़ नहीं कर लिया जाता और बिना फटे शैल नहीं हटा लिये जाते, तब तक घरों को न लौटें।**
- **गत 15 दिन से सीमा पर अशांति रहने के बाद, रविवार को खबर लिखे जाने तक सीमा पर कोई गोलीबारी नहीं हुई।**
- **पंजाब में एहतियात के तौर पर सीमावर्ती क्षेत्रों में सोमवार को भी स्कूल बंद रहेंगे, इसके अलावा कुछ इलाकों में ब्लैक आउट भी रखा जा रहा है।**

नई दिल्ली/श्रीनगर, 11 मई। कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है, क्योंकि रविवार को, खबर लिखे जाने तक एक पखवाड़े से अधिक समय में पहली बार नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर किसी भी सेक्टर से गोलीबारी की कोई खबर नहीं आई। वहीं बॉर्डर से लगे राजस्थान, पंजाब में भी रविवार सुबह हालात सामान्य दिखाई दिए। बाजार खुल रहे हैं, गतिविधियां सामान्य हो रही हैं।

पंजाब में कल स्कूल खुलने के आदेश हैं, लेकिन पाकिस्तान सीमा से सटे अमृतसर, फिरोजपुर और पठानकोट में प्रशासन ने स्कूल बंद रखने का फैसला किया है। इसके अलावा, गुरदासपुर के बटाला, फिरोज़पुर और पठानकोट में आज स्वेच्छा से ब्लैकआउट रखने की एडवाइजरी जारी की गई है। जोधपुर में कल भी स्कूल बंद रहेंगे। पंजाब के फिरोज़पुर में रात 8 बजे से पूरी रात लाइट बंद करने की एडवाइज़री जारी की गई है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सीमा के गांवों में रहने वाले लोगों से अपील की है कि घर लौटने की जल्दबाजी न करें और सुरक्षित जगहों पर रहें। पाकिस्तान से हमले के खतरे को देखते हुए नियंत्रण रेखा के पास स्थित बारामूला, बांदीपोरा और कुपवाड़ा के सवा लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेज दिया गया था।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि जब तक इलाकों को सैनिटाइज़ नहीं कर लिया जाता, वहां से बिना फटे हुए शेल्स हटा नहीं लिए जाते, तब तक लोग घरों में न लौटें।

जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में आज, रविवार को हालात सामान्य हैं। एक साप्ताहिक बाजार में लोगों की भीड़ देखने को मिली। हालांकि, मौजूदा हालात के चलते श्रीनगर समेत पूरे केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। अर्धसैनिक बल सड़कों पर गश्त कर रहे हैं।

बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में नियंत्रण रेखा पर कई गांवों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।

अधिकारियों ने पुष्टि की कि कश्मीर क्षेत्र में 350 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई खबर नहीं है, जो बारामूला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा जिलों से होकर गुजरती है। उरी में लोग अपने घरों और मुख्य शहर की दुकानों पर लौटने लगे हैं।

केवल उरी में ही पिछले सप्ताह की गोलाबारी में एक महिला की मौत हो गई और 15 से अधिक लोग घायल हो गए।कुछ गांव बुरी तरह प्रभावित हुए और कई घर नष्ट हो गए।

उल्लेखनीय है कि नियंत्रण रेखा के अन्य इलाकों में भी धीरे-धीरे सामान्य जीवन की ओर वापसी हो रही है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच भारी गोलीबारी हुई थी।भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई स्थानों पर हमले किए जाने के बाद गोलाबारी तेज हो गई। पहलगाम में आतंकवादियों ने 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति की गोली मार कर निमर्म हत्या कर दी थी।

### पुंछ के शहीद सु.मेजर पवन कुमार की शहदात पर राहुल ने दुख जताया

नयी दिल्ली, 11 मई। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तान के साथ गोलाबारी में सूबेदार मेजर पवन कुमार के शहीद होने पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

गांधी ने कहा,पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध के दौरान 10 मई को जम्मू कश्मीर के पुंछ में सूबेदार मेजर पवन कुमार जी का वीर गति को प्राप्त होना अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा,इस मुश्किल समय में शहीद के सभी शोकाकुल परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। पूरे देश को पवन कुमार जी की देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान पर गर्व है। सूबेदार मेजर के पार्थिव शरीर को रविवार को पठानकोट से उनके पैतृक गांव हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा के सिहालपुरी लाया गया जहां सैनिक सम्मान के साथ उनके अंत्येष्टि कर दी गई। शहीद को अंतिम विदाई देने के लिए पूरा इलाका इकट्ठा हो गया।

- **राहुल गांधी ने शहीद पवन कुमार के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जताई और कहा कि देश को पवन कुमार जी पर गर्व है।**

# 'भारत-पाक सीज़फायर की घोषणा ट्रंप करते हैं, यह शायद पहली बार हुआ है'

## कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए हैरानी जताई

- **पायलट ने कहा, इस तरह से भारत और पाक के बीच के मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण किया जाना बेहद आश्चर्यजनक है।**
- **पायलट ने सरहद से सटे क्षेत्रों में पाक की गोलाबारी से मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जताई और भारतीय सेना के पराक्रम की सराहना की।**
- **पायलट ने कहा, संसद का विशेष सत्र बुलाकर चर्चा करनी चाहिए ताकि सारी दुनिया में संदेश जाए कि आतंकवाद और पाकिस्तान के दुस्साहस के खिलाफ हम एकजुट हैं।**

नयी दिल्ली, 11 मई। कांग्रेस ने पाकिस्तान और भारत के बीच चल रहे संघर्ष के विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा को हैरान करने वाला करार देते हुए रविवार को कहा कि दो देशों के बीच के मसले का अंतर्राष्ट्रीयकरण नहीं किया जाना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले 24 घंटों में बहुत तेजी से बदले घटनाक्रम में हैरान करने वाली स्थिति भी सामने आई है। यह जानकर सबको आश्चर्य हुआ कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की।

पायलट ने कहा,''यह शायद पहली बार हुआ है, जब सीज़फायर की घोषणा सोशल मीडिया के ज़रिए अमेरिका के राष्ट्रपति ने की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर जो लिखा है, हमें उस पर भी ध्यान देना चाहिए। भारत और पाकिस्तान के बीच जो मसला है, उसका अंतर्राष्ट्रीयकरण करना बेहद आश्चर्यजनक है।''

कांग्रेस नेता ने कहा,''भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष में सरहद के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### ऑपरेशन सिंदूर का मिशन सफलतापूर्वक सम्पन्न

नयी दिल्ली, 11 मई। भारतीय वायु सेना ने रविवार को जोर देकर कहा कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसे सौंपे गए कार्यों को सटीकता और व्यावसायिकता के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया है।

विशेष रूप से सोशल मीडिया में चल रही अकालबाजियों और अफवाहें के मद्देनजर वायु सेना ने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि यह ऑपरेशन राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप सोच-समझकर और विवेकपूर्ण तरीके से संचालित किया गया। सेना ने कहा कि चूंकि ऑपरेशन अभी भी जारी है, इसलिए समय आने पर इस बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

- **भारतीय वायु सेना ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है, समय आने पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी।**

वायु सेना ने सभी से अपील की है कि अटकलबाजी और अफवाहों से बचें और असत्यापित जानकारी का प्रसार न करें।

उल्लेखनीय है कि इस ऑपरेशन के दौरान वायु सेना के प्लेटफार्म और उसके पायलटो के संबंध में अलग अलग तरह की विवादास्पद जानकारियां साझा की जा रही हैं।

### पंजाब से दो पाक जासूस गिरफ्तार

चंडीगढ़ , 11 मई। पंजाब में मलेरकोटला पुलिस ने भारतीय सेना की गतिविधियों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान स्थित हैंडलर को लीक करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि नयी दिल्ली स्थित उच्चायोग में तैनात एक पाकिस्तानी अधिकारी से जुड़ी जासूसी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पहले विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर, एक संदिग्ध को भारतीय सेना की गतिविधियों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान स्थित हैंडलर को लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा किए गए खुलासे के आधार पर, एक दूसरे माध्यम की भी पहचान की गई और उसे हिरासत में ले लिया गया।

- **ये दोनों व्यक्ति पाकिस्तान स्थित हैंडलर को गोपनीय जानकारी लीक करते थे।**

डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी गोपनीय जानकारी के बदले ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से भुगतान प्राप्त कर रहे थे। वे हैंडलर के साथ लगातार संपर्क में थे और उसके निर्देशों के अनुसार अन्य स्थानीय गुर्गों को धन मुहैया कराने में शामिल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रणथंभौर में बाघ के हमले में वन अधिकारी की मौत

- **फॉरेस्ट रेंजर देवेन्द्र चौधरी जोगी महल के पास ट्रैकिंग कर रहे थे तभी बाघ ने घात लगाकर हमला कर दिया।**
- **चौधरी को नोचने के बाद काफी देर तक बाघ वहाँ बैठा रहा, मौके पर पहुँचे अधिकारियों ने बड़ी मुश्किल से बाघ को भगाकर चौधरी को अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उन्हें मृत घोषित कर दिया।**
- **सूचना मिलने पर मंत्री किरोड़ी लाल मीणा अस्पताल पहुँचे, परिजनों को भी सांत्वना दी।**

सवाई माधोपुर, (निसं)। सवाई माधोपुर के रणथंभौर टाइगर नेशनल पार्क के ज़ोन नंबर 3 में छोटा छतरी के पास रविवार को सांय करीब 4 बजे वन अधिकारी देवेंद्र चौधरी पर एक बाघ ने हमला कर दिया, रेंजर देवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को सांय करीब 4 बजे रेंजर देवेंद्र चौधरी जोगी महल के यज्ञशाला के पास ट्रैकिंग कर रहे थे, तभी छोटा छतरी के पास बाघ ने उनके ऊपर हमला कर दिया एवं काफी देर तक वहीं पास में बैठा रहा। सूचना पाकर वन कर्मी व अधिकारी मौके पर पहुंचे और बड़ी मुश्किल से बाघ को भगाकर वन अधिकारी को सवाई माधोपुर जिला चिकित्सालय लाए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार वनकर्मी अपनी ड्यूटी पर तैनात था तभी टाइगर ने उनपर हमला किया और घसीटता हुआ उन्हें जंगल की ओर ले गया। देवेन्द्र सिंह भरतपुर का निवासी था।

सूचना मिलते ही केबिनेट मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा जिला अस्पताल पहुंचे और वन विभाग के अधिकारियों से घटना के बारे में जानकारी ली तथा परिजनों को सांत्वना दी। टाइगर द्वारा वनकर्मी की मौत की यह बहुत दुःखद घटना है। किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि वन विभाग में अधिकारी/कर्मचारी बड़ा रिस्क लेकर अपनी सेवा देते हैं। उन्होंने कहा, इस बारे में मुख्यमंत्री और वनमंत्री से भी वे बात करेंगे। जो भी सहायता होगी वो सरकार से दिलवाई जाएगी।

मीणा ने कहा की वे स्वयं एक माह का वेतन परिजनों को देंगे। ज्ञातव्य है कि 16 अप्रैल को भी एक 7 साल के मासूम को बाघ ने मौत के घाट उतारा था। इसी तरह उलियाना में भी टाइगर ने एक खेत मे काम करने वाले किसान पर हमला किया था। रणथम्भौर में आए दिन मनुष्यों पर हो रहे टाइगर के हमले चिंता का विषय बने हुए हैं।

### आर्मी चीफ जनरल द्विवेदी ने सैन्य कमांडरों की मीटिंग ली

नयी दिल्ली, 11 मई। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तानी सेनाओं द्वारा शनिवार रात को संघर्ष विराम और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के मद्देनजर पश्चिमी सीमाओं के सेना कमांडरों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।

- **जनरल द्विवेदी ने हालात की समीक्षा की तथा सैन्य कमांडरों से कहा कि अगर सीज़फायर का उल्लंघन हो तो जवाबी कार्यवाही करें।**

सेना ने रविवार को बताया कि सेना प्रमुख ने दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सैन्य कार्रवाई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# खड़गे व राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी को चिट्ठी लिखी

## दोनों ने ऑपरेशन सिंदूर से पहले व बाद के हालात पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की

- **दोनों नेताओं ने भारत द्वारा अधिकृत घोषणा करने से पहले ट्रंप द्वारा भारत-पाक सीज़फायर की घोषणा करने पर चर्चा कराने का विशेष आग्रह किया।**

नयी दिल्ली, 11 मई। कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर से पहले एवं उसके बाद की स्थिति पर विचार करने के लिए संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने की मांग की है। खड़गे ने प्रधानमंत्री को रविवार को लिखे पत्र में कहा है कि वह पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और युद्ध विराम की घोषणाओं पर चर्चा के लिए तत्काल संसद का विशेष सत्र बुलाने के विपक्ष के सर्वसम्मत अनुरोध को दोहरा रहे हैं। उनका कहना था कि संसद में इस बात पर भी चर्चा होगी कि पहले वाशिंगटन डीसी और बाद में भारत और पाकिस्तान की सरकारों ने संघर्ष विराम की घोषणाएं की हैं। उन्होंने पत्र में यह भी कहा कि इससे पहले 28 अप्रैल को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी पहलगाम हमले को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। गांधी ने अपने पत्र में प्रधानमंत्री से कहा कि, पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान की घोषणा से पहले संघर्ष विराम के मुद्दे पर ट्वीट करने के लिए संसद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### सर्वदलीय बैठक में प्र.मंत्री आएं तभी शामिल हों राजनैतिक दल

नई दिल्ली, 11 मई। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनने के बाद राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाए जाने की मांग की लेकिन साथ ही राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे इसमें शामिल होने पर तब तक सहमत न हों जब तक सरकार यह आश्वासन नहीं देती कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसमें मौजूद रहेंगे। सिब्बल ने संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की भी मांग करते हुए कहा

- **राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा, आज मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री होते तो वे सर्वदलीय बैठक में भी आते और विशेष सत्र भी बुलाया जाता।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# डोभाल ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी से फोन पर बात की

- **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा, भारत युद्ध नहीं चाहता, पर, आतंकी ढांचे पर कार्यवाही करना जरूरी था।**
- **चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने पहलगाम अटैक की निंदा की और कहा, भारत व पाक बातचीत से समाधान निकालेंगे।**

नयी दिल्ली/बीजिंग, 11 मई। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कल रात चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य एवं विदेश मंत्री वांग यी से टेलीफोन पर बात की और कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद आतंकी ढ ांचे पर कार्रवाई करना जरूरी थी, लेकिन युद्ध करना भारत का चयन नहीं है।

सूत्रों के अनुसार, डोभाल ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में बड़ी संख्या में भारतीय हताहत हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत को आतंकवाद विरोधी कार्रवाई करने की आवश्यकता थी। युद्ध भारतीय पक्ष का चुनाव नहीं है और यह दोनों पक्षों के हित में नहीं है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने सैन्य कार्रवाई रोकने की पहल की है और भारत ने इसे स्वीकार किया है। उम्मीद है कि जल्द से जल्द क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बहाल होगी।

चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार चीन के विदेश मामलों के आयोग के कार्यालय के निदेशक वांग यी ने उम्मीद व्यक्त की कि भारत और पाकिस्तान शांत और संयमित रहेंगे, बातचीत और परामर्श के माध्यम से मतभेदों को ठीक से संभालेंगे और स्थिति को अनियंत्रित होने से बचाएंगे।

वांग यी ने कहा कि चीन भारत और पाकिस्तान के बीच परामर्श के माध्यम से व्यापक और स्थायी संघर्ष विराम का समर्थन करता है। यह दोनों देशों के मौलिक हित में है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की समान आकांक्षा को पूरा करता है।

वांग यी ने यह भी कहा कि चीन पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों की निंदा करता है और सभी प्रकार के आतंकवाद का विरोध करता है।

# जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर में एहतियातन ब्लैक आउट जारी

## हालांकि, आज दिन भर हालात सामान्य रहे, बाज़ार भी खुले

- **बाड़मेर व जैसलमेर में सोमवार सुबह 6 बजे तक, बीकानेर में सुबह 5 बजे तक ब्लैक आउट रहेगा, जोधपुर व श्रीगंगानगर में ब्लैक आउट नहीं किया गया है।**
- **पूर्ण रूप से रद्द की गई 16 ट्रेनों व आंशिक रूप से रद्द की गई 11 ट्रेनों को बहाल कर दिया गया है। पर, जोधपुर, किशनगढ़, बीकानेर, एयरपोर्ट से अभी उड़ानें संचालित नहीं होंगी।**
- **जैसलमेर जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि जिन जगहों पर संदिग्ध वस्तुएं मिल रही हैं, उनके नाम सार्वजनिक नहीं करें। उसके पास भी नहीं जाएं, ना ही वीडियो बनाएं, ऐसा करना जानलेवा हो सकता है।**

जयपुर, 11 मई। राजस्थान के बॉर्डर वाले इलाकों में 3 दिन हाई अलर्ट और ब्लैकआउट के बाद अब स्थिति सामान्य हो गई है। जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर में बाजार खुल गए और सामान्य दिनों की तरह चहल-पहल है। हालांकि, जैसलमेर में आज भी शाम 7.30 बजे से सुबह 6 बजे तक ब्लैकआउट रहेगा। बीकानेर में शाम 7 से सुबह 5 बजे तक ब्लैकआउट रहेगा। बाड़मेर में रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक ब्लैकआउट रहेगा। जोधपुर में ब्लैकआउट नहीं होगा, लेकिन स्कूल-कॉलेजों में सोमवार को छुट्टी रहेगी। परीक्षाएं भी फिलहाल स्थगित रहेंगी।

उधर, युद्ध के हालात को देखते हुए राजस्थान में रद्द की गई 16 ट्रेनों और आंशिक रूप से रद्द 11 ट्रेनों को बहाल कर दिया गया है। रविवार को जयपुर एयरपोर्ट से चंडीगढ़ जाने वाली 2 फ्लाइट रद्द हुई हैं। फिलहाल जोधपुर, किशनगढ़ , बीकानेर से फ्लाइट संचालन बंद है।

हनुमानगढ़ जिला प्रशासन ने भारत-पाक सीमा की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के बाद ब्लैकआउट का आदेश वापस ले लिया है। इससे पहले शाम 7 बजे से सूर्योदय तक ब्लैकआउट का आदेश लागू था। हालांकि रेल अलर्ट की स्थिति में सख्ती जारी रहेगी।

कलेक्टर कानाराम ने लोगों से स्वैच्छिक ब्लैकआउट जारी रखने की अपील की है। उन्होंने कहा, स्थिति सामान्य होने तक सावधानी बरतना जरूरी है। उन्होंने लोगों को रात में घर के बाहर की लाइटें बंद रखने का सुझाव दिया है। स्ट्रीट लाइट्स भी बंद रखी जाएंगी। रेड अलर्ट सायरन बजते ही पूरे जिले में तत्काल ब्लैकआउट लागू किया जाएगा।

बाड़मेर जिला मजिस्ट्रेट टीना डाबी ने निर्देश जारी किए हैं कि बाड़मेर में रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक ब्लैक आउट रहेगा और इस दौरान सभी लोगों को अपने घरों में रहने की अपील भी की। इसके अलावा ब्लैक आउट के दौरान सभी लोगों को अपने घरों की लाइट पूरी तरह से बंद रखने के आदेश भी दिए गए हैं।

जिला प्रशासन जैसलमेर ने निर्देश दिए हैं कि एहतियात के तौर पर आज 11 मई 2025 को शाम 7:30 बजे से कल सुबह 6 बजे ब्लैकआउट रहेगा। लोग अपने घरों और आसपास की लाइटों को बंद रखें।

जैसलमेर जिला प्रशासन और जिला पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वर्तमान समय में कुछ जगहों पर संदिग्ध वस्तु मिल रही हैं। लोग उस जगह का नाम सार्वजनिक कर रहे हैं। खेतों और अन्य स्थानों पर यदि कोई संदिग्ध वस्तु दिखाई देती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम में दें। उसके आस-पास नहीं जाएं और न ही उसकी वीडियोग्राफी करें। उस संदिग्ध वस्तु में विस्फोटक पदार्थ की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है, जिससे जान-माल का पूरा-पूरा खतरा हो सकता है। ऐसा दुखद हादसा हो चुका है, इसलिए संदिग्ध वस्तु से 100 मीटर की दूरी बनाए रखें।

## विचार बिन्दु

**हम स्वयं आनंद की अनुभूति लेने के बजाये दूसरों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करते हैं कि हम आनंद में हैं। –कन्फ्युशियस**

# रील्स: सृजनात्मकता का मंच या सांस्कृतिक अवमूल्यन का माध्यम?

इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो क्लिप को लेकर काफी चर्चा है। लगभग ग्यारह मिनट लंबी यह क्लिपरील के नाम से प्रचारित की जा रही है, जबकि तकनीकी रूप से यह रील नहीं है। बताया जा रहा है कि यह 'रील' राजस्थान के जैसलमेर (कुछ के अनुसार बीकानेर) की है। इसमें रेगिस्तान, कार, एक युवती, एक वृद्ध राजस्थानी पुरुष, और कैमरे के पीछे से आ रही आवाज़ शामिल है। क्लिप में क्या है यह बताने की अनुमति हमारी शालीनता नहीं दे रही है, लेकिन इतना संकेत पर्याप्त होगा कि क्लिप की सामग्री बेहद अशालीन है, और इसे राजस्थान की संस्कृति की विकृति रूप में देखा जा रहा है। स्वाभाविक है कि प्रदेशवासियों की भावनाएं इससे आहत हुई हैं।

इस प्रकरण ने प्रेरित किया है कि हम उस माध्यम –रील्स–पर गंभीरतापूर्वक विचार करें, जो आज मनोरंजन और अभिव्यक्ति का बहुतसशक्त साधन बन चुका है।

रील्स (Reels) सोशल मीडिया, विशेषकर इंस्टाग्राम का वह फीचर है, जिसमें 15 से 60 और कभी-कभी 90 सेकंड की लघु वीडियो क्लिप्स बनाई और साझा की जाती हैं। इन क्लिप्स में संगीत, दृश्य प्रभाव, फ़िल्टर्स और संपादन तकनीकों का रचनात्मक प्रयोग होता है। इनका मूल उद्देश्य मनोरंजन, जानकारी या सृजनात्मकता की प्रस्तुति होता है। रील्स की अवधारणा टिकटॉक की सफलता के बाद सामने आई और भारत में टिकटॉक के प्रतिबंध के बाद इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब जैसे मंचों पर इसका चलन बहुत तेज़ी से बढ़ा।

इस डिजिटल युग में रील्स और शॉर्ट्स (फ़ेसबुक पर रील्स को शॉर्ट्स कहा जाता है!) ने आमजन की रचनात्मकता को एक अभूतपूर्व मंच दिया है। भारत में स्मार्टफोन की सुलभता और किफायती इंटरनेट के चलते इस माध्यम की पहुंच असाधारण हो गई है। अनेक युवा कलाकार, गायक, नर्तक, अभिनेता और लेखक अपनी कला को अनगिनत दर्शकों तक पहुँचा कर उनका समर्थन व प्रोत्साहन पा रहे हैं।गृहिणियाँ अपने व्यंजन या हस्तकला को दिखाकर व्यावसायिक संभावनाओं की खोज कर रही हैं। लेखक अपनी किताबों की जानकारियां दे रहे हैं। छोटे कस्बों और गांवों की प्रतिभाएं भी अब वैश्विक फलक पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। यह माध्यम न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक, व्यावसायिक और शैक्षिक स्तर पर भी उपयोगी सिद्ध हो रहा है। सरकार भी जन-जागरूकता के कई अभियानों में इनका उपयोग कर रही है।

अगर आप रील्स के बहुत फैले संसार की सैर करें तो आपको ऐसी अनेक रील्स मिल जाएंगी जो अपनी कलात्मकता से आपको मोह लेंगी। इस बात को समझा जाना ज़रूरी है कि रील का मतलब यह नहीं है कि अपने कैमरे के लेंस को साठ सेकण्ड के लिए खुला छोड़ दिया जाए और उसमें जो क़ैद हो जाए उसे रील्स के नाम पर ठेल दिया जाए! साठ सेकण्ड की सीमित अवधि में अपनी बात कहना बड़े अभ्यास और कौशल की मांग करता है और इसमें तकनीकी ज्ञान, विशेष प्रभाव, संगीत और आजकल एआई की बड़ी भूमिका होती है। हमारे पाठक याद कर सकते हैं कि कुछ लोग एआई के बहुत उम्दा प्रयोग से भारतीय व्यंजनों जैसे–जलेबी, डोसा, रसगुल्ला, इडली समोसा आदि को लेकर कितनी आकर्षक रील्स बना चुके हैं। ऐसे अनेक उदाहरण याद किए जा सकते हैं। सही संगीत का चयन रील्स के प्रभाव को कई गुना बढ़ा देता है।

**यह स्पष्ट है कि रील्स और शॉर्ट्स एक दोधारी तलवार हैं। यह समाज, अभिभावकों, शिक्षकों और नीति-निर्माताओं की सामूहिक जिम्मेदारी है कि इस माध्यम का विवेकपूर्ण, मर्यादित और सृजनात्मक उपयोग सुनिश्चित करें। इस दिशा में समुचित जागरूकता और सक्रियता का अभी अभाव है। जिन्हें देश और समाज की फिक्र है उन्हें इस दिशा में अधिक जागरूक और सक्रिय होना होगा।**

जहां रील्स में अपार संभावनाएं हैं, वहीं इनका दुरुपयोग भी दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर ऐसी असंख्य क्लिप्स हैं जो न तो कलात्मक हैं, न सुसंस्कृत और न ही सामाजिक दृष्टि से उपयोगी। इनमें से कई क्लिप्स महिलाओं के निजी क्षणों को बिना अनुमति कैमरे में कैद कर निर्मित की जाती हैं – जो गंभीर नैतिक और कानूनी प्रश्न उठाती हैं। नदी या तालाब में नहाती हुई स्त्री, घर का काम करती हुई स्त्री, अपनी वेशभूषा को संवारती हुई स्त्री, शिशु को स्तनपान कराती हुई युवा मां – ये सब इन विकृत मानसिकता वाले रील्स निर्माताओं के लिए महज़ सेक्स ऑब्जेक्ट होती हैं। और ऐसा नहीं है कि यह घृणित काम केवल पुरुष ही कर रहे हैं। अनेक महिलाएं भी अपनी देह या निजता के प्रदर्शन के माध्यम से लोकप्रियता प्राप्त करने की लालसा में इस प्रवृत्ति में शामिल हो रही हैं। बहुत सारे युगल भी अपने अंतरंग क्षणों को रील्स में तब्दील कर सस्ती लोकप्रियता जुटाने की अंधी दौड़ में शामिल मिलते हैं। बहुत मुमकिन है कि कुछ लोग अपनी नासमझी में भी ऐसा कर देते हों। लेकिन कुल मिलाकर यह चिंतन का विषय है कि ऐसा क्यों हो रहा है और इसकी दिशा किस ओर जा रही है।

रील्स की लत अब मनोरंजन की सीमा पार कर एक व्यसन का रूप भी लेती जा रही है। कुछ उदाहरण चौंकाते हैं – जैसे पश्चिम बंगाल में एक दंपती ने रील बनाने के वास्ते आईफोन खरीदने के लिए अपने शिशु को बेच दिया। पुलिस वर्दी में रील्स बनाना अनुशासनहीनता माना गया है और कई पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई भी हुई। कुछ लोग जोखिम भरे स्टंट करते हुए अपनी जान तक गंवा बैठते हैं। यह तो हुआ कथा का एक भाग। दूसरा भाग यह है कि हमारी युवा पीढ़ी विशेष रूप से देह प्रदर्शन वाली रील्स के मोहपाश में फंस कर रील्स की लती होती जा रही है और इस पीढ़ी की यह लत नशीले पदार्थों से भी अधिक हानिप्रद साबित हो रही है। इन्हें जो समय अपनी पढ़ाई-लिखाई या कौशल विकास में लगाना चाहिए वह सारा समय इस अनुत्पादक गतिविधि में नष्ट किया जा रहा है। पढ़ाई-लिखाई चौपट हो रही है और ये युवा मानसिक विकृतियों के शिकार हो रहे हैं सो अलग। इसी तरह निहित स्वार्थी तत्व अपनी राजनीतिक सोच के चलते सांप्रदायिक, समुदायों के बीच वैमनस्य बढ़ाने वाली और भड़काऊ सामग्री को रील्स के रूप में फैलाने में जुटे हैं। इस तरह की रील्स हमारे सामाजिक ढांचे को क्षित पहुंचा रही हैं। राजनीतिक दलों के आई ती सेल भी अपने नेता की छवि निखारने और अन्य नेताओं की छवि को धूमिल करने के लिए इस माध्यम का धड़ल्ले से उपयोग कर रहे हैं। ये लोग हमारे पुरोधा महापुरुषों को भी नहीं बख़्श रहे हैं। असल में रील्स का सबसे अधिक दुरुपयोग इस तरह की अश्लील, अशालीन और भड़काऊ सामग्री के रूप में हो रहा है – और दुर्भाग्य से यह सामग्री ही सबसे ज्यादा वायरल भी होती है।

यह स्पष्ट है कि रील्स और शॉर्ट्स एक दोधारी तलवार हैं। यह समाज, अभिभावकों, शिक्षकों और नीति-निर्माताओं की सामूहिक जिम्मेदारी है कि इस माध्यम का विवेकपूर्ण, मर्यादित और सृजनात्मक उपयोग सुनिश्चित करें। इस दिशा में समुचित जागरूकता और सक्रियता का अभी अभाव है। जिन्हें देश और समाज की फिक्र है उन्हें इस दिशा में अधिक जागरूक और सक्रिय होना होगा।

तकनीक से भागा नहीं जा सकता, न ही सबके हाथों से मोबाइल छीना जा सकता है। लेकिन देश के नागरिकों और इस सुविधा के उपभोक्ताओं को सजग करना, विशेषकर युवाओं को दिशा देना, अनिवार्य हो गया है। अभिभावकों को बच्चों से संवाद करना होगा, शिक्षकों को मार्गदर्शन देना होगा, और नीति-निर्माताओं को स्पष्ट दिशा-निर्देश देने होंगे। इस मामले में सरकार को भी अपनी भूमिका निबाहनी होगी। अनुचित और हानिप्रद सामठी के प्रसार पर रोक लगे और जो ऐसा करने के दोषी हों उन्हें समुचित सज़ा मिले, यह काम सरकार ही कर सकती है।

रील्स और शॉर्ट्स आज के समय का प्रभावी माध्यम हैं – मनोरंजन और अभिव्यक्ति का मंच भी, और प्रचार व प्रसार का साधन भी। लेकिन यह माध्यम सही अर्थों में तभी सार्थक बन सकता है जब इसके उपयोगकर्ता इसकी शक्ति को समझें और उसका विवेक व जिम्मेदारी से उपयोग करें। अन्यथा यह माध्यम एक सांस्कृतिक और सामाजिक संकट का कारण भी बन सकता है।

अब निर्णय हमें लेना है – हम इसे कला और अभिव्यक्ति का मंच बनाएँ, या विवेकशून्य और विकृत मानसिकता के फूहड़ प्रदर्शन का बाजारबन जाने दें!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**(शिक्षाविद और साहित्यकार)**

# श्री पिंजरापोल गौशाला में हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, पर्यावरण प्रेमियों में रोष

## एसडीएम को सूचना देने के बाद पटवारी और गिरदावर ने काटे गए पेड़ों का निरीक्षण किया

**सादुलपुर, (निसं)।** शहर की श्री जुबली पिंजरापोल गौशाला के बीड़ में बड़ी संख्या में हरे पेड़ों की कटाई को लेकर पर्यावरण प्रेमी और जागरूक लोगों ने आक्रोश जताया है।

लोगों ने कहा कि पेड़ों को काटने के लिए प्रशासन से किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई है तथा मामले को लेकर एसड़ीएम मीनू वर्मा को भी शिकायत की है। दूसरी तरफ गौशाला के पदाधिकारी का कहना है कि गायों के लिए नेपियर घास पैदा करने के लिए पेड़ों को चिन्हित कर काटा गया है। सूचना मिलते ही पटवारी और गिरदावर मौके पर पहुंचे तथा पेड़ों की कटाई का मौका निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जब तक जांच नहीं होती तब तक यथास्थिति रखने के निर्देश दिए हैं। गौशाला बीड़ में दोपहर को 12 बजे लगभग पेड़ों की कटाई की सूचना मिली तो पटवारी और गिरदावर मौके पर पहुंचे। मौके पर अनेक पेड़ों की कटाई की हुई थी तथा पहले भी कटाई कर पेड़ों को बड़ी संख्या में डाला हुआ था। पेड़ों को काटने के लिए औजार और जनरेटर भी लगाया हुआ था। ऐसे अनेक पेड़ खड़े थे जिनको सफेद कलर से चिन्हित किया गया था जो काटे जाने बाकी थे तथा एक पिकअप जीप भी मौके पर खड़ी थी। इसके अलावा मौके दो मजदूर बैठे थे। मजदूर ने बताया कि 150 पेड़ों की कटाई होनी है। उन्होंने बताया कि पेड़ों को काटने के लिए तीन लाख रुपए का ठेका लिया है। जबकि मौके पर एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि उन्होंने फसल बिजाई के लिए जमीन ठेके पर ली है। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

- **पटवारी और गिरदावर देखकर मजदूर अपने औजार लेकर पिकअप में सवार होकर फरार हो गए**

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पटवारी राजेश कुमार और गिरदावर ताराचन्द महला को देखकर मजदूर अपने औजार लेकर पिकअप जीप में सवार होकर फरार हो गए।

पटवारी राजेश कुमार ने बताया कि मौके पर 15 हरे पेड़ काटे पाए गए हैं, जिनको जब्त कर लिया गया है। गौशाला मंत्री की ओर से भेजे गए हवा सिंह नामक व्यक्ति की उपस्थिति में पेड़ों को कूड़क कर यथा स्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं तथा रिपोर्ट बनाकर एसडीएम को प्रस्तुत की गई है।

# जोधपुर से दिल्ली वंदे भारत सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का संचालन आज

**पाली/जोधपुर, (का.सं.)।** रेलवे द्वारा दिल्ली की ओर ट्रेनों में यात्रियों के अतिरिक्त यातायात को ध्यान में रखते हुए सोमवार को जोधपुर-दिल्ली स्टेशनों के बीच पहली बार वंदे भारत सेमी हाई स्पीड स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि नियमित ट्रेनों में जयपुर-दिल्ली मार्ग की ओर जाने वाले यात्रियों के अतिरिक्त यातायात और उनकी सुविधा के मद्देनजर ट्रेन 04815, जोधपुर-दिल्ली वंदे भारत सुपरफास्ट एकतरफा स्पेशल का

- **अतिरिक्त यातायात को देखते हुए वंदे भारत (इकतरफा) ट्रेन का संचालन हो रहा है**
- **जोधपुर से जयपुर-दिल्ली के रास्ते पहली बार वंदे भारत सेमी हाई स्पीड ट्रेन चलेगी**

जयपुर के रास्ते संचालन किया जा रहा है। डीआरएम ने बताया कि ट्रेन 04815, जोधपुर-दिल्ली वंदे भारत सुपरफास्ट स्पेशल सोमवार को जोधपुर से दोपहर 2.50 बजे रवान होकर उसी दिन रात्रि 11.55 बजे दिल्ली पहुंच जाएगी। सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने बताया कि इकतरफा ट्रेन मेड़ता रोड, डेगाना, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव व दिल्ली कैंट स्टेशनों पर ठहराव करेगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन में जनरल टिकट और बिना किसी रिजर्वेशन के यात्रा नही की जा सकेगी। वंदे भारत स्पेशल ट्रेन में यात्रियों की सुविधा हेतु दो पॉवरकार सहित 16 कोच होंगे।

जोधपुर-दिल्ली वंदे भारत स्पेशल (इकतरफा) ट्रेन जोधपुर से दोपहर 2.50 बजे प्रस्थान करने के बाद मेड़ता रोड स्टेशन पर शाम 4 बजे आगमन व 4.03 बजे प्रस्थान, डेगाना 4.30 बजे आगमन व 4.32 प्रस्थान,जयपुर 7 बजे आगमन व 7.5 बजे प्रस्थान, गांधीनगर जयपुर 7.15 आगमन और 7.17 बजे प्रस्थान,अलवर रात्रि 8.57 बजे आगमन व 9 बजे प्रस्थान,गुड़गांव 10.50 बजे आगमन व 10.52 बजे प्रस्थान, दिल्ली कैंट 11.17 बजे आगमन व 11.20 बजे प्रस्थान कर रात्रि 11.55 बजे दिल्ली पहुंच जाएगी।

## असि. प्रोफेसर का स्वागत किया

**शाहपुरा, (निसं)।** विराटनगर के छोटे गांव भिंडोर निवासी रामनारायण दायमा का असिस्टेंट प्रोफेसर में राजनीति विज्ञान विषय से ऑल राजस्थान में 10 वीं रैंक के साथ अंतिम रूप से चयन हुआ। ग्रुप जन सेवा समिति अध्यक्ष रोहिताश भडाणा ने बताया कि दायमा के चयन से शाहपुरा, विराटनगर क्षेत्र में 10वीं रैंक आने पर युवाओं में प्रेरणात्मक खुशी है। इस अवसर पर शाहपुरा ग्रुप कार्यालय पर बुलाकर राजस्थानी परंपरानुसार माला साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विशाल धेधड, प्रहलाद कसाणा, किशन फागणा, हितेश भडाणा, धर्मवीर झिंझड़, कानाराम चनेजा, सूर्यकांत चेची, टीकचंद चनेजा मौजूद रहे।

# इंदिरा गांधी नहर की मरम्मत के लिए की गई नहरबंदी समाप्त

## हरीके बैराज और पोंग डैम से राजस्थान के लिए पानी छोड़ा

**बीकानेर, (निसं)।** राजस्थान में इंदिरा गांधी नहर की मरम्मत के लिए की गई नहरबंदी रविवार को समाप्त हो गई। सरकार के फैसले के बाद हरीके बैराज और पोंग डैम से राजस्थान के लिए पानी छोड़ दिया गया है। इससे पश्चिमी राजस्थान के 10 जिलों में पेयजल संकट से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। हालांकि, किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलने की फिलहाल कोई संभावना नहीं है।

राजस्थान सरकार की ओर से शनिवार को नहर बंदी समाप्त करने का फैसला लेने के बाद भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) को सूचना की गई थी। रविवार सुबह से हरीके बैराज से 600 क्यूसेक और पोंग डैम से 6000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इस पहल से बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, नागौर और सीकर जिलों में पेयजल की स्थिति में सुधार होगा। वर्तमान में इन जिलों में पीने के पानी की गंभीर समस्या है और केवल पहले से जमा किए गए पानी का ही वितरण किया जा रहा है।

- **पश्चिमी राजस्थान के 10 जिलों में पेयजल संकट से राहत मिलने की उम्मीद जगी**

जल संकट के कारण एक दिन छोड़कर पानी देने की नीति अपनाई गई है। नहर में नए पानी की आवक के बाद नियमित जलापूर्ति बहाल होने की उम्मीद है, जिससे लाखों लोगों को राहत मिलेगी। विशेष रूप से गर्मी के इस मौसम में यह कदम पश्चिमी राजस्थान के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

बीकानेर में जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश राजपुरोहित ने बताया कि बीकानेर में वर्तमान में 10 दिन का जल भंडार उपलब्ध है। नए पानी की आवक के साथ ही प्रतिदिन जलापूर्ति की जा सकेगी। इस कदम से पश्चिमी राजस्थान के सभी प्रमुख शहरों में जल्द ही नियमित जलापूर्ति बहाल हो जाएगी। नहर में पानी की नई आवक से न केवल पेयजल संकट दूर होगा, बल्कि आने वाले समय में जलापूर्ति व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकेगा।

# पीपल की अवैध लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

## चालक को गिरफ्तार किया, जमानत पर छोड़ा



पुलिस ने पीपल की अवैध लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की।

**हलैना/भरतपुर, (निसं)।** स्पेशल अभियान के तहत हलैना पुलिस ने पीपल की अवैध लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। आईजी राहुल प्रकाश, एसपी मृदुल कच्छावा, एएसपी जयनारायण मीणा और सीओ धर्मेन्द्र शर्मा के निर्देशन में चल रहे स्पेशल अभियान के तहत कस्बा हलैना पुलिस ने हलैना-वैर सड़क मार्ग स्थित उप तहसीलदार कार्यालय के सामने पीपल की अवैध लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक को वन एक्ट में पकडा। ये लकड़ियां वैर की ओर से अलवर जिले के कस्बा गोविन्दगढ़ जा रही थी। जब्त की लकड़ी की कीमत सवा लाख रूपए से अधिक आंकी गई है। थाना प्रभारी जगदीश चन्द ने बताया कि पूछताछ में ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने वैर-हलैना मार्ग स्थित बाणगंगा नदी से अलवर जिले के कस्वा गोविन्दगढ़ पीपल की लकड़ी ले जाना स्वीकार किया। पुलिस ने अलवर जिले के गोविन्दगढ़ निवासी ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक इकबाल खान को वन एक्ट में गिरफ्तार किया, जिसको जमानत पर छोड़ा गया।

# सांभर में लीकेज से हजारों लीटर पेयजल की बर्बादी

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर में अनेक जगहों पर जलदाय विभाग की पेपजल लाइन में छोटे व बड़ी साइज के लीकेज होने के कारण सप्लाई के दौरान हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

स्थानीय जलदाय विभाग इसके बावजूद इन तमाम लीकेजों को बंद करने में अभी भी सफल सिद्ध नहीं हो रहा है। पानी की यह बर्बादी कोढ में खाज का काम कर रही है, क्योंकि एक तो बीसलपुर का जलस्तर कम होने के कारण सरकार ने सांभर के हिस्से को मिलने वाला जल करीब छह माह पहले से ही घटा दिया था तो दूसरी ओर बीसलपुर की नई पाइप लाइन डाली जा रही है, लेकिन पुरानी पाइप लाइन कहीं ना कहीं से डैमेज होती रहती है। जिसकी वजह से दो-तीन दिनों के अंतराल से मिलने वाला पानी कई बार 4 से 5 दिनों के अंतराल में मिलता है। वह भी इन लीकेजों की वजह से

- **पेपजल लाइन में छोटे व बड़े साइज के लीकेज हो रहे हैं**

लोगों को घरों तक पूरा पानी नहीं पहुंच पाता है। इसी प्रकार रविवार को नेहरू पार्क के नजदीक पाइप लाइन रविवार को लीकेज हो गई जिससे सप्लाई में बाधा उत्पन्न हुई। बंपर तरीके से पानी बहता रहा और जलदाय विभाग मूक दर्शक बनकर बनकर देखता रहा। इस मामले में यहां के कांग्रेस नेता नजम उल हसन उस्मानी ने बताया कि विधायक विद्याधर चौधरी ने विधानसभा में मामला उठाया था तो सरकार ने खुद ने माना था कि सांभर का आधा पानी रोका गया है। लीकेज को ठीक करने के लिए हम खुद मिलकर विभाग को अवगत कराया था लेकिन कोरे आश्वासन लगता दिया गया है।

# वृद्ध आश्रम में बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान किया

**भरतपुर, (निसं)।** मॉम्स वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा मदर डे के उपलक्ष में एक कदम मानवता की ओर प्रोजेक्ट के अंतर्गत आनंदधाम वृद्ध आश्रम में बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान किया गया। फूड पैकेट, केले, बिस्कुट के पैकेट टोस्ट के पैकेट, फल वितरण कार्यक्रम किया गया, जिसमें सभी बुजुर्गों का सम्मान भी किया गया। रितु अनुराग गर्ग ने बताया कि मां और बच्चे के रिश्ते की सबसे खास बात है कि ये रिश्ता जन्म से पहले ही बन जाता है और जीवनभर आपके साथ रहता है। मां का रोल हमारे जीवन में बेहद अहम है। कोई भी बच्चा अपने जीवन में पहली सीख मां से ही लेता है। कार्यक्रम में मॉम्स ग्रुप से अंजना जैन, मीरा गोयल, नेहा अग्रवाल, प्रियंका गुप्ता, मीनाक्षी, कल्पना, स्वाति अग्रवाल, सेक्रेटरी अंजना जैन मौजूद रही।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 12 मई, 2025**


वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, सोमवार, विक्रम संवत 2082, स्वाती नक्षत्र प्रातः 6:17 तक, वारियान योग मंगलवार प्रातः 5:53 तक, विष्टि करण प्रातः 9:14 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 2:23 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-तुला, मंगल-कर्क, बुध-मेष, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-मीन, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज रवियोग प्रातः 6:17 तक है। यमघट योग प्रातः 6:17 से सूर्योदय तक है। कुमार योग रात्रि 10:26 से आरम्भ होगा। भद्रा प्रातः 9:14 तक रहेगी। आज वैशाखी पूर्णिमा, सत्य पूर्णिमा, बुद्ध पूर्णिमा और जयन्ती, पीपल पूनम है। आज वैशाख स्नान समाप्त होगा। आज यम धर्मराज प्रीत्यर्थ जल कुम्भ दान होगा। आज गंधेश्वरी पूजा है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:24 तक, शुभ 9:04 से 10:43 तक, चर 2:03 से 3:42 तक, लाभ अमृत 3:42 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:45, सूर्यास्त 7:01


### मेष

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा सांभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।


### वृष

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### मिथुन

व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### कर्क

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्यों से संबंधित यात्रा सांभव है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### सिंह

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कन्या

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। शुभ-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### तुला

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृश्चिक


घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### धनु

आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

### मकर

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में नवीन संदेश प्राप्त हो सकते हैं। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मीन

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# सड़क पर बंधी रस्सी से युवक का गला कटने से मौत

■ रिश्तेदार संग बाइक पर जा रहा था, प्रदीप मिश्रा की कथा के लिए लगा रखी थी बैरिकेडिंग

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्टेडियम के पास सड़क पर बंधी रस्सी से गले की नस कटने से युवक की मौत हो गई। युवक अपने साथी के साथ बाइक पर जा रहा था। इसी दौरान प्रदीप मिश्रा की कथा के लिए बैरिकेडिंग की रस्सी से टकरा गया। रस्सी गले पर अटकने से वह घायल हो गया। उसे एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सड़क दुर्घटना थाना (उत्तर) के एएसआई माधोसिंह ने बताया कि हादसे में उत्तर प्रदेश के हाथरस निवासी दिनेश (40) पुत्र भगवान सिंह की मौत हो गई। दिनेश पत्नी और दो बच्चों के साथ नाहरी का नाका, शास्त्री नगर में किराए के मकान में रहता था। 8 मई को दोपहर करीब 3:30 बजे अपने साढू विवेक के साथ बाइक से विद्याधर नगर सेक्टर-6 में काम से गया था। विद्याधर नगर स्टेडियम के पास से जाते समय सड़क पर बंधी रस्सी दिनेश को दिखाई नहीं दी। गले पर रस्सी टकराने पर बाइक आगे निकल गई। दोनों उछल कर नीचे गिर गए। रोड पर गिरने से दोनों घायल हो गए। घायल हालत में ही दोनों बाइक लेकर कांवटिया हॉस्पिटल पहुंचे। विवेक को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी मिल गई। वहीं, गले की नस कटने के कारण दिनेश को तुरंत एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान दिनेश की शनिवार देर रात मौत हो गई। मेडिकल सूचना पर पहुंची पुलिस ने शनिवार को पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजन को सौंप दिया। दिनेश पेंटर था।

एएसआई माधोसिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि पिछले दिनों विद्याधर नगर स्टेडियम में प्रोग्राम हुआ था। प्रोग्राम के दौरान व्यवस्था को लेकर रस्सियां बांधी गई थीं। स्टेडियम के पास सड़क पर भी रस्सी बंधी थी। युवक बाइक लेकर वहां से निकले। बंधी रस्सी से लगे झटके से दोनों उछल कर नीचे गिर गए। बाइक आगे निकल कर कुछ दूरी पर गिर गई। लहूलुहान हालत में बाइक चलाकर दोनों हॉस्पिटल पहुंचे थे।

दिनेश के साढू विवेक ने बताया कि मैं और मेरा साढू दिनेश आगरा रोड से विद्याधर नगर के सेक्टर-6 में काम की बात करने जा रहे थे। विद्याधर नगर स्टेडियम के पास जैसे ही हम घूमे तो वहां प्रदीप मिश्रा का जो प्रोग्राम हुआ था, उसके लिए जहां लेबर काम कर रही थी। लेबर ने बीच रोड पर रस्सी बांध रखी थी। वो रस्सी हमको दिखाई नहीं दी। अचानक रस्सी से टकराने से मेरा और साढू का एक्सीडेंट हो गया। इससे उनके गले में चोट आई। चोट आने की वजह से उनका खून ज्यादा निकल गया। मैं आनन-फानन में उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचा। हॉस्पिटल में उनको टांके लगाकर ट्रीटमेंट किया। बाद में मालूम पड़ा, उनको सांस लेने में प्रॉब्लम हो रही है। डॉक्टर्स ने ऑपरेशन के लिए कहा था। उसके बाद दूसरे दिन उनकी मौत हो गई। गौरतलब है कि प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा 1 से 7 मई तक आयोजित की गई थी। अब सवाल यह उठता है कि यह हादसा किसकी लापरवाही का नतीजा है। पुलिस या कथा आयोजन करने वालों की। इस मामले की जांच कर दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की जानी चाहिए है।

## 'राइजिंग राजस्थान' के तहत हुए एमओयू की समीक्षा कल

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार (13 मई) को मुख्यमंत्री कार्यालय में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत हस्ताक्षरित विभिन्न एमओयू की प्रगति की समीक्षा बैठक लेंगे। शर्मा इस दौरान पर्यटन, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा-स्वास्थ्य, कपड़ा एवं वस्त्र तथा ऑटोमोबाइल व इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्रों से संबंधित एमओयू के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी लेंगे।

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष दिसंबर माह में आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित लगभग 37 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौते हुए, जिनमें से करीब 3 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग की जा चुकी है।

# सैकड़ों महिला लाभार्थियों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया




राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रविवार को मातृ दिवस के उपलक्ष में महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन सैंट्रल पार्क में किया गया।

**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,द्वारा रविवार को मातृ दिवस के उपलक्ष में सीएमएचओ, सवाई मानसिंह अस्पताल और लाडो महिला संस्था के सहयोग से महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन सैंट्रल पार्क,सी-स्कीम, जयपुर में प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन नन्दिनी व्यास, जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर-प्रथम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,जयपुर महानगर-प्रथम,द्वितीय व जिला के समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इस शिविर में सवाई मानसिंह अस्पताल और सीएमएचओ प्रथम से डॉ. आशा लता,सदस्य,विधिक चेतना समिति जयपुर महानगर द्वितीय,डॉ. शाब्या अग्रवाल व डॉ. शेफाली गोयल,स्त्री रोग विशेषज्ञ,डॉ. महेश सांखला,अस्थि रोग विशेषज्ञ,डॉ. सीमा पालीवाल तथा डॉ. अंजली मीणा,डॉ. प्रियंका बुरड़क,डॉ. गोपेश भारद्वाज,नेत्र रोग विशेषज्ञ,डॉ. बी एल अग्रवाल व डॉ. सदानंद सिंह डागर,मेडिसिन विभाग,डॉ. विजय मीणा,पी.एम.आर. विभाग तथा डॉ. चन्द्र प्रकाश शर्मा भी उपस्थित रहे।

शिविर में निःशुल्क नेत्र, हार्ट, ब्लड, शुगर, अस्थि तथा स्त्री आदि रोगों के संबंध में जांच करवाई जाकर चिकित्सकों से परामर्श लिया गया। इस दौरान दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। शिविर का 350 से अधिक लाभार्थियों द्वारा लाभ उठाया गया।

## भगवान बुद्ध के पंचशील सिद्धांत आज भी प्रांसगिक : देवनानी

■ विधानसभाध्यक्ष ने प्रदेशवासियों को बधाई दी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुद्ध पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

देवनानी ने कहा है कि भगवान बुद्ध के पंचशील सिद्धांत आज भी प्रांसगिक है। प्राणी भाव को हिंसा से विरत रहना,चोरी करने या जो दिया नहीं गया है,उसको लेने से विरत रहना,लैंगिक दुराचार या व्यभिचार से विरत रहना,असत्य बोलने से विरत रहना और मादक पदार्थो से विरत रहना। श्री देवनानी ने कहा कि भगवान बुद्ध ने मध्यम मार्ग का उपदेश भी दिया, जिससे समस्याओं के हल का मार्ग निकल सकता है। दु:ख के कारण और निवारण के लिए भी भगवान बुद्ध का अष्टार्गिक मार्ग, मानव जीवन के लिए नया मार्ग प्रशस्तक करता है।

# आमजन को आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर सक्षम जयपुर अभियान के तहत जिले में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को अंबाबाड़ी स्थिति आदर्श विद्या मंदिर में आपदा प्रबंधन जन जागरुकता कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा विभाग के अनुदेशकों ने आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान बचाव एवं उपायों की जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया।

उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा अमित शर्मा ने बताया कि जयपुर सक्षम अभियान के तहत नागरिक सुरक्षा विभाग के तत्वावधान में जिले के अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आमजन को हर आपात परिस्थिति में स्वयं एवं अन्य लोगों के बचाव के लिए बुनियादी प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही आपात स्थिति में क्या करें क्या ना करें गाइडलाइन की भी जानकारी प्रदान की जा रही है।




जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर सक्षम जयपुर अभियान के तहत रविवार को अंबाबाड़ी स्थिति आदर्श विद्या मंदिर में आमजन को आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान बचाव एवं उपायों की जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान की।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं युद्ध काल के दौरान बचाव के तरीकों से रूबरू करवाया गया। साथ ही ब्लैकआउट के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान आपातकालीन बचाव पद्धितयों, सीपीआर,बेसिक फायर एवं फायर एक्सटिंग्विशर संचालन अभ्यास भी करवाया गया।

# सड़क पर खड़ी पिकअप में मिला 2075 किलो विस्फोटक

■ 25 किलो के 63 डिब्बों पर लिखा था एक्सप्लोसिव और 10 कट्टों में अमोनियम नाइट्रेट

**जयपुर।** बस्सी थाना इलाके में सड़क किनारे खड़ी लावारिस पिकअप में भारी मात्रा मे विस्फोटक सामग्री मिली है। पुलिस ने मोहनपुरा पुलिया के पास कुल 2075 किलो विस्फोटक सीज किया है। विस्फोटक की जानकारी पुलिस ने पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन को दे दी है। अब पीईएसओ की टीम मौके पर जाकर सैंपल लेगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पिकअप मालिक या चालक अभी तक पुलिस के सम्पर्क में नहीं आया है।

एएसआई जसवंत सिंह ने बस्सी थाने में इस विस्फोटक सामग्री को लेकर मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि वह शनिवार देर रात गश्त पर थे। इस दौरान रात 2.30 बजे हेड कांस्टेबल श्यामलाल का फोन आया। श्यामलाल ने बताया कि मोहनपुरा पुलिया के पास दौसा से जयपुर की तरफ आगरा रोड पर अंशिका चाय की दुकान के सामने एक पिकअप खड़ी है। इसमें कुछ कार्टन रखे है जो संदिग्ध हैं। गाड़ी का चालक भी नहीं है। सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पिकअप की जांच की गई तो कार्टून पर ऑप्टिस्टार एक्सप्लोसिव लिखा हुआ था। नीचे सफेद कट्टों में अमोनियम नाइट्रेट लिखा हुआ था। गाड़ी में में कुल 63 कार्टन और 10 प्लास्टिक के कट्टे मिले। 63 कार्टन पर शुद्ध वजन 25 किलो और 10 प्लास्टिक के कट्टों पर 50 किलो लिखा था। इनमें सफेद दाने नुमा पदार्थ था।चालक की तलाश की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पिकअप के नम्बर के आधार पर वाहन मालिक का पता ईश्वर सिंह पुत्र अर्जुन सिंह रावत निवासी शिवपुर नरेली मांडल भीलवाड़ा के रूप में हुई। पिकअप मालिक से भी कोई संपर्क नहीं हुआ। पिकअप का स्टेयरिंग लॉक था, इस पर क्रेन की सहायता से पिकअप को मौके से हटा कर थाने पर खड़ा किया गया।

जांच अधिकारी एसआई सुरेन्द्र ने बताया कि शुक्रवार को ढाई बजे पुलिस ने पिकअप सीज की थी। अभी तक पिकअप का मालिक और चालक थाने नहीं आया है। हमारी टीम ने वैशाली नगर स्थित पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन को सूचना दी है। उनकी टीम मौके पर पहुंच कर सैंपल लेगी जिस के बाद आगे की जांच की जाएगी।

# बिजनेसमैन सुसाइड मामले में न्याय की गुहार लगाई

■ किरोडी लाल से मिला मृतक का परिवार

**जयपुर।** करधनी थाना इलाके में अपार्टमेंट की 14वीं मंजिल से छलांग लगाकर सुसाइड करने वाले बिजनेसमैन (आर्किटेक्ट) की पत्नी रविवार को कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के घर पहुंचीं। उन्होंने मंत्री से मुलाकात कर न्याय दिलाने की मांग की।

बिजनेसमैन भारत कुमार सैनी की पत्नी वर्षा सैनी ने कहा कि उनके साथ धोखा हुआ है। उनके पति आरएएस अधिकारी मुक्ताराव से 39 लाख 60 हजार रुपए काम करने का पैसा मांगते थे। इन लोगों ने गलत एग्रीमेंट कर ससुर के साइन करवा लिए। ससुर को दिखाई भी कम देता है। वह उस दौरान परेशान भी थे, इसलिए साइन कर दिए। सच्चाई यह है कि जो पैसा आरएएस ने दिया, वह उनकी मजदूरी का पैसा था। मंत्री से मुलाकात के दौरान वर्षा के साथ उनके देवर अमित कुमार और ससुर भानुप्रताप भी थे। अमित कुमार ने कहा कि मैं केवल यह चाहता हूं कि मेरे भाई को न्याय मिलना चाहिए। मुक्ता मैडम जेल में चाहिए। उनको नौकरी से बर्खास्त करना चाहिए। किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि भरत कुमार सैनी की पत्नी, भाई और पिता आज यहां आए थे। मुक्ताराव के बारे में मैं कई बार बयान दे चुका हूं कि यह फर्जी टॉपर है। पैसा दिया है, यह बात सही है। लेकिन, अगर समय पर पैसा देते तो एक जान नहीं जाती। वर्षा का मन है कि उसे मुख्यमंत्री से मिलाया जाए, लेकिन अभी सीएम व्यस्त हैं। मैं वर्षा और उसके परिवार को सीएम से मिला दूंगा। वह चाहती हैं कि कानूनी कार्रवाई हो। वर्षा सैनी ने कहा कि किरोड़ी लाल मीणा से मुलाकात ठीक रही। मैंने किरोड़ी लाल मीणा से रिक्वेस्ट की है कि मुझे इंसाफ मिले। मुझे पूरी उम्मीद है कि वह मुझे इंसाफ दिलाएंगे। मेरे पति ने सुसाइड नोट में यही लिखा है कि मेरे मरने के बाद मुझे इंसाफ मिले। वर्षा का कहना है कि घटना के बाद आपके ससुर ने 40 लाख रुपए लिए थे। इस पर वर्षा ने कहा- वह मुक्ता मैडम का खेल था। कोई समझौता नहीं हुआ। वह मेरे पति की मेहनत का पैसा बन रहा था। उन लोगों ने झूठ-पाखंड से साइन करवाए। जिस कागज पर साइन करवाए थे, वह कागज उनके लोगों के द्वारा लिखा गया था। पिताजी से साइन कराए। उनके पास चश्मा नहीं था। वह पढ़ नहीं पाए। साइन कर दिए। आप बताइए कि एक जवान बेटे की लाश सामने रहेगी, पिता उसे देखे या फिर उन कागजों को। मेरे पिता को इतना भ्रमित कर दिया था कि उन्होंने कुछ नहीं देखा। उस कागज पर साइन कर दिए। उसके लिए मेरे पिताजी आज भी पछता रहे हैं। कहते हैं मुझसे गलती हो गई। मुझे उस कागज को किसी से पढ़वा लेना था। मुझे न्याय चाहिए। गौरतलब है कि 18 अप्रैल को करधनी के गोविंदपुरा निवासी बिजनेसमैन भारत कुमार सैनी ने रॉयल ग्रीन सोसाइटी अपार्टमेंट की 14वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड किया था।

## देवर्षि नारद जयंती व पत्रकार सम्मान समारोह कल

**जयपुर।** विश्व संवाद केन्द्र फाउंडेशन, जयपुर के तत्वावधान में देवर्षि नारद जयंती एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन 13 मई (मंगलवार) को किया जाएगा। यह कार्यक्रम मालवीय नगर, जयपुर स्थित नारद सभागार में आयोजित होगा। वीएसके फाउंडेशन की निदेशक डॉ. शुचि चौहान ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जयपुर प्रांत के सह संघचालक डॉ. हेमंत सेठिया करेंगे। इस अवसर पर पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर मुख्य वक्ता रहेंगे। कार्यक्रम में पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# गोविन्ददेवजी मंदिर में अर्पित की सैन्य शक्ति संवर्द्धनार्थम् आहुति



आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में रविवार को महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में राष्ट्र शक्ति जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।

**जयपुर।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में राष्ट्र शक्ति जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। चार पारी में सैकड़ों लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और समर्थ एवं शक्तिशाली भारत निर्माण और सैनिकों के शौर्य वद्र्धन के लिए आहुतियां प्रदान की।

आचार्य पीठ से गायत्री कचोलिया ने कहा कि हम आज घरों में सैनिकों के कारण ही सकुशल हैं। वे सीमा पर हमारी रक्षा कर रहे हैं। इसलिए सभी लोग उनकी कुशलता के लिए प्रतिदिन भगवान से प्रार्थना करें। प्रतिदिन गायत्री मंत्र की एक माला सेना के शौर्य संवर्धन हेतु करनी चाहिए। गायत्री तोमर ने मातृत्व दिवस भारत माता की रक्षा के लिए सर्वस्व बलिदान करने का आव्हान किया। अग्नि प्रज्वलित कर विश्व शांति के लिए गायत्री एवं महामृत्युजंय महामंत्र से 108 आहुतियां प्रदान करवाई। त्वया मन्यो सरथारुजन्तो, हर्षमाणा ह्रिषतासो मरुत्वन। तिग्मेषवआयुधा संशिशाना, उप प्रयन्तु नरो अग्निरुपा: स्वाहा मंत्र के साथ देश की रक्षा हेतु सीमाओं पर डटे सैनिकों में शक्ति का संचार हो, उनमें शौर्य, पराक्रम, आत्मबल एवं देश की सुरक्षा का भाव सदा बना रहे। इस के लिए विशिष्ट आहुति यज्ञ भगवान को समर्पित की गई। नृसिंह जयंती परॐ वज्र-नखाय विद्महे, तीक्ष्ण-द्रंष्टाय धीमहि। तन्नो नारसिंह: प्रचोदयात् मंत्र से आहुतियां प्रदान की गई। अखिल विश्व गायत्री परिवारप्रारंभ में रमेश अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, राम बाबू झालानी, शंकर झालानी एवं अन्य ने ठाकुर श्री राधा गोविंद देवजी, वेदमाता गायत्री, गायत्री परिवार के संस्थापक युग ऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य, भगवती देवी शर्मा का पंचोपचार पूजन किया गया। गायत्री शक्ति पीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहनलाल शर्मा सह व्यवस्थापक मणि शंकर चौधरी ने बुद्ध पूर्णिमा पर 12 मई को जयपुर में एक ही समय पर 11हजार घरों पर होने गृह गृह गायत्री यज्ञ के लिए हवन सामग्री वितरित की।

## 'योग से मधुमेह नियंत्रण संभव'

**जयपुर।** योगापीस संस्थान तथा इंडियन योगा एसोसिएशन के तत्वावधान में आज कृष्ण कृपा अपार्टमेंट, शास्त्री नगर में "मधुमेह नियंत्रण में योग की भूमिका" विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित योग गुरु एवं चिकित्सकों ने मधुमेह रोगियों के लिए योग के महत्व पर विस्तृत जानकारी साझा की।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं योगापीस संस्थान के संस्थापक योगाचार्य ढाकाराम ने अपने संबोधन में कहा, "आधुनिक जीवनशैली और खानपान की गलत आदतों के कारण मधुमेह तेजी से फैल रहा है। नियमित योगाभ्यास से न केवल ब्लड शुगर नियंत्रित होता है, बल्कि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।" उन्होंने मधुमेह रोगियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी आसनों और प्राणायाम का लाइव प्रदर्शन कर उनके लाभ बताए।

डॉ. अरुण जोशी ने योग और शरीर विज्ञान पर चर्चा करते हुए बताया, "अध्ययनों से पता चला है कि प्रतिदिन 45 मिनट योग करने से इंसुलिन संवेदनशीलता 18-25 तक बढ़ जाती है, जो मधुमेह प्रबंधन में महत्वपूर्ण है।"

डॉ. सुनील ढंड ने जोर देकर कहा, "तनाव मधुमेह का प्रमुख कारण है। योग व प्राणायाम करने से हाइपरटेंशन और एंजायटी कम होता है और बीमारियों का प्रमुख कारण भी तनाव व एंजायटी है।"

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों की निःशुल्क ब्लड शुगर जांच की गई।

# शिक्षामंत्री ने जन्मदिन पर स्वच्छताकर्मियों के चरण छूकर आशीर्वाद लिया

■ मदन दिलावर ने गौ संरक्षण पर जोर देते हुए पॉलिथिन का इस्तेमाल न करने का संकल्प दिलाया, स्काउट्स गाईडस ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**जयपुर।** राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर जी ने अपने जन्मदिन को जनसेवा और संस्कारों के साथ मनाया, जिसमें उन्हें बधाई देने वालों का हुजूम उमड़ पड़ा। जयपुर स्थित बंगले पर मंत्री दिलावर ने आज प्रातः सपत्नीक गौ माता (गाय और बछड़े) पूजन कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर बटुकों ने स्वस्तिवाचन कर दिलावर दंपत्ति को आशीर्वाद देते हुए सुखी, स्वस्थ और यशस्वी जीवन की मंगल कामना की। दिलावर ने अपने राजकीय आवास पर ईश्वर वंदन के बाद पधारे साधु संतों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने हवन में भाग लेकर दीर्घायु हेतु रक्षासूत्र बंधवाया। सामान्य स्वागत सत्कार के बाद शिक्षामंत्री अराध्या देव गोविंददेवी जी दर्शनों के लिए पहुंचे। इसके बाद हवन कार्यों में शिरकत की। इस दौरान उनकी दीर्घायु के लिए कलाई पर रक्षासूत्र बांधा गया। इस मौके पर हिंदुस्तान स्काउट्स गाईडस के पदाधिकारियों ने उनका माला पहनाकर सम्मान किया और मुंह मीठा कराया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में किए नवाचारों के लिए आभार जताया।

हिंदुस्तान स्काउट्स गाईडस द्वारा आयोजित तेजस उत्सव 2025 के मौके पर शिक्षामंत्री ने स्वच्छता कर्मियों का सम्मान किया गया और शहर को स्वच्छ बनाने में महती भूमिका का निर्वाह करने के लिए आभार जताया। उन्होंने महिला



हिंदुस्तान स्काउट्स गाईडस द्वारा आयोजित तेजस उत्सव 2025 के मौके पर शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने महिला स्वच्छताकर्मियों के पांव छूकर उनसे आशीर्वाद लिया।

स्वच्छताकर्मियों के पांव छूकर उनसे आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान हिंदुस्तान स्काउट्स गाईडस की 24 बच्चों की बैंड टीम ने शिक्षामंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में गौ आधारित कृषि एवं चरागाह विकास पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला गौसंरक्षण संगोष्ठी में शिरकत की। यहां उन्होंने मंच को संबोधित करते हुए गौ संरक्षण का संकल्प और पोलीथिन का उपयोग न करने की प्रेरणा दी। उन्होंने उपस्थित सभी गणमान्यजनों को पोलीथिन इस्तेमाल न करने का संकल्प दिलाया। शिक्षामंत्री ने गौ संरक्षण एवं चरागाह विकास पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन भी किया। शिक्षामंत्री भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान राजस्थान द्वारा आयोजित महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती पर आयोजित भारतीय सुरक्षा ज्ञान विज्ञान महायज्ञ में भी पहुंचे। उन्होंने वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए गौ संरक्षण पर चर्चा की और पोलीथिन का बहिष्कार करने का आव्हान किया। कार्यक्रमों की कड़ी में राजकीय विद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सम्पर्क स्मार्ट स्कूल प्रोग्राम के तहत 45 राजकीय विद्यालयों में स्मार्ट डिवाइस व टीवी वितरित किए गए। इनमें से दो संस्कृत विद्यालय भी शामिल थे। मंत्री दिलावर ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। इसके पश्चात भजन वाणी के तहत भजन गायिका साध्वी संत बैरागी बाईसा जोधपुर व साध्वी संतोष बाईसा पीपाड़ सिटी की ओर से प्रस्तुत की गई की शुरुआत नमो रे गणेश नमो हनुमंता से की। उन्होंने भक्ति रसधारा ने सभी को सराबोर कर दिया।

# बिना नंबर की स्कॉर्पियो कार से 4.21 क्विंटल डोडा-पोस्त पकड़ा

## दो तस्करों को गिरफ्तार किया, एनएच-62 पर नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई की

**सूरतगढ़,** (निसं)। सर्किल की राजियासर थाना पुलिस ने एसपी के निर्देश पर नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सूरतगढ़-बीकानेर नेशनल हाईवे पर 421.04 किलो अवैध डोडा-पोस्त के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। डोडा-पोस्त की अवैध तस्करी बिना नंबर की स्कॉर्पियो गाड़ी में की जा रही थी। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो को जब्त किया है।

सीआई सतीश कुमार ने शनिवार रात को बताया कि मुखबिर की सूचना पर एनएच-62 पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान बीकानेर की ओर से बिना नंबर प्लेट की एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस ने गाड़ी को रुकवाकर देखा तो उसमें प्लास्टिक के बैग भरे हुए नजर आए। बैगों के बारे में चालक व उसके साथ सवार से पूछा तो वो कोई संतोषजनक जबाव नहीं देकर घबरा गए। पुलिस ने संदेह के आधार पर गाड़ी की तलाशी लेते हुए को बैगों को खोलकर देखा तो डोडा-पोस्त बरामद हुआ। पुलिस को स्कॉर्पियो के अंदर 23 बैग मिले, जिनमें 4 क्विंटल 21 किलो 400 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त भरा हुआ था। इस पर डोडा-पोस्त जब्त कर दोनों आरोपियों को डोडा-पोस्त तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम बुधाराम (35) पुत्र गोवर्धनराम निवासी गुडा भगवानदास व दिनेश (30) पुत्र गोपालराम निवासी खारी कर्मसोत दोनों पुलिस थाना पाचूड़ी जिला नागौर बताया। पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

इस प्रकरण की जांच सूरतगढ़ थाने के सीआई दिनेश सारण को सौंपी गई है। अवैध डोडा-पोस्त व तस्कारों को पकड़ने की कार्रवाई में सीआई सतीश कुमार यादव, एएसआई हनुमान मीणा, एचसी रामेश्वर लाल सहारण, कांस्टेबल आत्माराम कुलडिया, कांस्टेबल विनोद भोभिया, चरणसिंह ढाका, राजपाल बेनीवाल, दलीप कुमार व इंद्राज आदि शामिल रहे।

# अवैध अफीम और अवैध मेफेड्रोन ड्रग बरामद

**कोटा,** (निसं)। राज्य में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने के अपने सतत् प्रयासों के तहत केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन.) राजस्थान ने अवैध अफीम और मेफेड्रोन ड्रग जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्यवाही नरेश बुन्देल, उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा के मार्गदर्शन में की गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा ने बताया कि (सीबीएन) को शनिवार को एक गुप्त सूचना मिली कि चित्तौड़गढ़ जिले के उदपुरा गांव में एक बाड़े में अवैध अफीम छिपाकर रखने की एक विशेष सूचना मिलने के बाद, केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों ने एक खुले बाड़े पर छापा मारकर घास के ढेर में छिपाई गई 4.850 किलो अवैध अफीम बरामद की।

सीबीएन को एक और गुप्त सूचना मिली कि चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन रोड़ पर एक व्यक्ति होटल जमजम, रेलवे स्टेशन रोड़, चित्तौड़गढ़ के पास अवैध मेफेड्रोन ड्रग पहुंचाएगा। सीबीएन चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों ने उस व्यक्ति को रोका और उससे पूछताछ करने के बाद उससे 0.188 किलोग्राम अवैध मेफेड्रोन ड्रग (एम.डी) बरामद कर उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

# रिटायर्ड टीचर के खाते से 28 लाख रुपये गायब

- ई-मित्र से कॉल आने के बाद रिटायर्ड टीचर ने बैंक जाकर अकाउंट खंगाला तो पता चला
- बैंक अकाउंट में सेवानिवृत्ति के बाद मिले रुपए और पेंशन के रुपए जमा थे

**पाली,** (निसं.)। पाली में एक रिटायर्ड टीचर के साथ 28 लाख रुपए की बड़ी ठगी होने का मामला सामने आया है। एक ई-मित्र से कॉल आने के बाद उन्होंने बैंक जाकर अपना अकाउंट खंगाला तो सारी हकीकत सामने आते ही उनके होश उड़ गए। घटना को लेकर उन्होंने पाली के टीपी नगर थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस जांच में जुटी है।

नगर थाने के भंवरलाल माली ने बताया कि पाली शहर के इंद्रा कॉलोनी रहने वाले रिटायर्ड टीचर गोविंद कुमार गहलोत ने 10 मई को रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिसमें बताया कि उसके बैंक अकाउंट में सेवानिवृत्ति के बाद मिले रुपए और पेंशन के रुपए जमा थे। उनके पास की-पेड वाला मोबाइल है। 6 मई की शाम को उनके पास कॉल आया और बोला कि वह मां ई-मित्र से बोल रहा है। आप अपने खाते में इतने रुपए क्यों रखते हो। बैंक जाकर खाता चेक करो। इस पर 7 मई को बैंक जाकर लेन-देन की जानकारी ली तो सामने आया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके बैंक अकाउंट से 17 मार्च 2025 से 24 अप्रेल 2025 के बीच विभिन्न तरीकों से 28 लाख रुपए निकाल कर धोखाधड़ी की। पुलिस ने पीड़ित रिटायर्ड टीचर की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# कारों में आगजनी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त की

**उदयपुर,** (कासं)। महिला अधिवक्ता के मकान के बाहर खड़ी दो कारों में आगजनी करने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार पीड़िता नीता जैन पत्नी सुनील जैन निवासी आदर्शनगर दक्षिणी सुन्दरवास प्रताप नगर ने प्रताप नगर पुलिस थाने में रिपोर्ट दी, जिसमें उसने बताया कि 7-8 मई की मध्य रात्रि में हिस्ट्रीशिटर संयज शर्मा उर्फ छोटू पुत्र श्यामलाल, मिथुन माली उर्फ रामचंद पुत्र पुष्करलाल व अन्य ने मेरे घर के बाहर खड़ी दो कारों पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी, जिससे कारें पूरी तरह जल कर नष्ट हो गई।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने मौके से मिले साक्ष्यों एवं पीड़िता से की गई पूछताछ के आधार पर आरोपी संजय शर्मा उर्फ छोटु पुत्र श्यमालाल शर्मा निवासी दक्षिणी सुन्दरवास व मिथुन माली उर्फ रामचन्द्र निवासी वर्धमान नगर उत्तरी सुन्दरवास को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर इनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त की। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर रिमाण्ड लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# दो बाइकों की टक्कर के बाद बुजुर्ग को कार ने कुचला, मौत

- सामाजिक कार्यक्रम जा रहे थे, बेटे समेत तीन अन्य घायल

**डूंगरपुर,** (निसं)। साबला थाना क्षेत्र के हिलावडी गांव के पास दो बाइकों में टक्कर हो गई। इस बीच सड़क पर गिरे बुजुर्ग को कार ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं उसके बेटे समेत तीन अन्य लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार-साबला निवासी मानजी बलाई अपने बेटे के साथ बाइक पर बोडीगामा में एक सामाजिक कार्यक्रम में जा रहे थे। साबला-बोड़ीगामा मार्ग पर हिलावडी गांव के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। घायल सड़क पर गिरे हुए थे, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने मानजी को कुचल दिया। कार चालक मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को साबला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक के परिजनों ने कार चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव को उठाने से मना कर दिया। पुलिस ने परिजनों को समझाया, जिसके बाद शव को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। पुलिस फरार कार चालक की तलाश में जुटी है और मामले की जांच कर रही है।

# 300 किलो नकली मावा जब्त, एक हिरासत में



खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नकली मावा बरामद किया।

**टोंक,** (निसं)। निवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नकली मावे की बड़ी खेप पकड़ी है। झिलाय रोड स्थित ढाणी जुगलपुरा के अशोक विहार में एक कार से 300 किलो नकली मावा बरामद कार चालक राकेश कुमार शर्मा को हिरासत में लिया गया है। आरोपी चौमूं से मावा तैयार कर निवाई में होने वाले एक शादी समारोह के लिए ला रहा था।

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्नारायण गुर्जर के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही कर रविवार को सुबह सात बजे निवाई में कॉलोनी की तरफ जा रही कार को रोककर तलाशी की तो जांच में कार से 20-20 किलो की 15 थैलियां बरामद हुईं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर ही फूड सेफ्टी वैन में नकली मावे का सैंपल लिया।

## विवाहिता की मौत

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में एक 22 साल की विवाहिता ने फंदा लगाकर जान दे दी। करीब एक साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। घटना को लेकर मृतका के पीहर पक्ष के लोगों ने हत्या की आशंका जताई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार पाली के सदर थाना एरिया के गिरादडा गांव निवासी 22 साल की लक्ष्मी पत्नी मांगू नाथ का शव रविवार सुबह घर में फंदे पर लटका मिला। उसे तुरंत बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतका का पीहर रोहट एरिया के डूंगरपुर गांव में है। करीब साल भर पहले उसकी शादी हुई थी और तीन माह की बेटी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

A NAAC

अधिसूचना - 5/2025

प्री टीचर एजुकेशन टेस्ट (पी.टी.ई.टी.) – 2025

4 वर्षीय बी.ए.बी.एड./बी.एससी.बी.एड. प्रवेश परीक्षा

राजस्थान के विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित 4 वर्षीय बी.ए.बी.एड./बी.एससी.बी.एड. पाठ्यक्रमों में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् एवं राज्य सरकार के नियमानुसार पात्र अभ्यर्थियों से वेबसाइट ptetvmoukota2025.com पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इस सम्बन्ध में अभ्यर्थी से अपेक्षा है कि आवेदन से पूर्व उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों का अध्ययन कर लेवें।

| क्र.सं. | विवरण | महत्त्वपूर्ण तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1.<br>2. | आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि<br>आवेदन की अंतिम तिथि | 09.05.2025<br>16.05.2025 |

प्रवेश परीक्षा शुल्क रु. 500/- समन्वयक, पी.टी.ई.टी. - 2025


# सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत



ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबकर बाइक चकनाचूर हो गई।

**टोंक,** (निसं)। नगरफोर्ट थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुरिया में शनिवार शाम को एक ट्रैक्टर ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया, जिससे बाइक पर सवार दो युवक ट्रॉली के नीचे दबकर घायल हो गये, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार खोल्याडा निवासी विनोद ट्रैक्टर मय ट्रॉली में मिट्टी भरकर ले जा रहा था। इस दौरान रायपुरिया गांव में सामने से आ रहे वाहन को साइड देने के चक्कर में पीछे से आ रही मोटरसाइकिल को नीचे दबा दिया। इस दौरान बाइक सवार दुर्गालाल (35) पुत्र घीसालाल भील निवासी देवली व यूपी के बागपत निवासी हाल रायपुरिया के नानग चंद पुत्र रामदेव भील गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों की सूचना पर 108 एंबुलेंस ने नगरफोर्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनकी हालत ज्यादा गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद टोंक रैफर कर दिया। वहीं अस्पताल पहुंचने पर पहले ही दोनों ने दम तोड़ दिया, जहां डॉक्टरो ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों के शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर जांच कर रही है।

## सड़क किनारे घायल मिले दो युवक, एक की मौत

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में सड़क किनारे दो युवक घायल हालत में मिले। उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया। मामला पाली के सदर थाना इलाके के गांव रूपावास का है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। घायल मिले दूसरे युवक को जोधपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार रूपावास गांव के पुलिया के पास सड़क किनारे दो घायलों के पड़े होने की सूचना पर मौके पर 108 एंबुलेंस पहुंची थी। दोनों को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां जांच के बाद पुलिस ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया और दूसरे गंभीर घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया। घायल की पहचान पाली के हिम्मत नगर निवासी बलदेव पुत्र रतन सिंह के रूप में हुई। मृतक की पहचान करने में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस का मानना है कि दोनों रोड एक्सीडेंट का शिकार हुए हैं। मामले की जांच जारी है।


सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

नया बसेरा, खुशियों का सवेरा

राजस्थान आवासन मंडल की

5 आवासीय योजनाओं का शुभारम्भ

आवेदन अवधि 12 मई से 11 जून 2025

आवेदन ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से

| योजना का नाम | जिला | आय वर्ग | आवास /फ्लेट्स की संख्या | सुपर बिल्ट अप/प्लॉट एरिया (वर्गमीटर) | अनुमानित लागत (लाखों में) |
|---|---|---|---|---|---|
| गंगा अपार्टमेन्ट फेज-2, सेक्टर-26, प्रताप नगर स्ववित्त पोषित (SFS) RAJ/P/2025/3494 | जयपुर | HIG (S+10) | 80 | 162.89 | 61.20 |
| गुलमोहर अपार्टमेन्ट, सेक्टर-05, मानसरोवर, स्ववित्त पोषित (SFS), RAJ/P/2025/3696 | | HIG (B+S+5) | 100 | 157.00 | 92.10 |
| | | | 60 | 154.00 | 90.40 |
| गजनपुरा आवासीय योजना (स्वतंत्र आवास) विशिष्ट पंजीकरण योजना (SRS) | बारां | Gharonda | 8 | 30.00 | 8.00 |
| | | MIG-A | 19 | 120.00 | 32.50 |
| | | MIG-B | 13 | 162.00 | 42.95 |
| | | HIG | 12 | 189.00 | 53.00 |
| लाखेरी आवासीय योजना (स्वतंत्र आवास) विशिष्ट पंजीकरण योजना (SRS) RAJ/P/2023/2406 | बूंदी | MIG-A | 59 | 120.00 | 27.10 |
| | | MIG-B | 28 | 162.00 | 34.90 |
| | | HIG | 35 | 189.00 | 42.80 |
| बाडी रोड आवासीय योजना (स्वतंत्र आवास) स्ववित्त पोषित (SFS) RAJ/P/2023/2354 & 2362 | धौलपुर | MIG-B | 2 | 128.00 | 51.00 |
| | | HIG | 11 | 200.00 | 73.00 |

Rera Website: www.rera.rajasthan.gov.in

विस्तृत विवरण के लिए आवासन मण्डल की वेबसाइट rhb.rajasthan.gov.in देखें।

हेल्पलाइन नं. कार्यालय समय में: 0141-2744688, 2740009, कार्यालय समय उपरान्तः 9461054291/92/319 एवं 9460254319, 6376868696 या समन्वयक अधिकारी श्री भारत भूषण जैन: 9828363615 से सम्पर्क करें।

वेबसाइट पर अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन पंजीकरण के लिए स्कैन करें

RH राजस्थान आवासन मण्डल
हमारा प्रयास, सबको आवास

आवासन आयुक्त

राजस्थान संवाद


# फॉयरिंग कर हत्या का प्रयास करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस जांच कर रही है कि आरोपियों के पास हथियार कैसे पहुंचे

- आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा और कारतूस बरामद किया गया
- मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है



पाटन पुलिस ने रायपुर में हुई फायरिंग की घटना के मुख्य आरोपी डी.पी. उर्फ धर्मपाल को कालाखेड़ा के पास पहाड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

**पाटन,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए रायपुर में हुई फायरिंग की घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी डी.पी. उर्फ धर्मपाल को कालाखेड़ा के पास पहाड़ी क्षेत्र से पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है।

पाटन थानाधिकारी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना 29 मार्च को हुई थी। रायपुर निवासी राकेश कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था, जिसमें बताया गया कि गांव रायपुर में स्थित एक किराना दुकान पर सुल्तान गुर्जर, डीपी गुर्जर और यादराम ने गाली-गलौच के बाद मारपीट की और जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पाटन पुलिस और नीमकाथाना सदर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने लादीकाबास और टोडा गांव में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान धर्मपाल को पहाड़ी इलाके से दबोच लिया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में पहले ही दो आरोपी-यादराम और पवन उर्फ सुल्तान (निवासी नानगवास)-को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। धर्मपाल की गिरफ्तारी से मामले की तह तक पहुंचने की संभावना बढ़ गई है। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि आरोपियों के पास हथियार कैसे पहुंचे और इस घटना के पीछे कोई और साजिश तो नहीं है।

# सरकार के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे जेडीए और हाऊसिंग बोर्ड में प्रतिनियुक्ति पर बैठे इंजीनियर्स!

-कार्यालय संवाददाता-

- जनवरी माह के तबादला आदेशों की पालना नहीं करने वाले अफसरों को जलदाय विभाग ने 29 अप्रैल को नोटिस जारी करके तत्काल रिलीव होने के आदेश दिए थे, परन्तु हैरानी की बात है कि, एक भी इंजीनियर ने अपनी कुर्सी नहीं छोड़ी
- जयपुर विकास प्राधिकरण में लगे एक्स.ई.एन दिनेश कूकना को ट्रिब्यूनल कोर्ट से स्टे नहीं मिला तो तबादला रुकवाने हाइकोर्ट पहुंच गए, परन्तु अदालत ने जब उन्हें ट्रांसफर आदेश की पालना नहीं करने पर फटकार लगाई तो याचिका वापस ले ली
- उधर राजस्थान हाउसिंग बोर्ड में अधिशाषी अभियंता रामनिवास सिंघल और लखन सिंह मीणा समेत कई इंजीनियर्स भी जलदाय विभाग के तबादला आदेशों की पालना नहीं की और अपनी कुर्सी पर जमे रहने के लिए ट्रिब्यूनल कोर्ट से स्टे तक लेना चाहा

**जयपुर।** जलदाय विभाग के इंजीनियर्स को जयपुर विकास प्राधिकरण और राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की कुर्सी इन दिनों कुछ ज्यादा ही रास आ रही है। प्रतिनियुक्ति पर लगे इन इंजीनियर्स का जलदाय विभाग ने जनवरी माह में अन्यत्र तबादला कर दिया था, परन्तु इन्होंने 4 माह बाद भी कुर्सी छोड़ने के बजाय अदालत तक का दरवाजा खटखटा दिया। ताज्जुब यह है कि जेडीए और हाऊसिंग बोर्ड ने भी इन इंजीनियर्स को रिलीव नहीं किया, जिसकी आड़ लेकर पिछले 4 माह से यह अफसर पुरानी कुर्सी पर जमे हुए हैं। जबकि जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी और अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए. सावंत भी इन्हें रिलीव होने तक के आदेश दे चुके हैं।

हैरानी की बात यह है कि गत 29 अप्रैल को जलदाय विभाग में इन इंजीनियर्स को चेतावनी नोटिस जारी किया, तत्काल रिलीव होने के आदेश दिए थे, परन्तु एक भी इंजीनियर ने अपनी कुर्सी नहीं छोड़ी। गौरतलब है कि जयपुर विकास प्राधिकरण में दिनेश कूकना, आवासन मंडल में रामनिवास सिंघल, लखन सिंह मीणा और गीतराम मीणा अभी भी डटे हुए है।

सिंघल इन दिनों अवकाश पर चल रहे है, इन्होंने तबादला आदेशों पर स्टे लेने के लिए अपने मूल जलदाय विभाग को ही राजस्थान सिविल सेवा प्राधिकरण (रेट) में चुनौती दे डाली। इन्होंने दलील दी थी कि, जलदाय विभाग ने उनकी सहमति लिए बिना अन्यत्र तबादला किया है जो कि गलत है, इस पर ट्रिब्यूनल ने कहा कि जलदाय विभाग अलग से आदेश निकालकर इनका तबादला कर सकता है। परंतु जलदाय विभाग ने भी उनका दोबारा ट्रांसफर ही नहीं किया।

उनके साथ कार्यरत अभियंता लाखन सिंह मीणा बिना किसी स्टे ऑर्डर ही अपनी मर्जी से पुरानी कुर्सी पर जमे हुए हैं। आवासन मंडल ने जब सिंघल और लखन सिंह को रिलीव करने के बजाय 3 अन्य जलदाय इंजीनियर्स की प्रतिनियुक्ति रद्द की तो उनमें से एक एक्स.ई.एन. गीताराम मीणा भी ट्रिब्यूनल से स्टे ले आए।

सबसे ज्यादा रोचक मामला, जयपुर विकास प्राधिकरण में देखने को मिला। यहां प्रतिनियुक्ति पर लगे अधिशासी अभियंता दिनेश कूकना का तबादला करके जलदाय विभाग ने जब अन्यत्र लगाया तो उन्होंने सरकार के आदेशों की पालना ही नहीं की। जेडीए में पी.एच.ई. की 2 पोस्ट है, जिनका चार्ज अकेले कूकना के पास ही था। इन्होंने भी ट्रिब्यूनल कोर्ट पहुंचकर स्टे लेने की कोशिश की। मामला उलझाने के लिए इन्होंने जलदाय विभाग द्वारा जेडीए में लगाए गए अधिशासी अभियंता नीरज पिपलोदा को भी पार्टी बना दिया। जब ट्रिब्यूनल कोर्ट से राहत नहीं मिली तो राजस्थान हाईकोर्ट की सिंगल बेंच में भी स्टे लेने के लिए पहुंच गए।

हाईकोर्ट में गत 9 मई को सुनवाई के दौरान अदालत ने दिनेश कूकना पर नाराजगी जताते हुए 4 माह बाद भी रिलीव नहीं होने का कारण पूछा। उनकी ओर से दी गई दलीलों पर कोर्ट ने नाराजगी जताई, जिसके बाद कूकना ने अपनी याचिका विड्रॉ कर ली।

गौरतलब है कि, जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता और अतिरिक्त सचिव संदीप शर्मा ने गत 29 मई को जनवरी माह के तबादला आदेशों की पालना नहीं करने वाले इंजीनियर्स को चेतावनी नोटिस जारी किया था। साथ ही उनसे 3 दिन में स्पष्टीकरण भी मांगा कि, आखिर उन्होंने जलदाय विभाग के 15 जनवरी 2025 के तबादला आदेशों की पालना क्यों नहीं की। आप तुरंत प्रभाव से जयपुर विकास प्राधिकरण से वर्तमान पदस्थापन स्थान के लिए कार्यमुक्त होवे।

## राजकीय चिकित्सालय में टूटी-नल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** रामगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजकीय चिकित्सालय में टूटी-नल चोरी करने



की वारदात करने वाले एक शातिर चोर फिरोज उर्फ मक्खी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चोरी की गई बारह नल-टूटी भी जब्त की गई है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि रामगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजकीय चिकित्सालय में टूटी-नल चोरी करने की वारदात करने वाले शातिर चोर फिरोज उर्फ मक्खी निवासी रामगंज को गिरफ्तार कर उसके पास से चुराई गई बारह नल-टूटी बरामद की है। आरोपित नशा करने का आदि है और नशा पूर्ति के लिए 27 अप्रैल को राजकीय चिकित्सालय रामगंज जयपुर से नल-टूटी चुराई थी। आरोपित के खिलाफ कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## सार-समाचार

### पक्षी चिकित्सालय बेबी केयर वार्ड और ट्रीटमेंट सेंटर का उद्घाटन




**जयपुर।** राजस्थान जन मंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय के बैनर तले हेम सोशल फाऊंडेशन के सहयोग से मालवीय नगर में बेबी केयर यूनिट और ऑपरेशन थिएटर का शुभारंभ से किया गया। पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक कमल लोचन ने बताया कि हेम सिक्योरिटीज लिमिटेड के संस्थापक हेम चंद जैन की पहल पर जीव दया कार्यक्रम के तहत छोटे बच्चों की स्पेशल केयर के लिए पक्षी चिकित्सालय में बेबी केयर यूनिट और ट्रीटमेंट सेंटर का निर्माण किया गया। उद्घाटन समारोह में हेम सोशल फाऊंडेशन की ओर से आनंद शर्मा व बृजेंद्र जैन तथा पक्षी चिकित्सालय की ओर से सुनील गुप्ता, रितु लोचन, सौम्यता, राकेश, भारत, ओम आदि वॉलिंटियरों ने भाग लिया। राजस्थान जन मंच ट्रस्ट के संस्थापक कमल लोचन में इस अवसर पर बताया कि माता-पिता से बिछड़ गए या रोगी बच्चों को अलग वार्ड में रखा जाता है ताकि उनकी स्पेशल केयर किया जा सके द्य बड़ी उम्र के पक्षियों के साथ बच्चों को नहीं रखा जा सकता द्य हेम सोशल फाऊंडेशन की ओर सीएसआर मैनेजर आनंद शर्मा तथा कार्यकारी सदस्य बृजेंद्र जैन ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हेम फाऊंडेशन द्वारा सेवा और परमार्थ कार्यों के लिए हेमचंद जैन द्वारा इस संस्था का गठन किया गया है। सुनील गुप्ता ने अतिथियों को दुपट्टा उड़ा कर अभिनंदन किया रितु लोचन ने धन्यवाद ज्ञापित किया वेटरनरी टीम सदस्य राकेश ने वर्ल्ड के बारे में जानकारी प्रदान की। अंत में समाजसेवी हेम चंद जैन को स्मृति स्वरूप मोमेंटो उनके प्रतिनिधियों को प्रदान किया गया।

### पेंशनर समाज की बैठक में डॉक्टरों ने घुटना प्रत्यारोपण की जानकारी दी




**जयपुर।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा मालवीय नगर की आर. सी. कटारा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अनाथालय संस्था के सदस्य गिरीश मेहता और अनीसा शर्मा ने संस्था द्वारा अनाथ बच्चों के भरण पोषण कार्यों की जानकारी देते हुए संस्था कार्यों विस्तार से बताया। अध्यक्ष कटारा ने अनाथ बच्चों के लिए ग्यारह सौ रुपये का अंशदान दिया। बैठक में गिन्नी देवी हॉस्पिटल के डॉ प्रतुल जैन एवं डॉ पंकज झा ने घुटने प्रत्यारोपण के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी, जिसमे वजन कम रखने, खान पान हेल्दी रखने, सीढ़ी कम चढने, आदि के बारे में बताया। घुटने टेड़े होने पर कमर के बल चलने वालों को घुटने का ऑपरेशन जरुरी है। अधिक कैल्शियम स्टोन बनाता है। पेंशनर समाज, मालवीय नगर के उप सचिव बाबू लाल गुप्ता ने गर्मियों के दौरान पक्षियों के लिए पानी और आहार व्यवस्था जानकारी देते हुए संस्था के वार्षिक कार्य क्रम जुलाई माह में होने की जानकारी दी और आगामी एक माह में आने वाले उत्सव, त्योहारों के बारे में बताया। मुख्य संरक्षक आर बी गुप्ता ने पक्षियों निमित 5100 रुपयों की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर इस माह में जिनका जन्मदिन है और जो मीटिंग में पहली बार आये है उनका माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में पेंशनरों ने कहानी, कविता, चुटकुले सुनाकर सभी का पूरा मनोरंजन किया। सचिव प्रीतम दास अरोड़ा ने आगामी मीटिंग 14 जून को 5 बजे से होने की जानकारी दी। अरोड़ा ने बताया बैठक में पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या पर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। चार सदस्यों के समृति शेष पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### महापौर कुसुम यादव ने घर-घर परिण्डा अभियान शुरू किया



**जयपुर।** हेल्प एण्ड सर्व ट्रस्ट द्वारा रविवार को जयपुर के आराध्य श्रीगोविंददेवजी के मंदिर प्रांगण से पक्षियों के लिए नि:शुल्क परिण्डे वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। ट्रस्ट संरक्षक अजय यादव पूर्व पार्षद व चेयरमैन व निदेशक नीरज चतुर्वेदी ने बताया कि गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए 500 परिण्डे वितरित किये गए। अभियान के दौरान हजारों की संख्या में परिण्डे वितरित किए जाएगे। शुभारम्भ कार्यक्रम में कुसुम यादव महापौर नगर निगम जयपुर हेरिटैज, बालमुकुन्द आचार्य विधायक हवामहल पार्षद संतोष कवर स्नेहलता शर्मा ट्रस्ट संरक्षक कौशल गुप्ता राजकुमार चतुर्वेदी नन्द लाल शर्मा किशन जागिड़ माया तंवर, लखन साहू हरजिन्दर सिंह (पप्पू सरदार) हेमा थापा विष्णु मीणा कोमल रेखा जसवंत सिंह बुद्धिप्रकाश नत्थू, लोकेश गिरिराज विशाल व ट्रस्ट अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### सेना के जवानों के लिए रक्तदान शिविर




**जयपुर।** मानव अधिकार सहायता संघ राजस्थान एवं राज शोल्डर रिहैबिलिटेशन क्लिनिक एवं फिजियो यूनिटी क्लब के द्वारा जयपुर में नि:शुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मानव अधिकार सहायता संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विश्वेश दवे ने बताया कि रक्तदान शिविर में 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। डॉ दवे ने बताया कि यह रक्त भारतीय सेना के जवानों के लिए भारत पाकिस्तान युद्ध में होने वाली क्षतिपूर्ति हेतु पहुंचाया जाएगा।शिविर में डॉक्टर रोहित गोयल सीनियर ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं डॉक्टर गौरव अग्रवाल सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट मौजूद रहे।

### पक्षियों के लिए परिंडा अभियान शुरू

**जयपुर।** ट्रस्ट संचालक बालमुकुन्द आचार्य ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा जगह जगह 5100 परिंडे लगाएं जाएंगे तथा वितरण किये जायेंगे। पौण्ड्रिक पार्क में विभिन्न पेड़ों पर परिंडे लगाए गए तथा उनमें चुग्गा पानी डाला गया। इस अभियान में नगर निगम चैयरमेन माणक शर्मा, रजत विश्नोई, विक्रम सिंह चौहान सहित ताल कटोरा एवं कदम्ब कुण्ड विकास समिति अध्यक्ष मनीष सोनी, धर्मेन्द्र सिंह, अनिल गुर्जर, सुभाष बिंदल, मनोज शर्मा, राजकुमार पाठक, भरत महावर, स्नेहलता शर्मा, चित्रा चौहान आदि पर्यावरणप्रेमी उपस्थित रहे।

## अवैध मादक पदार्थ गांजे की सप्लाई करने वाले तीन सप्लायरों को पकड़ा



हरमाडा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा की सप्लाई करने वाले तीन सप्लायरों को गिरफ्तार किया है।

- 1 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत हरमाडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा की सप्लाई करने वाले तीन सप्लायरों को धर-दबोचा है और उनके पास से 1 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत हरमाडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा की सप्लाई करने वाले सप्लायर लक्की सिंह,दिनेश सिंह और विकास बैरवा को गिरफ्तार किया है और तीनों ही आरोपी हरमाड़ा इलाके के रहने वाले है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित परिवहन में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

## सोते समय नाक की नथनी ले गए तीन बदमाश

**जयपुर।** चौमूं थाना इलाके में तीन बदमाश घर में घुसे और वहां पर सो रही दो महिलाओं के नाक की नथनी ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस के अनुसार कच्चा बंधा लोहारों का मोहल्ला निवासी अशोक लुहार ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी मां श्रवणी देवी और मौसी धौली देवी घर में सो रही थी। रात करीब तीन बजे तीन बदमाश घर में घुसे और उनके नाक से सोने की नथनी ले गए। जाग होने पर बदमाश भाग निकले। पीड़ितों ने बदमाशों को आस-पास खोजा लेकिन अंधेरा होने के कारण बदमाशों का पता नहीं चला। इस पर पीड़ित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दवा लेने आई युवती को नशीली टैबलेट खिलाकर मेडिकल शॉप में दुष्कर्म

**जयपुर।** मालपुरा थाना इलाके में एक मेडिकल शॉप में युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि दर्द की दवा लेने मेडिकल शॉप पर गई थी और धोखे से नशीली टैबलेट खिलाकर आरोपी शॉप कीपर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोपी शॉप कीपर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि मालपुरा गेट इलाके की रहने वाली युवती ने मामला दर्ज करवाया कि 16 अप्रेल को दर्द की दवाई लेने के लिए वह पास ही एक मेडिकल शॉप पर गई थी। शॉप कीपर से उसने दर्द की शिकायत बताते हुए पेनकिलर मांगी। आरोप है कि आरोपी शॉप कीपर ने उसे अंदर बुला लिया और शॉप के अंदर पीछे के केबिन में उसको बैठा दिया। कुछ देर बाद टैबलेट और पानी की बोतल लेकर अंदर आया। धोखे से नशीली टैबलेट उसे खिला दी। टैबलेट खाने के बाद बेहोशी छाने लगी। बेहोशी की हालत में आरोपी ने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। करीब दो घंटे बाद होश आने पर विरोध करने पर गली-गलौच कर भागा दिया। पीड़िता ने आरोपी शॉप कीपर के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने दुष्कर्म और एससी और एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाकर जांच शुरू कर दी है।

## जनाना अस्पताल में "अंतरर्राष्ट्रीय मातृ दिवस" का आयोजन

**जयपुर।** चांदपोल गेट स्थित जनाना अस्पताल के सेमीनार हॉल में रविवार को अंतरर्राष्ट्रीय मातृ दिवस मनाया गया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा विभाग जयपुर द्वारा माताओं को नि:शुल्क वात्सल्य कवच वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य उपस्थित रहे।

"मातृत्व की सुंदरता" थीम पर मनाए गए अंतरर्राष्ट्रीय मातृ दिवस पर जनाना अस्पताल में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक बालमुकुंद आचार्य द्वारा उपस्थित माताओं को वात्सल्य कवच का निशुल्क वितरण किया गया। इस मौके पर अस्पताल उप अधीक्षक, डॉ.शिव सिंह बराला, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत, कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल, आई. ए. विष्णु मेहता, ऐ ज़ेड इनोवेश के प्रतिनिधि अयाज शेख समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने "अंतरर्राष्ट्रीय मातृ दिवस" की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत मे माताओं को सदैव ही आदर-सम्मान दिया जाता रहा है। उन्होंने राज्य सरकार और चिकित्सा विभाग को वात्सल्य कवच कार्यक्रम की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि वात्सल्य कवच द्वारा नारी की गरिमा और सम्मान को सम्बल मिलेगा। वात्सल्य कवच इस तरह बनाया गया कवच है जिसको पहनकर माताएं सार्वजनिक स्थानों पर अपने शिशु को सहजता के साथ स्तनपान करा सकती हैं। माताओं को सशक्त बनाना और सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान को बढ़ावा देना और उन्हें शिक्षित करना ही इसका उद्देश्य है।



चांदपोल गेट स्थित जनाना अस्पताल के सेमीनार हॉल में रविवार को अंतरर्राष्ट्रीय मातृ दिवस मनाया गया।

## दुपहिया वाहन चुराने वाला वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** बस्सी थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी)ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चुराए गए दो दुपहिया वाहन भी जब्त किए गए है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि बस्सी थाना पुलिस और जिला पूर्व डीएसटीने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले अभिषेक मीणा निवासी दौसा हाल खोनागोरियां जयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से चुराए गए दो दुपहिया वाहन बरामद किए गए है। गिरफ्तार वाहन चोर अभिषेक मीणा किराये से इन्दिरा गांधी नगर जगतपुरा में रहता है और यहा रह कर में प्राइवेट काम भी करता है। जिससे कोई शक भी नहीं करता और जब गांव से किसी को चोरी की बाइक की जरूरत होती है वह अपने साथी दिन व रात के समय बाइक चोरी करके लाते है जिसको वह गांव जाकर 5 से 10 हजार रुपये बेच देते है। और वापस जयपुर में आकर वारदात करते है। अब तक करीब 6-7 बाइक चोरी की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## सिलाई मशीनों पर कपड़ों की सिलाई करते मिले तीन बालश्रमिक

**जयपुर।** रामगंज थाना पुलिस ने समन्वयक प्रयास जेएसी सोसायटी के सहयोग से एक कारखाने में दबिश की कार्रवाई करते हुए सिलाई मशीनों पर कपड़ों की सिलाई करते मिले तीन बालश्रमिक को मुक्त करवाया है और फिर टाबर बाल ग्रह जयपुर में सुरक्षित भिजवा दिया गया है। वहीं कारखाने संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर किया गया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि रामगंज थाना पुलिस ने समन्वयक प्रयास जेएसी सोसायटी के सहयोग से थाना इलाके में स्थित एचआर कॉलोनी रामगंज जयपुर में दबिश मारते हुए सलाई मशीनों पर कपड़ों की सिलाई करते मिले तीन बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया है और कारखाना संचालक असलम निवासी बरेली (उत्तर प्रदेश) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि कारखाने में सिलाई मशीनो पर कम रोशनी व तंग जगह जहाँ पर हवा रोशनी की व्यवस्था भी नहीं थी और नाबालिग बच्चों को सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक सिलाई का कार्य जबरन करवाया जाता है तथा बीच मे खाना खाने की छुट्टी भी नही देते है और माँ-बाप से बात भी नहीं करने देता है। वह उन्हे गाँव से यहाँ काम करने के लिए लेकर आया है।

## बरसों से बंद राहें अब हो रहीं आसान, राहत का दूसरा नाम बना रास्ता खोलो अभियान

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं कर रहे अभियान की मॉनिटरिंग

- 6 महीने से भी कम समय में जयपुर जिला प्रशासन ने खुलवाए 1 हजार 87 रास्ते
- सहमति एवं समझाइश से प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह खुलवाए जा रहे 3 रास्ते




**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में रास्ता खालो अभियान का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। रास्ता खोलो अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक आमजन को लाभांवित करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं अभियान की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। यही कारण है कि 6 महीने से भी कम समय में जयपुर जिला प्रशासन ने अभियान के तहत 1 हजार से अधिक रास्ते खुलवाने में कामयाबी हासिल की है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अभियान की नोडल अधिकारी देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला कलक्टर सोनी के निर्देशन में प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह 3 रास्ते खुलवाकर लाखों ग्रामीणों को राहत प्रदान की जा रही है। अभियान के तहत जिला प्रशासन ने समझाइश एवं सहमति से गांवों, खेतों और ढाणियों के बरसों से बंद पड़े एक हजार 87 रास्ते खुलवाए गए हैं।

नोडल अधिकारी देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि 15 नवंबर 2024 से 11 मई 2025 तक अभियान के तहत जिले में फागी तहसील में सर्वाधिक 88 रास्ते खुलवाए गए हैं। वहीं, अभियान के तहत जयपुर तहसील में 4 रास्ते, कालवाड़ तहसील में 8 रास्ते, आमेर तहसील में 60 रास्ते, जमवारामगढ़ तहसील में 49 रास्ते, आंधी तहसील में 55 रास्ते, बस्सी तहसील में 56 रास्ते, तूंगा तहसील में 43 रास्ते खुलवाए गए।

वहीं, शाहपुरा तहसील में 70 रास्ते, जोबनेर तहसील में 64 रास्ते, किशनगढ़-रेनवाल तहसील में 52 रास्ते, फुलेरा तहसील में 58 रास्ते, रामपुरा-डाबड़ी तहसील में 44 रास्ते, जालसू तहसील में 35 रास्ते, चौमूं तहसील में 76 रास्ते, सांगानेर तहसील में 26 रास्ते खुलवाए गए। उन्होंने ने बताया कि चाकसू तहसील में 64 रास्ते, कोटखावदा तहसील में 46 रास्ते, माधोराजपुरा तहसील में 60 रास्ते, दूदू तहसील में 57 रास्ते एवं मौजमाबाद तहसील में 72 रास्ते खुलवाए गए। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल, सी.सी. रोड़ बनवाये जाने की कार्यवाही भी जल्द से जल्द अमल में लाने के निर्देश दिये हैं, इन निर्देशों की अनुपालना में अधिकांश स्थानों पर ग्रेवल रोड बनाने की कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है। वहीं, जिन रास्तों के वाद न्यायालय में विचाराधीन है परिवादियों द्वारा संबंधित न्यायालय से ही अनुतोष प्राप्त किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया गया।



## World Topiary Day: Sculpting Nature with Art

Celebrated annually on May 12, World Topiary Day honours the ancient art of shaping plants into imaginative forms. From intricate animal figures to geometric masterpieces, topiary combines horticulture with artistry, transforming gardens into living sculptures. Originating in Roman times and flourishing in European estates, this green craft continues to captivate gardeners and art lovers alike. The day is marked by garden tours, workshops, and global appreciation of historic topiary landmarks. More than decoration, topiary is a testament to patience, creativity, and the enduring bond between nature and human expression. Celebrate by pruning a little magic today!

#BUGPROFF

# Buzz Off! How to Avoid Ticks & Mosquitoes During Summer

Simple Strategies to keep Ticks and Mosquitoes at bay during the Hot Summer Months!




As the summer sun brightens our days, it also invites some unwelcome guests, ticks and mosquitoes. These tiny bloodsuckers aren't just annoying, they're potential carriers of diseases like Lyme disease, dengue, chikungunya, and malaria. With outdoor activities in full swing, it's essential to protect yourself and your loved ones. Here's how you can avoid becoming a feast for these pests.

### 1. Dress Smart

Start by covering up. Wear long-sleeved shirts, full-length pants, and closed shoes, especially if you're heading into grassy or wooded areas. Light-coloured clothing helps spot ticks easily, while tightly woven fabrics can make it harder for mosquitoes to bite through.

### 2. Be Lawn Smart

Ticks love tall grass, shrubs, and shady, moist areas. Keep your lawn trimmed short, remove leaf litter, and create a tick-free barrier by placing a strip of wood chips or gravel between lawns and wooded areas. Avoid sitting directly on the grass during picnics, use a blanket or mat.

### 3. Use Insect Repellents Wisely

Apply a good quality insect repellent containing DEET, picaridin, or oil of lemon eucalyptus on exposed skin. For clothing, especially socks, pants, and sleeves, use permethrin-based sprays. These repellents work effectively to ward off both mosquitoes and ticks.

### 4. Choose the Right Time

Plan outdoor activities during times when these insects are less active. Mosquitoes usually bite at dawn and dusk, while ticks are more active during warm months but tend to wait in shaded, brushy areas. Stick to well-maintained trails when hiking.

### 5. Shield Your Home

Install screens on windows and doors to keep bugs out. Consider using ceiling fans, mosquitoes are weak fliers and tend to avoid breezy spaces. Burning citronella candles or using mosquito coils during outdoor gatherings can also offer temporary relief.

### 6. Drain the Swamp, Literally

Mosquitoes breed in standing water. Even a tiny puddle in a flowerpot tray or old tyre can become a breeding ground. Regularly empty birdbaths, buckets, plant saucers, pet water bowls, and clogged gutters. Clean and chlorinate swimming pools and keep them covered when not in use.

### 7. Tick Checks are a Must


After spending time outdoors, especially in tick-prone areas, check yourself, your kids, and pets for ticks. Pay close attention to hidden spots like the scalp, behind the ears, under arms, and around the waist. Remove ticks immediately with fine-tipped tweezers to reduce infection risk.

### 8. Keep Pets Protected

Ticks often hitch a ride indoors via pets. Use vet-recommended flea and tick prevention treatments on dogs and cats, and regularly groom them to spot any pests early.

### Final Word

A little awareness and a few preventive steps can go a long way in keeping summer fun and bug-free. Whether you're trekking, gardening, or just enjoying an evening stroll, being proactive is your best defense. After all, summer should be about sunshine and lemonade, not bites and itches!





A Statue of Churchill Chartwell Westerham Kent, England.

# Road to victory lies through the kitchen



Chartwell House entrance, Chartwell Westerham Kent, England.

But, of course, things were a little different if you were an aristocrat. This is how the kitchen conversation goes: 'If I were a Churchill and you are the King, then I send you a rabbit, and the King sends a deer from Balmoral with a tag on it.' These tags are all preserved in the Chartwell collection. As the food historian says, "meat was never a problem in Chartwell."

Anjan Roy
*A renowned veteran journalist, having worked with Business Standard and the Telegraph*

#FOOD

In these days, when we are passing through the days of some sort of war hysteria, it might be interesting to hear on some of the asides in the life of one of the leaders in the worst of times, Second World War and Sir Winston Churchill.

Knowing about Churchill's speeches and his valiant fight against Nazi Germany is highfalutin. It might be of some interest to know the back-end story about his home kitchen and how it worked. The delightful details about the running of a so-called VIP kitchen transpired in course of a conversation at the venerable spot.

The talk was hosted by Katherin Carter, curator of Chartwell, with Dr. Anne Grey, Britain's food historian in the kitchen of Chartwell. The kitchen was turned into a souvenir shop and then restored back to its original self to give a fuller view of life in Chartwell in Churchill's time.

After the VE Day speech at the Downing Street at the end of the Second World War, when his cook Georgina could not be present for the greater part of it, as she was oooking in the Downing Street kitchen, she could barely manage to emerge from her job towards the end.

> After trying many cooks and chefs, the Churchill's got a perfect match in Georgina as their cook. Georgina Mare was a cook who had worked for celebrities in the 1930s. She had worked for fourteen monarchs who had all come to London in the inter-war period after being deposed or thrown out following domestic disturbances in their kingdoms. However, in the middle of 1939, she found herself without prospect of a stable employment.

She was standing in the back of the crowd, Churchill noticed her, came to her from the milling people and told her that it was she who could keep him working and without whom, he could not have carried on his struggle.

That was perhaps the best recognition for a cook who most loyally served him and his family through the war years and Britain's war time rationing system. She had to cook sufficiently interesting food to attract the greatest celebrities of the time, including the King of England.

We come to know of her in course of a Chartwell Chat hosted by International Churchill Society and the UK National Trust. Chartwell in Kent was the seat of Churchill since the 1930s when he bought the estate in a dilapidated condition. Winston Churchill and his wife, Clementine, had got it repaired at substantial expense and detailed interest.



Lady Churchill's Sitting Room, Chartwell Westerham Kent, England.

After trying many cooks and chefs, the Churchill's got a perfect match in Georgina as their cook. Georgina Mare was a cook who had worked for celebrities in the 1930s. She had worked for fourteen monarchs who had all come to London in the inter-war period after being deposed or thrown out following domestic disturbances in their kingdoms.

However, in the middle of 1939, she found herself without prospect of a stable employment as the kind of clientele she had worked for were increasingly going off to big hotels, anticipating the war. As she was in the celebrity circle domestic hands, she had come to hear of the Churchills and felt that he would be around with employment and they could be looking for a reliable cook. She also thought that after all, the Churchills might not be able to give the kind of pay she was used to. But they might provide a stable job. So, she wrote to Clementine Churchill for a position at a reduced rate than her usual pay. Clementine had accepted that and thus began her long tenure in the Churchill household.

The most interesting part of the conversation is the creative cooking that Georgina brought to the plate when rationing was enforced in wartime Britain. It was within the rationed supplies that Georgina had to cook and present her fares for the members of the Chartwell household as well as the important guests who would always drop in. After well, great politics could be greased smoothly over good food at dinners. Churchill was really fond of his food and he had problems with his eating habits. Doctors had prescribed more vegetables, but he insisted on meat and his menu included 'lot of chicken soups,' which was very costly food in the 1930s. As food rationing was introduced with the outbreak of the war, the supplies were limited. But as the household had more servants than the Churchill family, there was fairly large supplies of rationed food and Georgiina would cook for the entire household as well as the guests. Her magic was that even in that limited play, she could turn out interesting dishes. The household and Georgina had to strictly go by the ration rules and supplies. It had to be fair in the context of the times and scarcity. But of course, things were a little different if you were an aristocrat. This is how the kitchen conversation goes: 'If I were a Churchill and you are the King, then I send you a rabbit, and the King sends a deer from Balmoral with a tag on it.' These tags are all preserved in the Chartwell collection. As the food historian says, "meat was never a problem in Chartwell."

> There was no shortage of booze. Churchill was, of course, eccentric, and in his personal life, despotic. A dining room was created in the basement of Downing Street. It had to be decently decorated and Clementine Churchill played her magic to make a perfect dining room. There was a kitchen in an annex building and food cooked there had to be brought to the basement dining room, 'cuddled in shawls' by the staff.

Then, there was the vegetable garden in Chartwell and there were plentiful supplies of fresh vegetables and honey from the in-house apiary. Even school children would send eggs to the Churchill household with their names on it. Churchill would, of course, send back some books.

Churchill could also get the occasional allowances, particularly the diplomatic allowances for entertainment. Additionally, the government would pay for the drinks, including wines and spirits. There was no shortage of booze. Churchill was, of course, eccentric, and in his personal life, despotic. A dining room was created in the basement of Downing Street. It had to be decently decorated and Clementine Churchill played her magic to make a perfect dining room. There was a kitchen in an annex building and food cooked there had to be brought to the basement dining room, 'cuddled in shawls' by the staff including Georgina and the dining had to be in Downing Street at the Prime minister's residence, the seat of power. Georgina would be cooking even when there was the incidental problem of a bomb falling from German bombers.

And then, suddenly, the King would be coming to dinner and Georgina had to cook goat food so that the King might think of coming again. All this, when the ingredients were not always available and dishes would have to be made up.

Household helps as part of the family have vanished in England. But they are still very much alive in this country. They are often mistreated and live a rather uncertain life. At the same time, there are those touching stories of bonding between the employer and the servant. There, the role of women is supreme. It is to those that this story is dedicated.

rajeshsharma1049@gmail.com



Chartwell's Dining-Room, Chartwell-Westerham Kent, England.



Chartwell's Kitchen, Chartwells Westerham Kent, England.

#TRAVELLING

# Phone Safe, Travel Smart



Simple Hacks to keep your Data secure while exploring the world!

Travelling abroad opens up exciting new adventures, but it also brings added risks, especially when it comes to protecting your personal information. Your smartphone is likely filled with sensitive data, photos, passwords, bank details, and more, so ensuring its security should be a top priority. From preventing theft to avoiding hacking, here's how you can keep your phone and data safe while exploring new destinations.



### The Basics of Securing Your Phone

Before setting off on your travels, the first step is to enable full device encryption. Most modern smartphones offer encryption as soon as you set up a passcode, fingerprint, or Face ID. This ensures that even if your phone is lost or stolen, your data is protected. For iPhones, you can check that encryption is enabled by navigating to Settings > Face ID & Passcode. On Android devices, go to Settings > Security to confirm the encryption status. It's also important to set up a strong passcode. Avoid using simple combinations like '1234' or your birth year.

### Back It Up Before You Leave

In the hustle of preparing for a trip, it's easy to overlook backing up your data, but it's a crucial step. Before heading out, back up your important files to a secure cloud service or external storage. That way, if your phone is lost or damaged, you won't lose valuable data like photos, contacts, and notes. Both Apple iCloud and Google Drive offer seamless cloud backup options for your photos and documents.

### Use Strong Passwords and Authentication

Using complex passwords and enabling two-factor authentication (2FA) for your key accounts adds an extra layer of security. When it comes to securing online accounts, strong passwords are a must. Avoid using the same password for multiple services, and use a password manager to securely store your credentials. Setting up 2FA for your email, social media accounts, and banking apps will prevent unauthorized access even if someone gets hold of your password. This requires a second layer of verification (like a code sent to your phone) to log in, which adds peace of mind when travelling.

### Stay Cautious with Public Wi-Fi

Public Wi-Fi networks, while convenient, can be a hacker's playground. They're typically unsecured, making it easier for cybercriminals to intercept your data. Avoid logging into sensitive accounts, such as online banking, shopping sites, or email, while connected to public Wi-Fi. If you must access sensitive information, always use a reputable Virtual Private Network (VPN).



### Avoid USB Charging Stations

You may be tempted to charge your phone at a public USB charging station, but this is one of the easiest ways for cybercriminals to infect your device with malware. Public USB ports can be used for 'juice jacking,' a tactic where hackers use the charging port to transfer malicious software onto your phone. Instead of using public USB stations, always carry your own charging cable and plug it into a wall outlet.

### Be Mindful of Lock Screen Notifications

Lock screen notifications may seem convenient, but they can also be an open window to your private data. Messages, emails, and calendar events can be easily viewed on a locked phone if notifications are enabled. To protect your privacy, turn off lock screen notifications in your phone's settings. For iPhone users, go to Settings > Notifications > Show Previews, and set it to 'When Unlocked.' Android users can do this by navigating to Settings > Lock Screen > Notifications and adjusting the display settings. This way, only essential notifications will show up on your lock screen, keeping your personal information secure.


### Keep Your Phone in a Secure Location

While you're busy exploring new cities, don't forget that your phone is a valuable target for thieves. Always keep your phone in a secure location, such as a locked hotel. Avoid leaving it unattended in public places, and be especially cautious when in crowded areas like airports or tourist spots. If you're in a situation where you need to carry your phone with you, use a cross-body bag or a money belt to keep it close and secure.

### Use Location Tracking Features

While it's not a direct security measure, using built-in location tracking features on your phone can help you recover your device if it's lost or stolen. Both Apple's Find My iPhone and Google's Find My Device feature allow you to track, lock, or erase your phone remotely, giving you an added layer of protection. Make sure these services are enabled before you leave. It's also worth considering, a phone-tracking app as a backup, in case your device is turned off or the location service is disabled.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने बजट घोषणाओं व फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक ली

## दिया कुमारी ने आमजन से जुड़े कार्य संवेदनशीलता से करने के निर्देश दिये

**अजमेर,** (कासं)। उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने रविवार को बजट घोषणाओं एवं फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। केन्द्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी, विधायक अनिता भदेल तथा विरेन्द्र सिंह कानावत ने क्षेत्र की आवश्यकताओं से अवगत कराया। जिला कलेक्टर लोक बन्धु तथा पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने विभिन्न बिन्दुओं में हुई प्रगति की जानकारी दी।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राज्य तथा केन्द्र सरकार आमजन के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए कार्य कर रही है। विभिन्न योजनाओं के कार्यों की गति बढ़ाएं। आमजन से जुड़े प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए। पानी, बिजली तथा स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताएं प्रत्येक नागरिक को उपलब्ध होना आवश्यक है। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त परिवेदनाओं का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाना चाहिए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें।



उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पुष्कर तीर्थ क्षेत्र के विकास के लिए बजट घोषणा की गई है। इस घोषणा की क्रियान्विति के लिए लगातार मॉनिटरिंग करें। मन्दिर और सरोवर के आस-पास कार्य करवाने पर फोकस रहना चाहिए। इस दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि तीर्थ क्षेत्र का मूल स्वरूप बरकरार रहे। तीर्थ स्थल के पौराणिक महत्व तथा भव्यता के अनुरूप ही कार्य करें। इसमें पुराने फोटो तथा चित्रों का भी सहयोग लिया जाए। पुष्कर सरोवर में गन्दा पानी जाने से रोकने के लिए प्रत्येक स्तर से प्रयास करें। पुष्कर सरोवर की फीडर्स का कार्य भी शीघ्रता से कराएं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बजट घोषणा में सेक्टर रोड़ का प्रावधान किया गया था। इसके लिए आवश्यक निविदा दो सप्ताह में जारी करने का लक्ष्य रखकर कार्य करें। कन्वेन्शन हॉल के लिए भूमि का चिह्निकरण एक सप्ताह में करवाएं। चयनित भूमि अधिकतम उपयोगिता के मापदण्ड पर खरी उतरनी चाहिए। यह कार्य अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। अजमेर के विभिन्न जलस्त्रोतों के जीर्णोद्धार का कार्य निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुरूप ही करवाएं।

उन्होंने कहा कि वेदान्ता समूह द्वारा राज्य की आंगनबाड़ियों में कार्य किया जाना है। जिले में समूह के माध्यम से किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त करें। बहुउद्देशीय स्टेडियम के निर्माण स्थल का स्वामित्व एक सप्ताह में अजमेर विकास प्राधिकरण को स्थानांतरित करने के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की भी की गई। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विधायक अनिता भदेल के आग्रह पर कचहरी रोड़ पर सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों तथा स्थानीय दुकानदारों के साथ सड़क पर जल भराव रोकने के बारे में चर्चा की। केन्द्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि गर्मी में पेयजल की ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई सुचारू रहनी चाहिए। क्षेत्र से अवैध कनेक्शन लगातार हटाएं। इससे अन्तिम सिरे तक पानी पहुंचना सुनिश्चित होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर कचरा संग्रहण का कार्य नियमित किया जाना चाहिए। गारण्टी अवधि के दौरान सड़क की मरम्मत करना संवेदक की जिम्मेदारी होती है। जिले की गारण्टी अवधि की सड़कों की मरम्मत नियमित रूप से करने के लिए सम्बन्धित को पाबन्द करें।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना, नगर निगम के आयुक्त देशल दान, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ज्योति ककवानी एवं वन्दना खोरवाल, अजमेर विकास प्राधिकरण के सचिव अनिल पूनिया, उपखण्ड अधिकारी पदमा देवी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सूने मकान में चोरी करते चोर को ग्रामीणों ने दबोचा

## छुड़ाकर भागने के प्रयास के दौरान चोर के हमले से एक युवक घायल हुआ, अस्पताल में भर्ती कराया

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के टोरडी गांव में रविवार को एक शातिर चोर ने दिन-दहाड़े सूने मकान के ताले तोड़ चोरी की वारदात को अंजाम देने के दौरान ग्रामीणों ने चोर को दबोच लिया। छुड़ाकर भागने के प्रयास के दौरान चोर के हमले से एक युवक के सिर में गंभीर चोट लगने व घायल हो जाने पर मालपुरा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार को टोरडी गांव के वार्ड नम्बर 6 पथवारी मौहल्ला शनि देव मंदिर के पास मदन कहार अपने परिवारजनों के साथ बाहर गया हुआ था। शातिर चोर ने मकान की रैकी कर ताले तोड़ अलमारी व बक्सों से चोरी की वारदात को अंजाम देने के दौरान ही मदन कहार के परिवार का एक सदस्य शिवराज कहार पुत्र मदन कहार मौके पर पहुंचा तो मकान का ताला टूटा देखा। जब वो मकान के अंदर घुसा तो चोर को रंगे हाथ पकड़ लिया। शिवराज के चंगुल से छुड़ाकर भागने का चोर ने पूरा प्रयास किया, लेकिन चोर ने शिवराज के सिर पर गंभीर वार कर दिया। जिससे वो गंभीर रूप से घायल होकर शिवराज के चिल्लाने की आवाज सुन दौड़े मौहल्लेवासियों ने भी तत्परता दिखाते हुये चोर को दबोच थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने शिवराज को गंभीर घायल अवस्था मे मालपुरा जिला अस्पताल मे भर्ति करवाया। जहां उसके सिर में दस से अधिक टांके लगाये गये। शातिर चोर को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पुलिस सुत्रों की माने तो पकड़ा गया शातिर चोर इससे पूर्व भी कई चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज है। फिलहाल थाना पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है।

# कार की टक्कर से मासूम बच्चे की मौत

- घटना के बाद वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया

**सादुलपुर,** (निसं)। गांव गुलपुरा सड़क पर स्थित जीएसएस के पास एक मार्शल जीप की टक्कर से एक 7-8 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। रविवार को अवकाश का दिन था, जिसके-7-8 वर्षीय बच्चा लक्ष्य अन्य बच्चों के साथ सड़क किनारे खेल कर वापस घर लौट रहा था।

घटना के बाद वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया। थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि मनीष पुत्र जयकरण जाट निवासी वार्ड 35 ढ़ढाल रोड़ सादुलपुर ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि रविवार होने के कारण उसके भाई प्रमोद के पुत्र लक्ष्य के साथ घूमने गया हुआ था। गुलपुरा रोड पर पावर हाउस के पास और भी बच्चे थे। जिनके साथ लक्ष्य खेलने लगा। दर्ज मामले में बताया कि खेलकर वापस आते समय पीछे से वक्त करीब 7.30 बजे एक गाड़ी मार्शल हरियाणा नम्बर के चालक ने गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलाता हुआ लाया तथा सड़क किनारे सही दिशा में पैदल चल रहे लक्ष्य के टक्कर मारी दी, जिसके कारण उसको गंभीर चोटें लगी तथा उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध मादक पदार्थ एमडी सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**जालोर,** ( कासं)। जालोर जिले के बिशनगढ़ पुलिस ने रविवार को अवैध मादक पदार्थ एमडी 12.35 ग्राम जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। वहीं अवैध मादक पदार्थ एमडी के परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त किया।

जालोर के निकटतम सुपरविजन में निम्बसिंह उनि. थानाधिकारी पुलिस थाना बिशनगढ़ के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम, बरामदगी के अभियान के तहत थाना हल्का क्षेत्र में थाने से रवाना होकर नरसाणा से भंवरानी जाने वाली मुख्य सड़क पर सरहद ओडवाडा पहुंचकी नाकाबन्दी शुरू की। नाकाबन्दी में सड़क पर आने-जाने वाले वाहनों को चैक किया जा रहा था।

इसी दौरान भवरानी की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर चालक के अलावा एक व्यक्ति और पीछे बैठा था जो पुलिस जाब्ते को देखकर बाइक को वापस घुमाकर भागने लगे। दोनों व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों के प्रतीत होने से पुलिस जाब्ता द्वारा मोटरसाइकिल को घेरा देकर रूकवाकर नाम व पता पूछा तो अपना नाम केवलराम उर्फ कैलाश पुत्र नेमाराम माली व श्यामदास पुत्र द्वारकादास संत निवासी सतलाना पुलिस थाना लुणी, जिला जोधपुर होना बताया।

जिनको दस्तयाब कर तलाशी ली गई तो अभियुक्त केवलाराम उर्फ कैलाश व श्यामदास के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ एमडी 12.35 ग्राम बरामद कर एमडी परिवहन में प्रयुक्त वाहन एक मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। अभियुक्तों से अवैध मादक पदार्थ एमडी की खरीद-फरोख्त के संबध में पूछताछ जारी है।

# लूट के मामले में चार गिरफ्तार

**जालोर,** (कासं)। जालोर कोतवाली पुलिस ने रविवार को लूट के प्रकरण का पर्दाफाश कर चरवाहे के साथ मारपीट कर बकरियां लूट के प्रकरण में चार आरोपियो को गिरफ्तार किया।

जालोर कोतवाली थानाधिकारी अरविन्द कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम को थाना हल्का क्षेत्र के गांव नाराब नाड़ी (गोल निम्बड़ी), धवला रोड के पास बकरियां चरा रहे ग्वालों के साथ मारपीट कर बकरियों को लूट कर पिकअप गाड़ी में डालकर ले जाने वालों की सीसीटीवी फुटेज से पहचान की। घटना में शामिल आरोपी राजुराम, जितेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार व मदनलाल को गिरफ्तार किया जाकर बापर्दा रखा गया है। इन चारों अभियुक्तों से बरामदगी से संबंधित अनुसंधान जारी है।

# पट्टेशुदा प्लॉट पर कब्जा कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

- सादुलपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की

**सादुलपुर,** (निसं)। पट्टेशुदा प्लाट में घुसकर प्लॉट पर कब्जा करने के आरोप में पुलिस ने नामजद मामला दर्ज किया है।

थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि रमेश कुमार अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 10 राजगढ़ जिला चूरु हाल सूरत गुजरात ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसके पिता नानुराम सराफ निवासी राजगढ़ ने अपने जीवनकाल में 8 जनवरी 2001 को जगतसिंह अमर सिंह सिंधी राजगढ़ निवासी तथा राधेश्याम स्वामी निवासी राजगढ़ तहसील से प्लाट खरीद किया। उसके पिता ने नगर पालिका राजगढ़ जिला चूरु से पट्टा क्रमांक 303 दिनांक 2 जुलाई 2003 को 444.44 दर गज का अपने नाम से पट्टा बनवा लिया। दर्ज मामले में बताया कि आठ अगस्त 2013 को उसके पिता नानुराम का स्वर्गवास हो चुका है। पट्टाशुदा भूखंड के चारदीवारी बना रखी है तथा एक मकान भी बना रखा है। हम भाई-बहन बिजनेस के सिलसिले में राजगढ़ से बाहर रहते हैं। भूखंड की सार संभाल करने के लिए जान पहचान के सुरेश कुमार निवासी राजगढ़ को छोड़ रखा है।

दर्ज मामले में बताया कि गत सात मई को परिवार के ही राजकुमार सराफ का फोन आया कि आपका भूखंड के गेट का ताला तोड़कर कई अज्ञात व्यक्ति बैठे हैं और गाड़ियां खड़ी कर रखी है। सूचना पर अपने भूखंड को संभाला और देखा कि कुछ व्यक्ति उसके प्लाट में बने कमरों का ताला तोड़कर उसके अंदर घुसे हुए थे। जिनको उसने कहा कि तुम लोग कौन हो मेरे मकान का ताला तोड़कर कब्जा कैसे कर लिया तो कहा कि हमने तो कर लिया तुझे करना है वो कर। दर्ज मामले में बताया कि राजेश निवासी चुबकिया ताल सुभाष सिंह चैनपुरा छोटा मनोज कुमार चैनपुरा बड़ा, मनदीप निवासी रतनपुरा तथा रोहतास निवासी चैनपुरा बड़ा तथा उनके साथ 8-10 अन्य लड़के और भी थे, जिनके नाम पता वह नहीं जानता है। सभी ने चारदीवारी शुदा प्लाट में बने कमरे का ताला तोड़कर कमरे से प्लास्टिक की कुर्सियां उसमें रखे बर्तन आदि चोरी कर ले गये तथा उसके सामने ही गाड़ियों से उसके प्लाट का मेन गेट और दीवार तोड़ दी। उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चुड़ीना गांव में नशे में बदमाशों ने उत्पात मचाया

## बदमाशों ने शादी में आई महिलाओं से छेड़छाड़ कर परिवार को जान से मारने की धमकी दी

**खेतड़ी,** (निसं)। पचेरीकलां थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव चुड़ीना में शराब के नशे में आए बदमाशों ने उत्पात मचा दिया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के साथ छेड़छाड़ कर घर के बाहर खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए तथा परिवार को जान से मारने की धमकी दी है।

थानाधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि चुड़ीना निवासी नरेश कुमार ने रिपोर्ट दी कि रात को उसकी बेटी की शादी कार्यक्रम चल रहा था। रात करीब 11 बजे के गांव के शीशराम पुत्र हरनारायण, कैलाश पुत्र शीशराम, दिनेश पुत्र राजपाल बावरिया व एक दो अन्य व्यक्ति शराब के नशे में आए, जहां बरात में आई हुई लड़कियों के साथ अभद्रता करने लगे और बरातियों के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान उसके भतीजा अंकित बरातियों को खाना खिला रहा था। उसने उक्त लोगों को मना किया। कैलाश पुत्र शीशराम ने उसके भतीजे की आंख के ऊपर पत्थर से मारा तथा नीचे गिराकर मारपीट करने लग गए। जब भाई संतोष व पत्नी संगीता दौड़ कर आई भतीजे को छुटाने लगे तो संगीता व संतोष के साथ मारपीट करने लगे और कैलाश ने उसकी पत्नी का हाथ पकड़कर नीचे गिरा। उक्त लोगों ने बरातियों को खाना भी नहीं खाना दिया। जब आवाज सुनकर अन्य लोग आए तो वह भाग गए और जाते समय बरातियों की गाड़ियों के शीशे फोड़ दिए। इस दौरान कैलाश व शीशराम ने परिवार को जान से खत्म करने की धमकी दी। थानाधिकारी ने बताया कि परिवादी की ओर से दी गई रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# '1100 पशु चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती होगी'

## नई भर्ती के लिए आरपीएससी को अभ्यर्थना भेजी

**पाली,** (नि.सं.)। राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) जल्द ही पशु चिकित्सा अधिकारी के 1100 पदों के लिए भर्ती संबंधी विज्ञिप्त जारी करेगा। पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार न केवल पशुपालन क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि पशुपालकों के समग्र कल्याण और उनकी आजीविका में सुधार के लिए भी संकल्पबद्ध है। इसी के तहत आवश्यक वित्तीय स्वीकृति के पश्चात् प्रशासनिक विभाग से अनुमोदन होने पर 1100 नए पदों की भर्ती के लिए अभ्यर्थना राजस्थान लोक सेवा आयोग को प्रेषित की गई है। इसी निरंतरता में राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा भर्ती की विज्ञिप्त शीघ्र ही जारी की जाएगी। मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि पशुपालन विभाग के 726 चिकित्सा अधिकारियों ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने कहा कि विगत पांच वर्षों से पशु चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः स्थगित थी। मंत्री जोराराम कुमावत ने एक्स पर ट्वीट करके इस आशय की जानकारी दी।

# मादक पदार्थ की मनुहार मामले में नौ लोगों पर मामला दर्ज

- सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की पहचान कर कार्रवाई की

**जालोर,** (कासं)। जालोर कोतवाली पुलिस ने रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल (मादक पदार्थ की मनुहार करते) वीडियो की पहचान कर "ऑपरेशन नशाविहान" के तहत कार्रवाई की। कोतवाली पुलिस ने भोपाजी सहित नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। जालोर शहर के निकट सरूपरा गांव में मामाजी थान पर त्रयोदशी सभा में अवैध मादक पदार्थ मनुहार करते हुए एवं सेवन करते हुए पाये जाने पर भोपाजी सहित अन्य के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज हुआ है।

वायरल वीडियो की पहचान एवं कार्रवाई के लिए थानाधिकारी अरविन्द के निर्देशन में धर्माराम उप निरीक्षक मय जाब्ता की विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा द्वारा सोशल मीडिया पर अवैध मादक पदार्थ सेवन के वायरल वीडियो के सम्बंध में वीडियो के बैकग्राउंड व निर्मित बिल्डिंग से स्थान की पहचान की तो उक्त स्थान सरूपरा सरहद में आये हुए मामाजी थान का होना पाया जाने पर उक्त मामाजी थान पहुंचकर वीडियों में दिखाई दे रहा स्थान मामाजी थान के अंदर का होना पाया जाने से स्थान की तस्दीक कराई। मुखबीरों से वीडियों में दिखाई दे रहे लोगों के बारे में जानकारी हासिल की गई तो अफीम को पानी में गलाने वाला व्यक्ति जुंजाराम पुत्र जेपाराम देवासी निवासी सरूपरा होना पाया गया। वीडियों में पानी का लौटा लेकर घूम रहा व्यक्ति घेवाराम पुत्र हेमाराम देवासी निवासी सरूपरा व अन्य लोग गणेशाराम पुत्र नेथीराम, रूपाराम पुत्र हकमाराम, हेमाराम पुत्र वरदाजी, लाखाराम पुत्र मनाराम, रतनाराम पुत्र बाबराराम, प्रागाराम पुत्र नेथीजी व भैराराम पुत्र भूराराम देवासी निवासी सरूपरा होना पाये जाने से प्रकरण एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

# युवक पर चाकू से जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। धंबोला पुलिस ने जानलेवा हमला करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने एक युवक पर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। आरोपी ने भी वारदात कबूल कर ली है।

धंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि 21 अप्रैल को दिलीप पुत्र हाजा मोरी निवासी पादरा की ओर से मामला दर्ज कराया गया था।

- बिना बातचीत के पेट पर वार कर फरार हो गया था
- आरोपी ने चाकू से हमले की वारदात कबूल कर ली
- फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है



पुलिस ने युवक पर हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार किया।

रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा मनीष मोरी 19 अप्रैल को थाम का तालाब की तरफ गया था। उसी समय एक बदमाश क्रूजर जीप लेकर आया। आरोपी ने बिना किसी बातचीत किए ही उसके बेटे के साथ गाली-गलौज की। मारपीट करते हुए आरोपी ने उसके पेट पर चाकू से जानलेवा वार किया, जिससे मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में आरोपी हितेश (22) पुत्र प्रकाश ननोमा मीणा निवासी पादरा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने भी चाकू से हमले की वारदात कबूल कर ली है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# टैंकरों से केमिकल चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन जने गिरफ्तार

**अजमेर,** (कासं)। कैमिकल टेंकरों से कैमिकल चोरी की वारदात का एसपी वंदिता राणा ने पर्दाफाश किया है। मामले का खुलासा करते हुए कहा कि नसीराबाद सदर थाना पुलिस ने हाइवे पर केमिकल चोरी कर बेचने के संगठित गिरोह के तीन आरोपियों को पुलिस टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए कोटा बाइपास चौराहे के पास स्थित एक पार्किंग क्षेत्र में गिरफ्तार किया है।

- पुलिस ने मौके से टैंकर, 3 केमिकल से भरे ड्रम, पाइप और एक पानी की मोटर जब्त की



नसीराबाद सदर थाना पुलिस ने केमिकल चोरी करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपी टैंकर से केमिकल चोरी कर बेचने का काम कर रहे थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थाना प्रभारी अशोक बिशु ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि गुर्जर पार्किंग के पीछे एक टैंकर चालक चोरी-छिपे केमिकल निकाल रहा है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर तीनों व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। टैंकर के ऊपर एक व्यक्ति पाइप डालकर केमिकल निकाल रहा था, दूसरा व्यक्ति नीचे प्लास्टिक के ड्रम में पाइप संभाल रहा था और तीसरा व्यक्ति ड्रम को थामे हुए खड़ा था। पुलिस ने मौके से टैंकर, 3 केमिकल से भरे ड्रम, पाइप और एक पानी की मोटर जब्त की है। पूछताछ में आरोपी घबरा गए और कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

उन्होंने बताया कि टैंकर में सोडियम सिलिकेट केमिकल भरा हुआ था और उसे चोरी कर वे बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने मौके से सीकर निवासी चालक हिम्मत सिंह, बांदरसिंदरी निवासी खरीददार युनूस मोहम्मद और भिनाय निवासी सहयोगी गजेंद्र को गिरफ्तार किया। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। थाना प्रभारी के अनुसार यह गिरोह विभिन्न टैंकर चालकों और स्थानीय कारोबारियों की मिलीभगत से केमिकल चोरी कर लाखों रुपए का गबन कर चुका है। आने वाले दिनों में और भी खुलासे होने की संभावना है।

# शिव मंदिर से पांच लाख का शिखर चोरी

- सीसीटीवी में नजर आए दो युवक, लोगों ने आक्रोश जताया

**डूंगरपुर,** (निसं)। चितरी थाना क्षेत्र के जोगपुर गांव में सागवाड़ा-गलियाकोट मुख्य मार्ग पर स्थित लोहारिया भैरवजी मंदिर से सटे शिव मंदिर पर शुक्रवार रात चोरी की वारदात हुई। अज्ञात चोरों शिव मंदिर के ऊपर लगा शिखर चुरा ले गए। शिखर की अनुमानित कीमत 5 लाख रुपए बताई गई है।

चोरी की वारदात के बाद लोगों में आक्रोश है। घटना के बाद सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें दो युवक रात के समय दिखाई दे रहे हैं। जोगापुर गांव में शुक्रवार राय के समय वारदात हुई है। लोहारिया भैरव जी मंदिर के पास ही शिव मंदिर है, जिस पर करीब 5 लाख का कलश लगा हुआ था। वर्सेंग खराड़ी, मनीष,वेलजी, अशोक पाटीदार, विपिन, कमजी, कमलेश पाटीदार, रमेश पाटीदार, गौतम समेत लोगों ने बताया कि चोर मंदिर के ऊपर चढ़े और शिखर निकलकर ले गए। घटना का शनिवार सुबह के समय पता लगा। लोग इकठ्ठे गए और मंदिर पर चोरी पर आक्रोश जताया। लोगों ने चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग रखी। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में चोर लगातार मंदिरों को निशाना बना रहे हैं, लेकिन पुलिस चोरों को पकड़ नहीं पाई है।

## संक्षिप्त

### श्याम जागरण का होगा आयोजन

**नारायणपुर।** श्री श्याम बाल कृष्ण मंडल के तत्वाधान में ग्राम पंचायत कोलाहेडा के गाँव जोधपुरा में स्थित सरकारी स्कूल के पास 14 मई को 19वां श्याम संकीर्तन बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। संरक्षक गिर्राज शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर बाबा जोनी महाकाल आर्ट क्लब द्वारा नारायणपुर कस्बे के राधा-कृष्ण मंदिर से दोपहर 2 बजे से एक भव्य व आकर्षक झांकी यात्रा निकाली जाएगी जो जोधपुरा पहुँचेगी। झांकी में विभिन्न धार्मिक प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके उपरांत रात्रि 8.15 बजे से श्याम जागरण शुरू होगा, जिसमें देशभर से आने वाले प्रसिद्ध गायक कलाकार बीरबल साईवाड (जयपुर), प्रकाश गुर्जर (त्रिवेणी धाम), संगीता चौधरी (गाजियाबाद), देवेन्द्र चौधरी (गाजियाबाद), रामप्रकाश भडाना (जयपुर) और नृत्य कलाकार निशा यादव (जयपुर), सिमरन (जयपुर), कैलाश छैला द्वारा रात्रि भर भक्ति भाव से ओत-प्रोत संकीर्तन और नृत्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### मदर्स डे मनाया

**भरतपुर (निस)।** बाबा सुग्रीव विद्यापीठ में मदर्स डे मनाया गया विद्यालय की प्रिंसिपल डॉक्टर रंजना तिवारी ने मदर्स डे की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से कहा की मां का तो हर दिन होता है,परंतु मदर्सडे एक विशेष दिन बन गया है जब हम अपनी मदर को हैप्पी मदर्सडे कहकर औपचारिकता निभा रहे हैं, जबकि मां का तो संपूर्ण जीवन अपनी संतान को और अपने परिवार को समर्पित रहता है उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज मदर्स डे पर अपनी माताजी की एक अच्छी आदत को ग्रहण करने का संकल्प लें,विद्यार्थियों ने भी अपनी मां के बारे में बहुत ही भावुक तरीके से उनकी जिम्मेदारियां एवं कठिन परिश्रम के बारे में बताया विद्यार्थियों का कहना था कि उनकी मां उनके लिए सब कुछ करती हैं तो पापा तो डांट देते हैं लेकिन मां प्यार से उन्हें गलती करने से रोकती है और वे चाहते हैं सारे संसार की खुशियों को अपनी मां को दें

### भगवान नृसिंह के गूंजे जयकारे

**निवाई।** शहर के कायस्थ मोहल्ला स्थित श्री हरि कृष्ण चंद्रराय नया मंदिर में भी भगवान श्री नृसिंह व भगवान वराह प्राकट्योत्सव का प्रभात फेरी के साथ शुभारंभ हो गया है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर शनिवार को सुंदरकांड पाठ हुए। मंदिर महंत विष्णु शर्मा ने बताया कि रविवार की सुबह 5 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद प्रभात वेला में भगवान श्री नृसिंहजी की का श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई।दोपहर 12 बजे आरती की गई। शाम को 7:15 बजे भगवान नृसिंह जी का तेज गर्जना के साथ प्राकट्य हुआ। इस दौरान इस दृश्य को देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ जमा हो गई। भगवान नृसिंह के साथ-साथ करीब दर्जन भर सजीव झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने बताया कि सोमवार को 12 मई को सुबह 8 बजे भगवान श्री वराह प्राकट्योत्सव मनाया जाएगा।

### मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा आज

**फुलेरा।** कस्बे के निकटवर्ती बड़ की ढाणी स्थित श्रीरामनाथ मन्दिर परिसर में रविवार को प्रातः 9:15 बजे पंचपरमेश्वर की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महिलाओं ने गाजे-बाजे के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली। मन्दिर के महाराज जयप्रकाश सैन ने बताया कि उक्त कलश यात्रा कस्बे की अनुविहार कॉलोनी स्थित सैन महाराज के मन्दिर से रवाना होकर जोबनेर रोड, बस स्टैण्ड, गांधी चौक, गणगौरी बाजार, इन्दिरा बाजार, ज्योतिबा फूले सर्किल, बालाजी बायपास होते हुए रामनाथ मन्दिर पर पहुँची। तत्पश्चात पाठ किया गया। इसी क्रम में सोमवार को विद्वान पण्डितों के सानिध्य में यजमानों द्वारा हवन कर पूर्णाहुति दी जाएगी। इसके बाद प्रातः 9:15 बजे पंचपरमेश्वर की मूर्ति स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा की जाकर सभी भक्तों को प्रसादी का वितरण किया जाएगा।


नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# भगवान श्री नृसिंह देव जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली

**कोटपूतली।** कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित गोकुल सरोवर कॉलोनी में श्रीराम सेना के तत्वाधान में भगवान श्री नृसिंह देव जयंती के अवसर पर रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

शोभा यात्रा तेजसदास महाराज के सानिध्य एवं दिनेश मित्तल के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से सम्पन्न हुई। जिसमें सैकड़ों महिला व पुरुषों ने हिस्सा लिया एवं भगवान श्री नृसिंह देव की भक्ति और आनंद का अनुभव किया। शोभा यात्रा के उपरांत श्रीराम सेना की प्रथम सभा का आयोजन फूटा जोड़ा के बलराम दास महाराज के सानिध्य में हुआ। जिसमें जन सेवार्थ श्रीराम सेना संगठन की शुरुआत की गई। सभा में सर्वसम्मति से श्रीराम सेना की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें दिनेश मित्तल को संरक्षक, मनोज चौधरी को अध्यक्ष, जे.पी. कोटिया को महामंत्री, मातादीन पनिहार को सलाहकार नियुक्त किया गया। जबकि उपाध्यक्ष पद पर रोहिताश सैनी व कमल पंडित, राजेश कुमार को कोषाध्यक्ष, धर्मवीर कुमावत को प्रवक्ता, प्रमोद कुमार को प्रचार मंत्री, राजवीर गुर्जर को उप सचिव, गिरिराज मीणा को सह सचिव, प्रकाश दीदारसिंह, सतवीर सिंह, ज्ञानी राजपूत, विक्रम कुमावत, गौरव शर्मा, डॉ. पंकज शेखावत, अतुल गर्ग, अंतराम गुर्जर को सदस्य नियुक्त किया गया। बलराम दास महाराज ने सभी पदाधिकारियों का माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। श्रीराम सेना का उद्देश्य समाज सेवा, सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक उत्थान को बढ़ावा देना है। संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, गौ सेवा व सामुदायिक विकास के क्षेत्र में कार्य करेगा। जिसका लक्ष्य समाज के वंचित वर्गों की सहायता करना और सामुदायिक एकता को मजबूत करना है।

- श्रीराम सेना की प्रथम सभा का आयोजन, कार्यकारिणी का हुआ गठन



कोटपूतली कस्बे के मुख्य मार्गो से होकर निकलती नृसिंह भगवान की शोभायात्रा।

## नीले के सारथी ग्रुप का द्वितीय वार्षिकोत्सव

**कोटपूतली।** कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास स्थित श्री डूंगा वाला हनुमान मंदिर में शनिवार रात्रि को नीले के सारथी ग्रुप के द्वितीय वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। यह आयोजन ना केवल धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत था, बल्कि इसमें देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों की विजय और उनकी पत्नियों के अखंड सुहाग की कामना को भी प्रमुख उद्देश्य के रूप में समर्पित किया गया। मंदिर महंत मातादीन पुजारी ने विधि-विधान से पूजन किया। श्रीराम सत्संग मंडल के संयोजक आनंद पंडित के सानिध्य में आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ के दौरान सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से पाठ में भाग लेते हुये राम भक्ति में लीन होकर भजन-कीर्तन किया। सुंदरकांड टीम में डॉ. मुकेश सैनी, सुनील कुमावत, दीपक बंसल, सुभाष प्रजापति, सरपंच विक्रम रावत, पार्षद मनोज गौड़, अनिल शरण बंसल, कमलेश सैनी, नरसी सैनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे। आयोजन के दौरान आनंद पंडित ने रामधुन करके श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और उल्लास के साथ लयबद्ध झूमते हुये पाठ में भाग लिया। ग्रुप के सदस्य मनोज भारद्वाज, महेश अग्रवाल, पराग गुप्ता, सोनू बंसल, अशोक सेहरा आदि ने आनंद पंडित सहित पूरी टीम का सम्मान भी किया गया।

## भरतपुर में एलीट प्रोफेसर्स फोरम ने परिण्डे लगाए

**भरतपुर (निस)।** एलीट प्रोफेसर्स फोरम, भरतपुर द्वारा आज सूर्या सिटी में पक्षियों के लिए परिण्डे लगाए गए। इस कार्य में स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और परिण्डों में नियमित रूप से पानी भरने का संकल्प लिया। फोरम पूर्व में भी एम.एस.जे. कॉलेज स्थित शहीद भगत सिंह पार्क, जया पार्क तथा कृष्णा नगर पार्क में परिण्डे लगा चुका है, जिससे गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराया जा सके। फोरम के सदस्यों ने अपने सामाजिक सरोकार के अंतर्गत यह विचार साझा किया कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण पक्षियों का जीवन संकट में है। भोजन और पानी की उपलब्धता कठिन होती जा रही है, जिससे उनकी जीवनचर्या प्रभावित हो रही है। ऐसे में परिण्डे लगाना एक छोटी सी लेकिन प्रभावी पहल है, जिससे ये बेजुबान जीव भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझा सकें।

# द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन

- 12512 प्रकरणों का राजीनामे के माध्यम से निस्तारण किया

**शाहपुरा।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष अजीत कुमार हींगर जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा सचिव पवन कुमार जीनवाल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर के निर्देशानुसार न्यायालय शाहपुरा में ललिता शर्मा एडीजे प्रथम शाहपुरा की अध्यक्षता में एवं कृष्णकांत चौधरी एडीजे द्वितीय, प्रतिभा मोटियार एसीजेएम तथा नताशा चौधरी जे.एम. शाहपुरा के सहयोग से शनिवार को द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

लीगल कर्मचारी ममता पलसानिया के अनुसार इस बार की लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला जयपुर के आदेशानुसार शाहपुरा न्यायक्षेत्र में इस बार कुल दो बेंच गठित की गई है। राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व न्यायालय के प्रकरणों को भी सम्मिलित करते हुए लोक अदालत की बेंच का गठन किया गया है। बेंच संख्या 8 न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश शाहपुरा क्रम संख्या 1 एवं 2 की पत्रावली एवं प्रि लिटिगेशन की पत्रावलियो के लिए बनाई गई। बेंच 9 न्यायालय एसीजेएम, एमजेएम शाहपुरा की पत्रावली एवं राजस्व न्यायालय की पत्रावली के लिए बनाई गई है। बैंच, 8 में अध्यक्ष ललिता शर्मा एडीजे प्रथम एवं सदस्य अधिवक्ता मुकेश कुमार व्यास ने न्यायालय एडीजे प्रथम की 51पत्रावलियों एवं न्यायालय एडीजे 2 की 5 पत्रावलियों में प्रि लिटिगेशन की कुल 105 पत्रावलियों में राजीनामा करवाया।

बैंच नंबर 9 में अध्यक्ष प्रतिभा मोटियार एसीजेएम शाहपुरा एवं सदस्य अधिवक्ता मुकेश चौधरी ने न्यायालय एसीजेएम शाहपुरा की 1122 पत्रावलियों एवं न्यायालय जे. एम शाहपुरा की 26 पत्रावलियों में एवं सदस्य संजीव खेड़ उपखंड अधिकारी ने राजस्व न्यायालय शाहपुरा से संबंधित कुल 11203 पत्रावलियों में राजीनामा करवाया। न्यायालय के सहायक नजीर मुकेश कुमार शर्मा तथा न्याय मित्र श्री दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस प्रकार दिनांक 10.05.2025 को आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय शाहपुरा से कुल मिलाकर 12512 प्रकरणों का राजीनामे के माध्यम से निस्तारण किया गया।

## ब्रह्माकुमारीज में विशेष कार्यक्रम आयोजित

**टोंक।** मातृ दिवस के उपलक्ष में माताओं के सम्मान के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय टोंक द्वारा स्थानीय सेवा केंद्र राजयोग भवन में खुशी एवं स्वस्थ परिवार के लिए माताओं की भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही वातावरण को सकारात्मक बनाने के लिए प्रकृति, पर्यावरण के साथ विशेष देश की सेना को राजयोग ध्यान साधना के माध्यम से सकारात्मक वाइब्रेशन फैलाकर शुभभावनाओं का सहयोग दिया गया। कार्यक्रम में सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने कहा कि वर्तमान समय में परिवार में दिनोंदिन बढ़ती हुई विकृतियों को समाप्त कर प्रेम,एकता व स्नेह के सूत्र में बांधने का श्रेष्ठ कार्य मातृ शक्ति ही कर सकती। उन्होंने कहा कि हमारे संस्कार का प्रभाव हमारे निकट रहने वाले व्यक्तियों पर पड़ता है।

# लाडली बेटियों की घोड़ी पर निकाली बिंदोरी

**पावटा।** वर्तमान में बेटियों के प्रति समाज में जागृति आई है। अब बेटियों को भी बेटों के समान समझा जाने लगा है। जो देश व समाज के लिए अभिनव पहल है। ऐसा ही बेटा-बेटी समानता का सन्देश पावटा कस्बा कुनेड भोनावास रोड स्थित बालनाथ कॉलोनी के देवी सहाय शर्मा व सुनीता शर्मा सहित परिवारजनों ने दोनों बेटियों पूजा शर्मा, आरती शर्मा को घोड़ी पर बैठाकर गाजे-बाजे के साथ बिंदोरी निकाली।

बेटियाँ पूजा शर्मा, आरती शर्मा के माता पिता सुनीता शर्मा, देवीसहाय शर्मा ने बताया कि बेटियों की बिंदोरी निकालने का एक मात्र उद्देश्य समाज में बेटा-बेटी के भेद को मिटाकर समानता का सन्देश देना है। बिंदोरी में पूजा व आरती की सहेलियों, भाई-बहनों, परिवारजनों सहित रिश्तेदारों ने नाचकर खुशियां मनाई। बेटियाँ पूजा शर्मा, आरती शर्मा पिता देवीसहाय ने बताया कि आज के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो बेटियां बेटों से अधिक नाम कमा रही है। वहीं, हर एक क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर देश की उन्नति में योगदान दे रही है। बेटा सफल होने पर एक ही परिवार का नाम रोशन करता है जबकि बेटियां सफल होने पर दो परिवारों का नाम रोशन करती है। जैसे गुजरात की बेटी सोफिया के पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। पाकिस्तान में आतंकी अड्डों को नष्ट करने वाली भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर का चेहरा बनी गुजरात मूल की कर्नल सोफिया कुरैशी ज्यों बचपन में सोफिया सेना के पराक्रम की कहानी सुना करती थी,आज खुद पराक्रम कर दिया। वही लखनऊ की बेटी और फौजियों के गांव बापोड़ा की बहू हैं विंग कमांडर व्योमिका सिंह जो भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई हवाई कार्रवाई थी। व्योमिका के नाम का अर्थ है का अर्थ है आकाश की बेटी और ऑपरेशन सिंदूर की इस प्रेस ब्रीफिंग में वह नारी शक्ति के प्रतीक के रूप में मंच पर थीं। यह दोनों भी देश की बेटी है। इसलिए बेटा और बेटी में भेदभाव न करने और समानता का दर्जा देने का संदेश दिया गया।



बिंदोरी निकालते हुए।

## पेंशनर्स की परेशानी को अपनी परेशानी समझकर हल कराना हमारी जिम्मेदारी है : मधुसुदन

- किशनगढ़ बास उप शाखा ने मनाया वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह
- 30 वरिष्ठ पेंशनर्स का हुआ सम्मान

**किशनगढ़ बास।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह रविवार को किशनगढ़ बास के बाइपास पर अध्यक्ष सुल्तान सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा 30 वरिष्ठ पेंशनरों एवं तिजारा कोटकासिम टपूकड़ा मुंडावर खैरथल हरसोली आदि स्थानों से आए अध्यक्षों का सम्मान किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा सहित प्रदेश एवं जिले से आए पदाधिकारियों ने उप शाखा किशनगढ़ बास की ओर से किए गए कार्यों की प्रशंसा की ओर कहा कि पेंशनर्स की परेशानी को अपनी परेशानी समझ कर निराकरण कराए समाज के हितों के लिए प्रदेश व जिला संगठन हमेशा आपके सहयोग के लिए तत्पर है। कार्यक्रम के दौरान तिजारा अध्यक्ष मूलचंद यादव, खैरथल अध्यक्ष पोहप सिंह यादव, जयसिंह यादव,केलाश गौड़, जय प्रकाश सेन, जगदीश प्रसाद यादव, जेपी यादव सहित टपूकड़ा मुंडावर हरसोली कोटकासिम आदि स्थानों से पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

उप शाखा अध्यक्ष सुल्तान सिंह यादव ने बताया कि रविवार राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा के वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह के अतिथि जिला अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा व प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश भारद्वाज, मंत्री अशोक कुमार, पूर्व प्रधान विनय व्यास रहे। समारोह में उप शाखा अध्यक्ष सुल्तान सिंह यादव ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और पेंशनर समाज के हितों को लेकर कार्य करने का भरोसा दिया और उन्होंने कहा कि किशनगढ़ बास में पेंशनर समाज उप शाखा के कार्यालय के लिए भूमि आवंटन को लेकर प्रयास किए जा रहे है।

# फुलेरा ब्लड सेंटर में सात दिवसीय रक्तदान शिविर का प्रारंभ

**फुलेरा।** देश में विगत कई दिनों से भारत पाक के तनावपूर्ण संघर्ष के मद्देनजर प्रशासन पूर्णतया चाक चौबंद है। इसके साथ ही वर्तमान हालातों में अगर भारतीय सैनिकों को रक्त की आवश्यकता हो तो उन्हें आसानी से रक्त उपलब्ध हो जाए, इसी को ध्यान में रखते हुए फुलेरा ब्लड सेंटर पर सात दिवसीय रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत में मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात नगर के युवाओं और मातृ शक्तियों ने स्वेच्छा से ब्लड सेंटर में आकर रक्तदान किया। इसी क्रम में भामाशाह डॉ. गोविन्द सिंह राठौड़ ने कहा कि भारतीय सेना अपना कार्य पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कर रही है। इस वजह से हम आज महफूज है। वहीं उन्होंने कहा कि ऐसी स्थितियों में प्रत्येक भारतीय का यह दायित्व बनता है कि वह राष्ट्र के प्रति अपना दायित्व निभाए और आपातकालीन स्थितियों के लिए रक्तदान करें। ताकि जरूरत पड़ने पर सैनिक एवं आमजन को समुचित रक्त उपलब्ध हो सके। जानकारी के अनुसार उपखण्ड अधिकारी सांभरलेक ने भी आमजन से रक्तदान में भाग लेने की अपील की है। वहीं ब्लड सेंटर के अंशु कुमावत ने बताया कि इस अवसर पर सेंटर द्वारा ब्लड की निशुल्क सप्लाई का भी शुभारंभ किया गया। अर्थात जिस किसी को भी रक्त की आवश्यकता हो तो वह कार्ड दिखाकर निशुल्क रक्त ले जा सकता है। उनसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। फुलेरा ब्लड सेंटर के इस अद्भुत और सराहनीय कदम की प्रशासनिक अधिकारियों सहित आमजन ने भी भूरी भूरी प्रशंसा की। साथ ही विशाल सिंह राजपूत ने सात दिवसीय रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए आमजन से आग्रह किया, और अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र शर्मा, विशाल सिंह राजपूत, विजय कुमावत सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।



सेंटर पर रक्तदान करते हुए।

## शैक्षणिक योजनाओं पर हुई चर्चा

**भरतपुर (निस)।** विप्र फाउंडेशन जोन 1डी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत शर्मा भरतपुर प्रवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने संगठन के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक की। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष गंगाराम पाराशर, प्रदेश महासचिव डॉ. दयाचंद पचौरी, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल भारद्वाज और प्रदेश सचिव ब्रजभूषण पाराशर ने साफा, दुपट्टा व प्रतीक चि भेंट कर किया।बैठक में अनिल भारद्वाज ने बताया कि शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा उच्च प्राथमिक स्तर पर नैतिक शिक्षा, प्रार्थना, श्लोक, देशभक्ति गीत, चौपाई-दोहे के पत्रक वितरण और विद्यार्थी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर ने ब्राह्मण समाज में परिवार प्रबोधन, सनातन संस्कार, गायत्री उपासना, यज्ञ व पवित संस्कार जैसे कार्यक्रमों पर जोर देने की बात कही प्रदेश महासचिव डॉ. दयाचंद पचौरी ने आगामी समय में गरीब कन्याओं के विवाह एवं शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने की योजना की घोषणा की।

## सार-समाचार

### करंट की चपेट में आकर घोड़ी की मौत, बड़ा हादसा टला

**पावटा।** कस्बा पावटा स्थित रॉयल एकेडमी स्कूल के पास पानी भरे होने से विद्युत पोल में आ रहे करंट की चपेट में आकर एक घोड़ी की मौत हो गई। घोड़ी मालिक सुरेश कुमार ने बताया कि शनिवार को पावटा एक शादी में घोड़ी लेकर आया था। ज्यों कि पावटा स्थित रॉयल एकेडमी स्कूल के पास खड़ी थी। जैसे ही दूल्हे को बिठाने के लिए घोड़ी को स्कूल की तरफ ले जाने लगा तो पानी में पैर पड़ते ही घोड़ी छटपटाकर गिर गई व उसकी मौत हो गई। बाद में पता लगा कि विद्युत पोल से करंट पानी में फैला हुआ था। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया।वही घोड़ी की मौत पर परिवार के पालन पोषण के लिये आजीविका का एक मात्र सहारा छिनने के बाद घोड़ी स्वामी काफी दुखी दिखाई दिया। उसने बताया कि घोड़ी की कीमत करीब 3.50 लाख रुपए थी। रोजी रोटी का साधन खत्म होने से मजदूर के घर चूल्हा भी नहीं चढ़ा। पीड़ित गरीब ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। घोड़ी मालिक ने बताया कि ब्याह शादियों में इसी घोड़ी से अपने परिवार का पेट पाल रहा था। घोड़ी की मौत से परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया। घोड़ी की मौत से मजदूर सुरेश का परिवार बेसुध है। करंट लगने से उसकी घोड़ी की मौत हो गई। इस दौरान पावटा तहसीलदार व प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच मौका मुवायना किया व मुवावजा दिलाने की बात कही।

### एक दिवसीय चयन ट्रायल कल

**भरतपुर (निस)।** राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में मई माह के अंतिम सप्ताह में जयपुर में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए भरतपुर जिले की टीम बनाने हेतु एक दिवसीय चयन ट्रायल 13 मई मंगलवार को सुबह 7 बजे से सेंट्रल एकेडमी स्कूल कैंपस सेवर मथुरा बाईपास रोड पर रखी गई है। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि पहले यह ट्रायल 11 मई को रखी गई थी परंतु अधिक वारिश हो जाने कारण 11 मई की स्थगित कर दी गयी थी परंतु अब टूर्नामेंट बहुत नजदीक होने के कारण यह ट्रायल अब 13 मई को रखी गई है तिवारी ने यह भी बताया कि खिलाड़ियों के दस्तावेजों का बायोमेट्रिक तरीके से सत्यापन किया जाएगा एव जो भी खिलाड़ी सत्यापन के दौरान फर्जी पाये जाएंगे उन सभी खिलाड़ियों पर जिला क्रिकेट संघ सख्त कार्रवाई करेगा ट्रायल देने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपने साथ जन्म प्रमाणपत्र (डिजिटल वाला) मूल निवास प्रमाण पत्र (डिजिटल वाला) आधार कार्ड तथा 10 वी की मार्कशीट एवं माता-पिता का आधार कार्ड व वोटर आईडी कार्ड आदि साथ लेकर आएं एवं खिलाड़ियों की आधार हिस्ट्री अपडेट भी चौक की जाएगी तथा ये सभी दस्तावेज ओरिजिनल होने चाहिए एवं खिलाड़ी अपनी पहनने वाली सफेद ड्रेस एवं क्रिकेट खेलने का सामान भी साथ लेकर आवे सचिव ने यह भी बताया कि इस चयन ट्रायल के बाद भरतपुर जिले की 16 सदस्यीय टीम का चयन किया जाएगा।

### सेवर जेल में पुलिस टीम ने सर्च अभियान चलाकर तलाशी ली

**भरतपुर (निस)।** भरतपुर की सेवर जेल में सर्च ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दौरान सेवर जेल में पुलिस की टीमों के हाथ कुछ नहीं लगा। कार्रवाई में 4 थाने की टीमें, डीएसटी टीम, 2 जेल पुलिस की टीम, 4 आरपीएस अधिकारी एवम एक आइपीएस अधिकारी मौजूद रहे। जेल में समय-समय और सर्च ऑपरेशन चलाया जाता है। जिससे जेल के अंदर किसी भी गैरकानूनी गतिविधियों को रोका जा सके। सीओ सिटी आईपीएस पंकज यादव ने बताया कि यह सेवर सेंट्रल जेल के अंदर कल सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जिसमें 48 पुलिस के जवान, जेल की टीमें, प्रशासन की संयुक्त टीमें शामिल रहीं। इस दौरान बंदियों के वार्ड नंबर 1 से 9 तक में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। वार्ड नंबर 11 से 18 तक सजा वार्ड और सुरक्षा वार्ड बंदियान लंगर, बंदियान अस्पताल, राशन गोदाम की तलाशी ली गई। संयुक्त तलाशी के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक चीज नहीं मिली। सेवर सेंट्रल जेल में बंद बंदियों द्वारा धमकियों की सूचनाएं मिलती रहती है। कई बार जेल में तलाशी के दौरान बंदियों से मोबाइल भी बरामद किए गए है। इसलिए जेल में समय-समय पर तलाशी के लिए अभियान चलाया जाता है। ताकि जेल के अंदर बंदियों द्वारा की गई अनैतिक गतिविधियों को रोका जा सके।

### ग्रीष्मकालीन एक्टिंग कार्यशाला का आयोजन 15 से

**टोंक।** कम्युनिटी थिएटर टोंक द्वारा लंबे समय से निःशुल्क रूप से कला को निखारने का कार्य किया जा रहा है, इस साल भी ग्रीष्मकालीन एक्टिंग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जो कम्युनिटी थियेटर टोंक सोसाइटी और एक्स्ट्रा एन ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यशाला 15 मई से शुरू होगी। कम्युनिटी थियेटर के मोहित वैष्णव ने बताया कि कार्यशाला 20 जून तक चलेगी, जो 6 से 16 वर्ष के बच्चों के लिए यह कार्यशाला सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक चलेगी तथा 16 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं के लिए शाम 5 से 8 बजे तक होगी। कार्यशाला का स्थान एक्सपेरिमेंटल स्टूडियो, देव नगर, कृषि मंडी टोंक के सामने रहेगा, पिछले 7 वर्षो में इस कार्यशाला के माध्यम से टोंक शहर के 800 से अधिक बच्चों ने रंगमंच की बारीकियां सीखी हैं एवं बच्चों ने कई प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुतियां दी हैं। इनमें मुंशी प्रेमचंद की कहानियों पर आधारित ईदगाह, गिल्ली डंडा, वाइब्रेशन, बूंद, बोल, ब्रेक फ्री, छुक छुक खेल, रूपा हाथीजैसे नाटक शामिल हैं।

### लोक अदालत का आयोजन

**दूदू।** न्यायालय सभागार दूंदू में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजीत कुमार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया इस दौरान अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश शिव कुमार द्वारा 35 वित्तिय संस्थाओं व बिजली विभाग के 1024 प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करके पक्षकारों के बीच सुलह कराई जाकर 11116390 रुपए की अवार्ड राशि पारित की गई तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए दूदू न्याय क्षेत्र के न्यायालयों के लिए अलग-अलग बैंचों का गठन किया साथ ही मोटर वाहन दुर्घटना के प्रकरण का भी निस्तारण किया गया इस दौरान सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट महेश कुमार कुमावत का पैनल अधिवक्ता इमरान खान मंसूरी कन्हैया लाल सैनी तथा विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### संशोधित टाइम-टेबल जारी

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय में नीट 2025 परीक्षा के कारण स्थगित हुई सेमेस्टर प्रथम की परीक्षा के लिए एमडीएस विश्वविद्यालय द्वारा संशोधित तिथियां जारी कर दी गई है। प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय में 2 मई को होने वाली इतिहास विषय की परीक्षा 15 मई एवं 3 मई को होने वाली संस्कृत विषय की परीक्षा 16 मई को आयोजित होगी। दोनों परीक्षाओं का समय प्रातः 7 से 10 बजे तक रहेगा। सभी परिक्षार्थी महाविद्यालय में आधे घंटे पूर्व परीक्षा देने हेतु उपस्थित हो। अधिक जानकारी के लिए एमडीएस विश्वविद्यालय की वेबसाइट से जानकारी ले सकते है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत अक्षयगढ, पंचायत समिति- खण्डार**
**जिला- सवाई माधोपुर**

क्रमांक:- दिनांक

**ई-निविदा सूचना संख्या -02-03/2025-26**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अक्षयगढ प.स. खण्डार में समस्त योजनाओ यथा ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं मनरेगा में स्वीकृत समस्त निर्माण कार्यो हेतु अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति के लिए जीएसटी में पंजीकृत सक्षम संवेदक/ फर्मो अथवा जो राजस्थान सरकार के विभिन्न निर्माण विभागो में सी-श्रेणी में पंजीकृत हो से निम्नानुसार निविदा दरें ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्धति से ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan. gov. in पर देखें एवं डाउनलोड किये जा सकते है।

NIB No.ZSM2526A0291, ZSM2526A0292
UBN No. ZSM2526GLOB00341, ZSM2526GLOB00342

प्रशासक ग्राम पंचायत अक्षयगढ — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अक्षयगढ

**कार्यालय ग्राम पंचायत फलौदी, पंचायत समिति- खण्डार**
**जिला- सवाई माधोपुर**

क्रमांक:-2025-26/03 दिनांक 28/04/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या -02/2025-26**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत फलौदी प.स. खण्डार में समस्त योजनाओ यथा ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं मनरेगा में स्वीकृत समस्त निर्माण कार्यो हेतु अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति के लिए जीएसटी में पंजीकृत सक्षम संवेदक/ फर्मो अथवा जो राजस्थान सरकार के विभिन्न निर्माण विभागो में सी-श्रेणी में पंजीकृत हो से निम्नानुसार निविदा दरें ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्धति से ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan. gov. in पर देखें एवं डाउनलोड किये जा सकते है।

NIB No.ZSM2526A0279
UBN No. ZSM2526GLOB00329

प्रशासक ग्राम पंचायत फलौदी — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत फलौदी

## संक्षिप्त

### प्रकट उत्सव आज

**नारायणपुर ।** नाथ संप्रदाय के संस्थापक एवं महान योगी संत गुरु गोरखनाथ का प्रकट उत्सव 12 मई को धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। नाथ समाज के ब्लॉक अध्यक्ष सुरज्ञानी योगी ने बताया कि प्रकट उत्सव के दौरान खेडापति पीर संज्यानाथ आसण से सुबह 8 बजे कस्बे के मुख्य बाजार से रथ यात्रा एवं झंडा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा नगरवासियों को संत गोरखनाथ की शिक्षाओं और संदेशों से अवगत कराएगी। रथ यात्रा को क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत, विवेकनाथ महाराज एवं दर्शनी योगी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा और समाजजन भाग लेंगे। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजकों ने आमजन से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### निःशुल्क खाद्य सामग्री वितरित की

**निवाई।** मानव कल्याण समिति के तत्वावधान में ईमाम चौक में 61 महिला-पुरुषों को निःशुल्क खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष सुरेश राजवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सत्यनारायण जायसवाल, सुरेश टाटावत, रणेद्र, गणेश सैनी व सुरेश राजवंशी द्वारा निशक्त विधवा, वृद्ध एकल सहित 61 महिला-पुरुषों को निःशुल्क खाद्य सामग्री चावल, चीनी, तेल, नमक की थैली एवं चप्पलों का वितरण किया गया।

### कोटपूतली ब्लॉक अध्यक्ष व सचिव के निर्विरोध चुनाव सम्पन्न

**कोटपूतली।** कस्बे के रामसिंहपुरा स्थित डॉ. अम्बेडकर छात्रावास में रविवार को डॉ. अम्बेडकर विचार मंच (समिति) की आम सभा का आयोजन जिलाध्यक्ष पूरण सिंह की अध्यक्षता में हुआ। आम सभा में आर. एस. झांझरिया को मुख्य चुनाव अधिकारी, रत्तिराम जिलोवा व बुधराम को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। जिन्होंने ब्लॉक अध्यक्ष तथा ब्लॉक सचिव के निर्विरोध चुनाव नियमानुसार संपन्न कराये। (समिति) के कोटपूतली ब्लॉक अध्यक्ष पद पर जगदीश मेघवाल व ब्लॉक सचिव पद पर दुलीचंद आर्य निर्विरोध निर्वाचित किये गये। चुनावी प्रक्रिया प्रदेश मुख्य महासचिव बनवारी लाल मेहरड़ा एवं समाज के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में संपन्न हुई।

### अवैध बजरी से भरे एक ट्रैक्टर ट्रॉली को किया जब्त

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने बजरी परिवहन व खनन पर कार्यवाही करते हुए अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान गांव मण्डावर से अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टर ट्रॉली को मय बजरी के सुरक्षार्थ पुलिसथाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया है।

### भारतीय सेना के जज्बे को किया सलाम

**श्रीमाधोपुर ।** अजीतगढ़ के महात्मा गांधी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों एवं स्टाफकर्मियों ने आपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारतीय सेना के अभूतपूर्व पराक्रम , जज्बे और शौर्य प्रदर्शन पर सलामी देकर सेना की जय के नारे लगाए। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम में शिरकत करने वाले रोशन कुमार सैनी, मौनिका माथुर, मयंक खण्डेलवाल, सुनीता वर्मा, सुनीता प्रजापत, चंद्रकांता कुमावत, रीमा जांगिड़, संतोष चौधरी, मौनिका शर्मा सहित विद्यालय के नन्हे -मुन्ने विद्यार्थियों ने जय हिन्द की सेना के सम्मान में जयहिंद के नारे लगाए।

### जीणमाता मंदिर परिसर में वार्षिक मेला भरा

**श्रीमाधोपुर ।** निकटवर्ती ग्राम रतनपुरा में जीणमाता मंदिर परिसर में वार्षिक मेला भरा। आयोजन समिति ने मेले के दौरान कुश्ती प्रतियोगिता भी करवाई जो मेले का मुख्य आकर्षण रही। मेले के पूर्व रात्रि रंगारंग सांस्कृतिक भजन संध्या आयोजित की गई जिसमें कलाकारों ने रंगारंग भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं का सकारात्मक मनोरंजन किया। श्रद्धालुओं, भक्तगणों ने मातारानी जीण भवानी के दरबार में खीर-चूरमे का भोग लगाकर मन्नतें मांगी।

# 'शिव पुराण का पाठ करने से मनोकामनाएं पूर्ण व मनोबल बढ़ता है'

**पावटा।** प्राचीन श्री नृसिंह मंदिर पावटा परिसर में बंसल परिवार की देखरेख एवं मंदिर महंत रामकरण पुजारी, गोविंद पुजारी, राहुल पुजारी, विकास पुजारी के सान्निध्य व नरसिंह मंदिर कमेटी, आदर्श रामलीला मंडल पावटा एवं बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर कमेटी के सौजन्य से श्री नृसिंह मंदिर पावटा में आयोजित संगीतमय शिव पुराण कथा के अंतिम दिन वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक पंडित श्रीकृष्ण गोपाल सुवेदी महाराज ने शिव महापुराण श्रवण करने का महत्व बताते हुए कहा कि शिव पुराण का पाठ करने से मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है।

निःसंतान लोगों को संतान की प्राप्ति हो जाती है। वैवाहिक जीवन से संबंधित समस्याएं आ रही हैं तो वह समस्याएं दूर हो जाती है। व्यक्ति के सभी प्रकार के कष्ट व पाप नष्ट हो जाते हैं। जीवन के अंत में उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। शिवपुराण कथा में भगवान भोले के विविध रूपों, अवतारों व



भगवान नृसिंह की झांकी सजाई।

ज्योतिर्लिंगों का महत्व बताया गया है। शिव को पंचदेवों में प्रधान अनादि सिद्ध परमेश्वर माना गया है। कथा के अंतिम दिन उन्होंने बारह ज्योतिर्लिंगो का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान शिवजी जहां-जहां स्वयं प्रगट हुए उन्हीं 12 स्थानों पर स्थित शिवलिंगों को पवित्र ज्योतिर्लिंगों के रूप में पूजा जाता है। इन ज्योतिर्लिंगों के न सिर्फ दर्शन करने पर शिव भक्त को विशेष फल की प्राप्ति होती है। इनका महज प्रतिदिन नाम लेने मात्र से जीवन के सभी दुख दूर हो जाते हैं। द्वादश ज्योतिर्लिंगों की कथा सुनने से मनुष्य की अपमृत्यु नही होती है। भगवान शिव सृष्टि का सर्जन, सृष्टि का पालन, सृष्टि का विनाश, अपने मे

■ शिव को पंचदेवों में प्रधान अनादि सिद्ध परमेश्वर माना गया है- पंडित श्रीकृष्ण गोपाल सुवेदी महाराज

समाहित करना विरोभाव, अनुग्रह इस पांच प्रकार की कृपा कर देते हैं। इसी के साथ ही उन्होंने भगवान शिव को प्रिय रुद्राक्ष का महत्व बताया।

कथा के अंतिम दिन कथा के दौरान चल रहे भजनों पर महिला श्रद्धालु जमकर थिरकी। कथा के अंत में भगवान श्री नृसिंह जन्मोत्सव पर कथावाचक पंडित श्रीकृष्ण गोपाल सुवेदी महाराज ने बताया कि धार्मिक कथाओं के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु ने दैत्यों के राजा हिरण्यकश्यप से अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा हेतु आधे नर और आधे सिंह के रूप में नरसिंह अवतार लिया था इसलिए तभी से इस दिन को भगवान नरसिंह की जयंती के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। भगवान नरसिंह शक्ति तथा पराक्रम के देवता माने जाते हैं। भगवान नरसिंह, श्रीहरि विष्णु के उग्र और शक्तिशाली अवतार कहे जाते हैं। इस अवसर पर मंदिर को विभिन्न प्रकार के फूलों से सजाया गया और भगवान नरसिंह व भक्त प्रहलाद की संजीव झांकी सजाई गई। महाआरती के बाद बाबा को भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया। देर शाम तक भगवान नरसिंह मंदिर पावटा में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

कथा के अंत में महाआरती कर प्रसादी वितरण की। कथा स्थल पर वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए राष्ट्र हित में भारतीय सेना द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर की पूर्ण सफलता व सैनिकों की सुरक्षा एवं सभी देश वासियों की कुशल क्षेम के लिए प्रार्थना की गई। कथा स्थल पर सोमवार 12 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

## नरसिंह महाराज की झांकी का आयोजन

**पावटा।** भोमिया मंदिर पावटा से नरसिंह मंदिर माँजुकोट तक नरसिंह महाराज की द्वितीय पदयात्रा व विशाल झांकी का आयोजन किया गया। पदयात्रा को नरसिंह मंदिर महंत जयराम दास, उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय, पावटा तहसील ब्राह्मण अध्यक्ष राजेश शर्मा ने पूजा अर्चना करके पदयात्रा को रवाना किया। जिसमें नरसिंह सेवा संघ अध्यक्ष शशिकांत शर्मा, उपाध्यक्ष बलवान वर्मा, कोषाध्यक्ष रिंकू जांगिड़, व्यवस्थापक नवीन शर्मा, संचालन लोकेश शर्मा, पुष्कर शर्मा, हरीराम सैनी, ओमप्रकाश टेलर, गिरधारी लाल, दिनेश जांगिड, कपीश वर्मा, अनिल वर्मा, हैप्पी जांगिड़, शिवदयाल शर्मा, महावीर टेलर, संजय, दीपक शर्मा, विमल, हेमंत शर्मा व महिलाएं एवं पदयात्री डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए ध्वज पताका हाथ में लिए हुए नरसिंह मंदिर माँजुकोट पहुंचे । जगह जगह पदयात्रा व शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## धर्मरक्षकों का दो दिवसीय परिचय वर्ग कार्यक्रम का समापन

**अलवर।** आज विश्व हिन्दू परिषद धर्म प्रसार जयपुर प्रान्त के अलवर, डीग व भिवाड़ी जिला के धर्मरक्षकों का दो दिवसीय परिचय वर्ग कार्यक्रम का समापन केशव कृपा संघ कार्यालय अलवर मे हुआ। विहिप अलवर जिला मीडिया प्रभारी अवधेश माथुर ने बताया कि कार्यक्रम में प्रांत धर्मप्रसार प्रमुख सीएम भार्गव ने कार्यकर्ताओं को ग्रामीण क्षेत्र तक ग्राम टोलियों का गठन कर सत्संग प्रारंभ करवाने के निर्देश दिये जिससे सनातन संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन हो सके। सह प्रमुख बहादुर सिंह ने कार्यकर्ताओं से गत माह में किए गए कार्यों का लेखा जोखा प्राप्त किया एवं विहिप जिला मंत्री विजेंद्र खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्र में प्रभावी कार्य करने की रीति नीति से अवगत कराया।

इससे पूर्व कल वर्ग का शुभारंभ विहिप के केंद्रीय सह मंत्री गुलाब सिंह के द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष




कार्यक्रम का समापन केशव कृपा संघ कार्यालय अलवर मे हुआ।

दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, गुलाब सिंह ने अपने उद्घाटन उद्बोधन मे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि पूर्व में अनेक लोगों ने किन्हीं कारणों से अपना मत बदलते हुए मतांतरण किया है जबकि उनके पूर्वज तो जो पहले थे आज भी वे ही है। हमें प्रयास कर उनकी सहज घर वापसी करवानी चाहिए। रात्रि के सत्र में कार्यकर्ताओं को सत्संग पद्धित का अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम में जिला धर्म प्रसार प्रमुख एडवोकेट सिद्धार्थ शर्मा ,सह प्रमुख पुष्पेंद्र कश्यप एवं प्रमोद सैनी उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार

**निवाई।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके द्वारा चोरी की गई मोटरसाइकिल को जब्त किया है। थानाधिकारी रामजीलाल ने बताया कि पुलिस उप अधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में टीम का गठन किया गया। घटित टीम द्वारा लगातार जगह-जगह संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी गई। पुलिस ने 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज कैमरे चेक किए। उन्होंने बताया कि परिवादी सियाराम चौधरी उम्र 29 वर्ष निवासी खुदा का खेड़ा थाना बरौली ने सिंधी कॉलोनी निवाई से चोरों द्वारा मोटरसाइकिल चुराकर ले जाने का मुकदमा दर्ज करवाया था। मोटरसाइकिल चोर की तलाश के लिए स्पेशल टीम गठित की। टीम द्वारा इलाके में नाकाबंदी शुरू की गई। संदिग्ध मोटरसाइकिलों पर निगरानी शुरू की। नाकेबंदी के दौरान एक मोटरसाइकिल चालक तेज गति से मोटर साइकिल चलाता हुआ आया। इसके आगे की नंबर प्लेट नहीं होने के कारण टीम को शक होने पर मोटरसाइकिल इंजन नंबर व चेचिस नंबर को चेक किया।

## प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**मानपुरा माचेड़ी ।** चंदवाजी थाना पुलिस व जयपुर ग्रामीण की डीएसटी ने सयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित नशीले केप्सूल ट्रामाडोल बेचने के लिए ले जाते एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नशीले कैप्सूल जप्त किए हैं।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज अजयपाल लांबा

■ 261 ट्रामाडोल के प्रतिबन्धित नशीले कैप्सुल जप्त, एक गिरफ्तार

के निर्देशन में अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर जिला जयपुर ग्रामीण में युवा पीढी में बढ़ते हुए नशे की प्रवृत्ति को देखते हुए नशे की रोकथाम हेतु तथा अवैध नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजनीश पूनियां के निर्देशन में ऑपरेशन नॉकआउट अभियान चलाया



आरोपी को गिरफ्तार कर नशीले कैप्सूल जप्त किए।

जा रहा है। पूर्व में भी अभियान के तहत कार्रवाईयां करते हुए कई नशा कारोबारियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ, नशीली दवाईयां व अवैध शराब जप्त की गई थी। इसी क्रम में जयपुर ग्रामीण की डीएसटी टीम की सूचना पर कार्रवाई हेतु वृत्ताधिकारी जमवारामगढ़ प्रदीप सिंह के सुपरविजन में चंदवाजी थानाधिकारी हीरालाल सैनी मय जाप्ता व डीएसटी टीम जयपुर ग्रामीण के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने अचरोल पुलिस चौकी के सामने पहुंचकर जयपुर से दिल्ली रोड़ पर नाकाबंदी आरम्भ की गयी तो एक बिना नम्बरी ई रिक्शा अचरोल से निम्स की तरफ आता दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम ने रोककर चालक का नाम पता पूछा तो अपना नाम जितेन्द्र कुमार मीणा पुत्र बाबूलाल मीणा जाति मीणा उम्र 22 साल निवासी मोदूकाला की ढाणी तन अचरोल पुलिस थाना चंदवाजी जिला जयपुर का रहने वाला बताया जिसके पास बिना नम्बरी ई रिक्शा के कागजात मांगे गये तो अपने पास कोई कागजात नहीं होना बताया तथा तलाशी ली तो चालक जितेन्द्र कुमार मीणा के पास ट्रामाडोल के 261 प्रतिबंधित नशीले केप्सूल बिना अनुज्ञापत्र के मिले।

## 'किसानों के लिए वरदान साबित होगी ढैंचा की खेती'

**निवाई।** अधिक उपज के लिए कृषि विभाग ने किसानों को ढेचा फसल की खेती करने की सलाह दी है। इसके लिए विभाग किसानों को इस वर्ष मुफ्त में ढैचा बीज का वितरण करेगा। वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक प्रधान गुर्जर ने बताया कि भूमि को उपजाऊ बनाने हेतु किसानों को ढैचा बीज मिनिकिट निःशुल्क वितरण किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि किसान लगातार धुआंधार रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशक दवाओं तथा खरपतवार नाशक दवाओं को प्रयोग कर रहा है जिसकी वजह से भूमि की उपजाऊ क्षमता कम हो होती जा रही है और उपजाऊ क्षमता कम होने के साथ भूमि क्षारीय होती जा रही है।

जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान तो हो ही रहा है। साथ ही शरीर में विभिन्न प्रकार की बीमारियों ने भी जन्म ले लिया है। भूमि को उपजाऊ बनाने हेतु किसानों को ढैचा बीज मिनिकिट निःशुल्क वितरण किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ढैचा एक दलहनी फसल है। जो भूमि की उर्वरता क्षमता को बढ़ाता है तथा खेत में यूरिया की जरूरत को कम करता है। ढैचा फसल को 40-45 दिन की अवस्था पर फूल आते समय खेत में जुताई

■ महिला किसानों को फ्री में मिलेगा बीज

करके मिट्टी में दबा देना चाहिए। जिससे हरी खाद बन जाती है। हरी खाद में काफी मात्रा में कार्बनिक पदार्थ पाया जाता है। इससे फसलों का उत्पादन बेहतर होता है। भूमि की उर्वरता क्षमता लम्बे समय तक बनी रहती है। गुर्जर ने बताया कि बीज वितरण का कार्य राजस्थान किसान पोर्टल के माध्यम से जनाधार द्वारा किसान से ओटीपी लेकर ऑनलाइन ही वितरण किया जाएगा।

इसके लिए महिला किसान के पास कम से कम 2 बीघा भूमि होनी जरूरी है। कृषक के स्वयं के नाम से भू-स्वामित्व नहीं होने की स्थिति में कृषक के पिता के जीवित होने या मृत्यू पश्चात् नामान्तरण के अभाव में आवेदक कृषक द्वारा स्वयं के पक्ष में भू-स्वामित्व में नोशनल शेयर धारक का प्रमाण पत्र राजस्व हल्का पटवारी से प्राप्त कर आवेदन के साथ प्रस्तुत किया जाता है तो ऐसे कृषक भी मिनिकिट लेने हेतु पात्र माने जाएंगे। तथा एक जनाधार कार्ड पर एक ही किसान को लाभ दिया जाएगा।

# भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में 'जय हिंद यात्रा' निकाली

**शाहपुरा।** भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को सम्मान देने के उद्देश्य से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा देशभर में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शाहपुरा में भी जय हिंद यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शाहपुरा विधायक मनीष यादव के नेतृत्व में नारायण स्मृति पार्क से प्रारंभ होकर चंद्र महल पैलेस, खातेडी मोड़ तक निकाली गई। यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में युवाओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विधायक मनीष यादव ने कहा,

"हमें अपनी सशस्त्र सेनाओं पर गर्व है। हमारी सेना ने हर चुनौती का डटकर सामना किया है। इस आपदा की घड़ी में हम सब देश के साथ खड़े है और अपने वीर जवानों के साहस को नमन करते है।" जय हिंद यात्रा के दौरान भारत माता की जय, जय हिंद और वंदे



यात्रा शाहपुरा विधायक मनीष यादव के नेतृत्व में नारायण स्मृति पार्क से प्रारंभ हुई।

मातरम् जैसे नारों से वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा। यात्रा का उद्देश्य न केवल भारतीय सेना के प्रति सम्मान प्रकट करना था, बल्कि आमजन में राष्ट्रीय एकता, साहस और सेवा भावना को भी प्रोत्साहित करना रहा। इस आयोजन ने क्षेत्र में राष्ट्रप्रेम की भावना को और भी मजबूत किया और युवाओं को देशसेवा के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान मोजूद लोगो ने इस तनाव के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए हमारे सेना के जवानों व आमनागरिकों की शहादत को मौन रखकर श्रदांजलि अर्पित की। इस दौरान पूर्व चेयरमैन बद्री सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष नाथू सैनी, मुकेश गुर्जर, पीसीसी सचिव प्रवीण व्यास, पूर्व

■ विधायक मनीष यादव के नेतृत्व में निकली जय हिंद यात्रा, बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता हुए शामिल

चेयरमैन प्रेम देवी, रामेश्वर गोरेटा, जितेंद्र शर्मा, मुकेश खुड़ानिया,, समदाराम बढ़ाना, आलोक, नगर परिषद उप चेयरमैन राजेंद्र सारण, प.स.स. बनवारी, पूर्व प.स.स. महेंद्र, इमरान, हरि सैनी पार्षद, असलम, घनश्याम, रामावतार, सरपंच सुभाष, धर्मसिंह, कालू, गजानंद

विशाल, निहाल, अक्षय, लोकेश, राजेंद्र, महेंद्र, अनिल, नदीम, सुनील, महेश, कनाराम, महेश, अभिषेक , मालीराम मीना, रामपाल, बंशी मीना, शंकर, आदि सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता व आमजन मोजूद रहे।

## एसबीएन सेट परीक्षा 2025 काआयोजन

**श्रीमाधोपुर** एसबीएन सी सै स्कूल के प्रांगण में एसबीएन सेट परीक्षा 2025 का आयोजन किया गया। स्कूल सचिव इंजी प्रदीप धायल ने बताया कि ग्रामीण प्रतिभा को तराशने और प्रतिभा प्रोत्साहन हेतु प्रतिवर्ष परीक्षा आयोजित की जाती हैं। इस परीक्षा के माध्यम से गरीब प्रतिभाशाली बच्चों को 20 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक शिक्षण शुल्क की राशि छात्रवृति के रूप में देय होती हैं, जिसकी कुल राशि 51 लाख रुपए है। इसके अलावा परीक्षा के प्रत्येक कक्षा समूह के टॉप 5 छात्रों सहित 35 छात्रों को भ्रमण हेतु चयनित किया जाएगा। भ्रमण राशि स्कूल प्रबंधन द्वारा वहन की जाएगी। विगत वर्ष एसबीएन सेट परीक्षा 2024 के माध्यम से चयनित 25 छात्रों को अनुसंधान केंद्र, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की निःशुल्क भ्रमण करवाया गया था।संस्था प्रधान सागर मल ने बताया कि परीक्षा कक्षा 6 से 12 तक 7 कैटगरी में आयोजित की गई जिनमें पृथक पृथक कक्षा समूह के स्तर से संबंधित प्रश्न पत्र दिए गए।

## सार-समाचार

### रक्तदान शिविर का आयोजन




**गोविंदगढ़ /अलवर।** गोविंदगढ़ कस्बे के राजकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ के महिला प्रकोष्ठ एवं अलवर ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 11.5.2025 को प्रातः 9:30 से दोपहर 2:00 तक भारतीय रक्षा बलों के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए, "ऑपरेशन सिंदूर" को समर्पित एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर प्रभारी राखी जैन ने बताया कि इस अवसर पर शिविर में अलवर ब्लड बैंक से विपिन शर्मा ., डॉ राधेश्याम गुप्ता., चमन सोनी. उपस्थित रहे राजकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ प्राचार्य प्रो0 लक्ष्मीकांत शर्मा ने एबताया कि शिविर में बड़ी संख्या में रक्तवीरों ने रक्तदान किया रक्तदान शिविर में महाविद्यालय की ओर से, शूरवीर मीणा को आठवीं बार, देवेंद्र कुमार मीणा ,गुरप्रीत सिंह को तीसरी बार और भारत भूषण ,हेमंत झालानी को दूसरी बार रक्तदान देने पर सम्मानित किया शिविर में महाविधालय कार्मिक लक्ष्मी नारायण मीणा, राजेश कुमार शर्मा ,पूरणमल शर्मा.,शंभू सिंह. , मुंदर सिंह उपस्थित रहे।

### आज से 12 जून तक कृषि विभाग की किसान गोष्ठियों का आयोजन

**कोटपूतली।** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन की जानकारी घर बैठे उपलब्ध कराने हेतु 12 मई से 12 जून तक ग्राम पंचायत स्तर पर किसान गोष्ठियां आयोजित की जा रही है। संयुक्त निदेशक कृषि महेंद्र जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि गोष्ठियों में किसानों को मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों के आधार पर फसलवार संतुलित उर्वरक दिये जाने, डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फॉस्फेट, एनपी के उर्वरकों, जिप्सम, जैविक उर्वरकों नेनो यूरिया व डीएपी के उपयोग की जानकारी दी जायेगी। साथ ही किसानों को गर्मी की गहरी जुताई, संतुलित उर्वरकों के उपयोग, नेनो यूरिया व डीएपी के उपयोग से होने वाले लाभ के संबध में भी विस्तार से अवगत कराया जायेगा। संयुक्त निदेशक ने बताया कि 12 मई से 12 जून तक ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली किसान गोष्ठियों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेवें। ताकि खेती की नवीनतम जानकारी किसान भाईयों को मिल सके। जिले में आयोजित होने वाली किसान गोष्ठियों का ग्राम पंचायतवार कार्यक्रम निर्धारित किया जा चुका है। किसानों से अपील है कि स्थानीय कृषि विभाग के कार्मिक से सर्म्पक कर स्थानीय स्तर पर ही हाने वाली गोष्ठियों की जानकारी प्राप्त कर गोष्ठियों में भाग लेवें। गोष्ठियों में विभागीय योजनाओं की जानकारी व अनुदानित योजनाओं में आवेदन करने के संबध में भी जानकारी दी जायेगी।

### श्रीराम महायज्ञ के विधिवत् समापन पर कार्यकर्ताओं का किया स्वागत

**श्रीमाधोपुर** ग्राम पंचायत किशोरपुरा के बाबा भभूता सिद्ध महाराज मंदिर परिसर में आयोजित 9 दिवसीय 51 कुण्डात्मक श्रीराम महायज्ञ में सेवा देने वाले सभी कार्यकर्ताओं को महायज्ञ कमेटी व मंदिर कमेटी के द्वारा दुपट्टा पहनाकर , बाबा भभूता सिद्ध महाराज की फ़ोटो भेंटकर एवं मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया गया।महायज्ञ कमेटी मीडिया प्रवक्ता ओमप्रकाश दांतला ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं, भामाशाहों , दानदाताओं एवं ग्रामवासियों के आपसी सहयोग से ही विशाल महायज्ञ सम्पन्न हुआ जिसके चलते सभी कार्यकर्ताओं एवं भामाशाहों का कमेटी द्वारा मीठा मुंह कराके सम्मान किया गया।सबका धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सम्मान समारोह में एक ही बात खुलकर सामने आई कि सबके सहयोग के बिना यह कार्य संभव नहीं था।इस अवसर पर महायज्ञ कमेटी अध्यक्ष रामसिंह यादव, कोषाध्यक्ष रामेश्वर बिछवालिया, सचिव रामकिशोर शर्मा, किशोरपुरा सरपंच प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद यादव, शिम्भुदयाल यादव, रामेश्वर गुर्जर, अर्जुनलाल, शंकर मंगावा, पूर्ण सिसोटिया, सुरेश स्वामी, ओमकार जितरवाल, रामोतार स्वामी, हनुमान गुरुजी, शंकरलाल , धूड़ाराम, जोधाराम रैगर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शहीदों के नाम तिरंगा यात्रा निकाली

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर कांग्रेस सेवादल ने शहीद वीर जवानों के नाम और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए तिरंगा यात्रा निकाली। यह तिरंगा यात्रा चौबुर्जा से शुरू हुई और किले स्थित शहीद स्मारक पर खत्म हुई। ऑपरेशन सिंदूर और शहीदों के नाम कांग्रेस सेवादल की ओर से निकाली गई तिरंगा यात्रा में दो दर्जन कार्यकर्ता भी नही जुटे तिंरगा यात्रा औपचारिक बन कर रह गई इस दौरान सेवादल के बजय कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान कांग्रेसियों ने किले स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष निरंजन सिंह ने बताया कि सिंदूर ऑपरेशन के उपलक्ष में और देश के वीर जवान जो शहीद हुए हैं उनके सम्मान में कांग्रेस सेवादल ने तिरंगा यात्रा निकाली है। जिस तरह से पाकिस्तान को जवाब दिया है उसका स्वागत करते हैं।

### दीक्षा ने साइंस ओलंपियाड में राष्ट्रीय स्तर पर हांसिल किया दूसरा स्थान

**कोटपूतली।** निकटवर्ती पनियाला मोड़ स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल की कक्षा 08 वीं की होनहार छात्रा दीक्षा शेखावत ने ओरेंज ग्लोबल ओलंपियाड (ओजीओ) द्वारा आयोजित साइंस ओलंपियाड में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। आईआईटी दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में दीक्षा को देश भर से आये श्रेष्ठ प्रतिभागियों के साथ मंच पर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि दीक्षा की कड़ी मेहनत, वैज्ञानिक सोच और लगन का परिणाम है। साथ ही यह स्कूल के उत्कृष्ठ शिक्षण व मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। स्कूल प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या बिंदु सांगवान ने दीक्षा व उनके माता-पिता को इस अद्भुत उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। दीक्षा की सफलता डीपीडब्ल्यूएस के शैक्षिक दृष्टिकोण और अभिभावकों के निरंतर विश्वास का प्रतीक है। यह उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिये प्रेरित करेगी।

### प्रज्ञा पाक्षिक पुस्तक गांव ढाणी पहुंचने के लिए सदस्यता अभियान प्रारंभ

**राजगढ़ ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा राजगढ़ की ओर से गायत्री शक्ति पीठ पर प्रज्ञा पाक्षिक पुस्तक का सदस्यता अभियान विधि विधान के साथ प्रारंभ हुआ। गायत्री शक्तिपीठ से प्राप्त जानकारी के अनुसार गायत्री शक्तिपीठ पर गुरुदेव, माताजी एवं मां गायत्री का पूजन कर सभी परिजन गणेश पोल पर गणेश जी का पूजन कर प्रज्ञा पाक्षिक पत्रिका का सदस्यता अभियान चलाया गया। प्रज्ञा पाक्षिक पुस्तक देश सहित विदेशों तक जाती है। वर्तमान समय में जो आपदाए ओर विपदाएं चल रही है ये उनसे सुरक्षित करने का सुरक्षा कवच है। गायत्री परिवार से जुड़े सदस्य प्रज्ञा पाक्षिक पुस्तक अभियान को घर-घर पहुंचने के लिए पूजा अर्चना के बाद प्रमुख स्थानों के लिए निकले।

### गर्मी का कहर

**भरतपुर ।** मई की चिलचिलाती धूप ने एक बार फिर लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। कल की हल्की बारिश के बाद लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली थी, लेकिन आज सुबह से ही तेज धूप ने एक बार फिर गर्मी का एहसास करा दिया। दोपहर 12 बजे के बाद शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। लोग घरों से निकलने में परहेज कर रहे हैं और तरल पदार्थों का सेवन कर गर्मी से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं।



रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट से संन्यास लिया। पिछले 6 साल से वे रेड बॉल में ओपनिंग कर रहे हैं। - केएल राहुल

भारतीय क्रिकेटर, रोहित शर्मा के संन्यास को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



**अथापथु**

टीम से कप्तान चमारी अथापथु ने सबसे ज्यादा 51 रन बनाए। निलकशिखा सिल्वा ने 48 रन बनाए। भारत से स्नेह राणा ने 4 विकेट लिए। वहीं अमनजोत कौर ने 3 विकेट चटकाए। मंधाना विमेंस वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली तीसरी प्लेयर बनी। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उनके अलावा हरलीन देओल ने 47, कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 41 और पिछले मैच में सेंचुरी लगाने वाली जेमिमा रोड्रिग्स ने 44 रन की पारी खेली।

**क्या आप जानते हैं ?...** आईपीएल में लगातार सबसे अधिक मैच जीतने का रिकॉर्ड कोलकाता नाइट राइडर्सके नाम है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2014 सीजन में लगातार 10 मैच जीते थे और यह आज कर भी रिकॉर्ड है।

### // भारत ने विमेस वनडे सीरीज जीती //

## फाइनल में श्रीलंका को 97 रन से हराया, मंधाना का शतक, स्नेह राणा को चार विकेट





कोलंबो, 11 मई। श्रीलंका में हो रहे विमेंस वनडे ट्राई-सीरीज के फाइनल में भारत ने श्रीलंका को 97 रन से हरा दिया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग का फैसला किया। स्मृति मंधाना के शतक की बदौलत टीम ने 7 विकेट खोकर 342 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई विमेंस 48.2 ओवर में 245 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

टीम से कप्तान चमारी अथापथु ने सबसे ज्यादा 51 रन बनाए। निलकशिखा सिल्वा ने 48 रन बनाए। भारत से स्नेह राणा ने 4 विकेट लिए। वहीं अमनजोत कौर ने 3 विकेट चटकाए। मंधाना विमेंस वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली तीसरी प्लेयर बनी। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

उनके अलावा हरलीन देओल ने 47, कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 41 और पिछले मैच में सेंचुरी लगाने वाली जेमिमा रोड्रिग्स ने 44 रन की पारी खेली। श्रीलंका की तरफ से देवमी विहंगा और सुंगधिका कुमारी को 2-2 विकेट मिले। भारत के लिए पेसर क्रांति गौड़ ने डेब्यू किया। पहले बैटिंग कर रही भारतीय टीम की ओपनर स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। रावल को इनोका राणावीरा ने पवेलियन भेजा। इसके बाद मंधाना ने हरलीन के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी की। दोनों ने मिलकर 106 बॉल पर 120 रन बनाए। श्रीलांकाई स्पिनर विहंगा ने हरलीन को आउट करके साझेदारी ब्रेक की।

हरलीन ने 47 रन बनाए। मंधाना ने एक छोर संभाले रखा और तेजी से बैटिंग करते हुए अपने करियर का 11वां शतक लगा दिया। उन्होंने 101 गेंदों में 2 छक्के और 15 चौकों की मदद से 116 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 114 से भी अधिक रहा।

### हाईएस्ट सेंचुरी लगाने वाली तीसरी महिला

स्मृति मंधाना ने महिला वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने के मामले में इंग्लैंड की टॉमी ब्यूमोंट को पीछे छोड़ा और रिकॉर्ड्स की लिस्ट में तीसरे पायदान पर आ गई। इस लिस्ट में पहला नाम मैग लेनिंग (15 शतक) और दूसरा नाम सूजी बेट्स (13 शतक) का हैं।

### स्नेह-अमनजोत ने श्रीलंकाई पारी समेटी

343 रन के जवाब में श्रीलंका की पारी की शुरुआत खराब रही। टीम ने शून्य के स्कोर पर ओपनर हसिनी परेरा का विकेट गंवा दिया। उन्हें अमनजोत कौर ने बोल्ड किया। इसके बाद कप्तान चमारी ने पारी को संभाला और बैक-टु-बैक 2 अर्धशतकीय साझेदारी की। उन्होंने गुणरत्ने के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 68 और निलकशिखा सिल्वा के साथ 53 रन जोड़े। कप्तान ने 66 बॉल पर 51 रन बनाए। उन्हें स्नेह राणा ने बोल्ड किया। स्नेह राणा ने 4 विकेट चटकाए और अमनजोत कौर को 3 विकेट मिला।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11 भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, श्री चरणी, स्नेह राणा, क्रांति गौड़।

**श्रीलंका :** चमारी अथापथु (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, पिउमी बदलगे, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, देवमी विहंगा, सुगंधिका कुमारी, मल्की मदारा, इनोका राणावीरा।

## 16 मई से फिर शुरू हो सकता है आईपीएल

*नई दिल्ली, 11 मई। आईपीएल 16 मई से फिर शुरू हो सकता है। मौजूदा सीजन के बचे मुकाबले चार वेन्यू पर खेले जा सकते हैं। फाइनल मुकाबला 30 मई को मुमकिन है। नया शेड्यूल जल्द जारी होगा। एक अधिकारी ने ने कहा- लीग के बाकी मुकाबले अगले हफ्ते से शुरू होंगे। इन्हें चार वेन्यू पर कराया जाएगा। जल्द ही वेन्यू फाइनल किए जाएंगे। लीग बेंगलुरु और लखनऊ मैच के साथ फिर से शुरू होगी। वहीं एक सूत्र के हवाले से लिखा कि फाइनल मैच कोलकाता से बाहर हो सकता है। पिछले शेड्यूल में प्लेऑफ के मुकाबले हैदराबाद और कोलकाता में खेले जाने थे। फाइनल मैच भी कोलकाता में होना था। पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच 9 मई को 2025 सस्पेंड करना पड़ा था। ने लीग को रोकते हुए कहा था कि देश इस समय युद्ध की स्थिति में है। ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं है। 2025 के तहत 74 मैच खेले जाने थे। 8 मई तक 58 मैच हो चुके थे। यानी अब 16 मुकाबले बाकी हैं। इनमें 12 मैच लीग स्टेज के हैं और 4 मैच प्ले ऑफ स्टेज के हैं। किन टीमों के मुकाबले बाकी हैं? मुंबई, कोलकाता, राजस्थान और चेन्नई के दो-दो लीग मैच बाकी हैं। बाकी टीमों के तीन-तीन लीग मुकाबले अभी होने हैं। टीमों की स्थिति नीचे दिए पॉइंट्स टेबल से समझ सकते हैं। एक टीम को 14 लीग मैच खेलने होते हैं । कितनी टीमें प्ले ऑफ की होड़ में कायम हैं? की 10 में से तीन टीमें प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी हैं। हैदराबाद, राजस्थान और चेन्नई ये तीन टीमें हैं। बाकी टीमें अभी प्ले ऑफ की रेस में बरकरार हैं। किन शहरों में हो सकते हैं बचे हुए मुकाबले? जो 16 मुकाबले बाकी हैं वे पहले तय कार्यक्रम के मुताबिक 9 अलग-अलग शहरों में होने थे। इनमें लखनऊ, हैदराबाद, अहमदाबाद, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, जयपुर और कोलकाता शामिल हैं। अभी यह तय नहीं है कि ये मुकाबले इन तमाम शहरों में होंगे या इनमें कटौती होगी। क्या सभी विदेशी खिलाड़ी अब भी भारत में मौजूद हैं? नहीं। ने जब लीग को सस्पेंड करने का फैसला किया था तब विदेशी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को उनके देश लौट जाने के लिए कहा गया था। इनमें से कई खिलाड़ी अपने घर लौट गए हैं। उन्हें दोबारा बुलाया जाएगा। इस समय दुनिया में कहीं कोई और बड़ी सीरीज नहीं हो रही है लिहाजा इसमें ज्यादा परेशानी नहीं होनी चाहिए।*

### अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग

## आरबीआई रिक्रिएशन क्लब ने मैत्री क्रिकेट क्लब को हराया, राजेश विश्नोई जूनियर का ऑलराउंड प्रदर्शन



जयपुर, 11 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग के पूल डी के मैच में आर बी आई रिक्रिएशन क्लब ने मैत्री क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से हराया। आज प्रात: के एल सैनी स्टेडियम पर मैत्री क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गगन प्रीत के 41 रन, आशीष शर्मा के 83 रन, सुशील सिंघानिया के 36 रन, धर्म यादव के 17 रन व रमेश शर्मा के 14 रनों से 40 ओवर में 9 विकेट पर 233 रन बनाए। आर बी आई रिक्रिएशन क्लब के लिए नरेंद्र मीणा ने 50 पर 4, राजेश विश्नोई जूनियर ने 36 पर 3, मितेश व प्रिंस ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में आर बी आई रिक्रिएशन क्लब ने राजेश विश्नोई सीनियर के 74 रन, प्रणय शर्मा के 17 रन, शक्ति सिंह के 23 रन, भूपेंद्र शेखावत के 25 रन नाबाद व राजेश विश्नोई जूनियर के 63 रन नाबाद से 28.5 ओवर में 5 विकेट पर 236 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैत्री क्रिकेट क्लब के लिए विकास शर्मा ने 37 पर 2 व मोहित नैरियाल ने 40 पर एक विकेट लिया।

### 27वीं नवीन-नफीस ईनामी राशि लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता

## फईम का शतक बेकार, विशाल व शोभित की आतिशी पारी व हिमांशु की गेंदबाजी से विवेक क्लब विजयी



जयपुर, 11 मई। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज अरावली क्रिकेट ग्राउण्ड हाथोज पर खेले गये पूल सी के मैच में विवेक यादव मेमोरियल क्रिकेट क्लब में विशाल गोदारा 94 रन, (27 गेन्द, 9 चौके, 9 छक्के) की रिकॉर्ड तोड पारी तथा शोभित मिश्रा 75 रन नाबाद (35 गेंद, 4 चौके, 6 छक्के), कृष्ण कुमार गुप्ता 50 रन (25 गेंद, 5 चौके, 3 छक्के), के अद्धर्शतको तथा हिमांशु नेहरा 53 रन पर 5 विकेट की शानदार गेन्दबाजी की बदोलत शिवा क्रिकेट अकेडमी को मोहम्मद फईम के 107 रन की शतकीय पारी के बावजूद 88 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये विवेक यादव मेमोरियल क्रिकेट क्लब में पहले बल्लेबाजी करते हुये कृष्ण कुमार गुप्ता 50 रन, मुकुल चौधरी 31 रन, विशाल गोदारा के तूफानी मात्र 27 गेंदो में खेली गयी 94 रन की पारी शोभित मिश्रा 75 रन नाबाद, हार्दिक गोर 28 रन, हर्ष कुमार मीणा 20 रन नाबाद की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 314 रन बनाये। शिवा क्रिकेट अकेडमी की ओर से भास्कर 49 रन पर 02 विकेट तथा धमेन्द्र सिंह 29 रन पर 01 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।

315 रन के विजय लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी शिवा क्रिकेट अकेडमी के मोहम्मद फईम (50 गेंद 13 चौके और 6 छक्के) और मनीत सैनी 27 रन ने मिलकर 10.2 ओवर में 123 रन जोडकर अच्छी शुरुआत की। लेकिन मध्य क्रम के बल्लेबाजो में लोकेश खाण्डल 7 गेंद में 25 रन, धमेन्द्र सिंह 22 गेंद में 41 रन, करण सैन 5 गेंद में 13 रन, ने तेजी से रन बनाने का प्रयास में जल्दी जल्दी विकेट गवाया लेकिन अन्य बल्लेबाजी की विफलता तथा अरावली के गेंदबाल हिमांशु नेहरा 53 रन पर 5 विकेट, मुकुल चौधरी 36 रन पर 2 विकेट तथा शोभित मिश्र, हर्ष कुमार मीणा तथा विशाल गोदारा प्रत्येक 1-1 विकेट की गेंदबाजी के समक्ष शिवा की पूरी टीम 18.4 ओवर में 228 रन बनकर सिमट गये। मैन ऑफ मैच विशाल गोदारा 94 रन व 1 विकेट विवेक यादव मेमोरियल क्रिकेट क्लब रहे।

## जयदीप बियानी ने मौजूदा सेलेक्टर्स को किया कार्यमुक्त

### एडहॉक कमेटी के सदस्यों से चर्चा बिना ही मौजूदा सिलेक्टर्स को किया कार्यमुक्त

जयपुर, 11 मई। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी कन्वीनर जयदीप बियानी ने मौजूदा क्रिकेट संचालन कमेटी को भंग कर सभी सिलेक्टर्स को कार्य मुक्त कर दिया है। इसके बाद अब नए सत्र के लिए जल्द ही नई कमेटी का गठन कर नए सिलेक्टर्स का चयन किया जाएगा।

हालांकि जयदीप बिहानी के इस फैसले को लेकर कोई मीटिंग नहीं की, न ही एडहॉक कमेटी के सदस्यों से चर्चा की। इसको लेकर अब एडहॉक कमेटी के सदस्यों में ही विरोध शुरू हो गया है। दरअसल, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की पूर्व कार्यकारिणी को भंग करने के बाद सरकार ने एडहॉक कमेटी का गठन किया था। जो पिछले 1 साल से राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की गतिविधियों का संचालन कर रही है। एडहॉक कमेटी द्वारा ही राजस्थान में जूनियर सिलेक्शन कमेटी, सीनियर सिलेक्शन कमेटी, वुमन सिलेक्शन कमेटी और क्रिकेट कमेटी का गठन कर सिलेक्टर्स की नियुक्ति की गई थी। जो सभी जिलों के खिलाड़ियों को स्टेट टीम में सिलेक्ट कर टूर्नामेंट का आयोजन करते थे।

एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहानी ने बिना कमेटी के सदस्यों से चर्चा किए ही सभी मौजूदा सिलेक्टर्स को कार्य मुक्त कर क्रिकेट कमेटी को खत्म कर दिया है। इसको लेकर एडहॉक कमेटी के सदस्यों में भी नाराजगी है। सूत्रों ने अनुसार जल्द ही कमेटी के सदस्य इस मामले पर खेल मंत्री और सहकारिता मंत्री तक अपना पक्ष रख जयदीप बिहाणी की शिकायत कर सकते हैं।

पिछले दिनों और राजधानी जयपुर में एडहॉक कमेटी के सदस्यों ने बीजेपी विधायक और एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहाणी के खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी नाराजगी जाहिर की थी। जिसमें उन्होंने जयदीप बिहानी को तानाशाह करार दिया था। उन्होंने कहा था कि जयदीप बिहानी मनमर्जी से सभी फैसले करते है। जिससे राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की छवि धूमिल हो रही है। ऐसे में सरकार को इस पूरे मामले पर पुनर्विचार करना चाहिए।

## जिंक फुटबाल अकादमी ने जयपुर एलीट फुटबाल क्लब को 2/1 से शिकस्त दी

जयपुर, 11 मई। जेरथी फुटबॉल क्लब सीकर ग्राउंड, मानसरोवर जयपुर में मैच खेले गए राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव श्री दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आज के दिन 4 मैच खेले गए जिसमें सभी टीमों ने उत्कर्ष प्रदर्शन किया अभी तक 70 मैच खेले जा चुके है।



**प्रथम मैच :-** जयपुर एलीट फुटबाल क्लब और जिंक फुटबाल अकादमी के बीच खेला गया मैच जिंक फुटबाल ने 2/1 से शानदार जीत हासिल की । पहला हॉफ में 0/0 से बराबरी पर रहा दूसरे हॉफ में 2 गोल करके ने मैच जीत लिया । गोल जिंक फुटबाल अकादमी आशीष सरकार 70 ओर आशीष 78 ने गोल किए जयपुर एलीट की तरफ से परमिंदर ने 82 मिनट पर गोल किए

**दूसरा मैच :-** जेरथी फुटबाल क्लब सीकर और राजस्थान राइजिंग के बीच खेला गया मैच जेरथी फुटबाल क्लब सीकर ने 9/0 से शानदार जीत हासिल की, एक एक गोल फरहान, कबीर, अमन कुमार ओर छह गोल फारस ने किए।

**तीसरा मैच :-** फुटबाल क्लब ब्रदर्स यूनाइटेड और रियल फुटबाल क्लब के बीच खेला गया मैच ए एस एल फुटबाल क्लब ने 2/0 से शानदार जीत हासिल की । पहले हॉफ 0/0 से बराबरी पर रहा दूसरे हॉफ में 2 गोल करके ब्रदर्स यूनाइटेड ने मैच जीत लिया।

## पोंटिंग के बोलने पर पंजाब के प्लेयर्स ने फ्लाइट छोड़ी

### सीजफायर के बाद कोच का फैसला, सुरक्षा वजह से दिल्ली के खिलाफ मैच टला था

धर्मशाला, 11 मई। पंजाब के हेड कोच रिकी पोंटिंग शनिवार को अपने घर ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए रवाना होने वाले थे, तभी भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर का ऐलान हुआ। इसके बावजूद, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर के पास स्वदेश वापस जाने का विकल्प था, लेकिन उन्होंने ऐसा न करने का निर्णय लिया और आखिरी समय में फ्लाइट से उतर गए। साथ ही सभी विदेशी प्लेयर्स को भी इसके लिए मनाया।

**9 मई को सस्पेंड हुआ था :** पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को 2025 को सस्पेंड करना पड़ा था। तब ने कहा था कि देश इस समय युद्ध की स्थिति में है और ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं है। 10 मई को पाकिस्तान के साथ सीजफायर समझौते के बाद 16 मई से फिर से शुरू हो सकता है। ऐसे में लीग के बचे हुए मुकाबले के वेन्यू डिसाइड करने को लेकर मंथन कर रहा है। इसके लिए सरकार से सुझाव भी लिए जा रहे हैं और अगले 48 घंटों में इस पर कोई फैसला लिया जा सकता है।

**धर्मशाला से दिल्ली पहुंचे :** धर्मशाला स्टेडियम में 8 मई को पंजाब-दिल्ली का मैच हो रहा था। 10.1 ओवर का खेल हो चुका था, तभी सुरक्षा कारणों से मैच रद्द कर दिया गया। स्टेडियम में ब्लैकआउट कर दिया गया। इसके बाद प्लेयर्स को दूसरे दिन स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से दिल्ली पहुंचाया गया था।

पोंटिंग अगले 2 दिन दिल्ली में ही रुके था और उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि पंजाब किंग्स के विदेशी खिलाड़ी जो दो देशों के बीच बढ़ते तनाव से चिंतित थे उन्हें समझा कर भारत में ही रोका जाए।

**पोंटिंग का व्यक्तित्व शानदार :** पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने वर्ल्ड कप विनर कैप्टन के बारे में कहा, यह पोंटिंग के चरित्र को दर्शाता है। केवल वही ऐसा कर सकते थे। पंजाब किंग्स के बैच में मार्कस स्टोयनिस, आरोन हार्डी, जोश इंग्लिश और जेवियर बार्टलेट (सभी ऑस्ट्रेलिया से) शामिल थे। न्यूज एजेंसी से एक टीम मेंबर ने कहा, विदेशी प्लयेर्स चिंतित थे। स्टोयनिस के साथ सभी जल्द से जल्द भारत से निकलना चाहते थे। लेकिन पोंटिंग ने उन्हें सीजफायर के बाद यहीं रहने के लिए मना लिया।

मार्क यानसन दुबई में ऑलराउंडर मार्क यानसन टीम से भारत के बाहर जाने वाले एकमात्र प्लेयर है। वो भी अभी दुबई में हैं, और कभी भी वापस आ सकते हैं। पोंटिंग ने टीम को नर्वस स्थिति से बाहर निकालकर जोश भरा। 2014 के बाद पहली बार प्लेऑफ में पहुंच सकती है पंजाब

श्रेयस अय्यर और रिकी पोंटिंग के दौर के पहले सीजन में, पंजाब 2014 के बाद से अपने पहले प्ले-ऑफ बर्थ हासिल कर सकता है। टीम अभी पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है। पंजाब के 15 पॉइंट्स हैं। टीम के लिए 7 मैच में जीत, 3 में हार और एक मैच बेनतीजा रहा। धर्मशाला में फंसी दूसरी टीम दिल्ली कैपिटल्स थी। क्योंकि पंजाब किंग्स के 10.1 ओवर में 1 विकेट पर 122 रन बनाने के बाद सुरक्षा वजह के चलते मैच रोकना पड़ा था। बाद में चैयरमैन ने खुद आकर स्टेडियम खाली कराया था। ये मैच उसी स्थिति से फिर से शुरू होगा। लेकिन वेन्यू और तारीख पर अभी फैसला नहीं हुआ है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करने से पहले जिला संघ से लेनी होगी स्वीकृति

जयपुर, 11 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ ने सभी रजिस्टर्ड क्लबों व प्राइवेट अकादमियों को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि जो भी क्रिकेट प्रतियोगिता उनके द्वारा आयोजित की जाती है उन सबको जयपुर जिला क्रिकेट संघ से स्वीकृति लेकर आयोजित करनी होगी। यदि कोई रजिस्टर्ड क्लब या प्राइवेट एकेडमी बिना जिला संघ की स्वीकृति के आयोजन करेगी तो ऐसे टूर्नामेंट अवैध माने जायेंगे। बिना स्वीकृति के आयोजन करने वाले क्लबों व अस्वीकृत प्रतियोगिता में भाग लेने वाले रजिस्टर्ड खिलाड़ियों पर जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी जयपुर जिला क्रिकेट संघ ने यह कठोर कदम इसलिए उठाया है कि जिला संघ को पिछले कुछ समय से जयपुर में अवैध टूर्नामेंट के आयोजनों को लेकर विभिन्न प्रकार की शिकायतें मिल रही थी जिसमें प्रमुख रूप से मैच के अंपायर्स, स्कोरर्स, खिलाड़ियों की आयु, आयोजन एवं प्रतियोगिता के नियमों के संबंध में शिकायतें मिल रही थी।

## मदर्स-डे पर कोहली की इमोशन पोस्ट : लिखा- आपसे हर दिन ज्यादा प्यार करते हैं, सचिन तेंदुलकर ने कहा- आई हमेशा मेरा सहारा रही

नई दिल्ली, 11 मई। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को मदर्स डे के मौके पर अपनी मां सरोज और अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के लिए एक पोस्ट किया। इसके अलावा, सचिन तेंदुलकर और रोहित शर्मा ने भी अपनी मां के लिए प्यार लुटाया है। विराट नो लिखा- हम आपसे हर दिन और भी ज्यादा प्यार करते हैं उन्होंने इंस्टाग्राम पर फोटो पोस्ट किया और कैप्शन लिखा, दुनिया की सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं। मैं एक मां की संतान हूं, एक मां ने मुझे बेटे के रूप में स्वीकार किया और एक मां को हमारे बच्चों के लिए एक मजबूत, पालन-



पोषण करने वाली, प्यार करने वाली और सुरक्षात्मक मां के रूप में विकसित होते देखा है। हम आपसे हर दिन और भी ज्यादा प्यार करते हैं। इसके साथ ही विराट ने कुछ रेड हार्ट इमोजी भी ऐड किए। मैं जो कुछ भी हूं, उसकी शुरुआत उनकी प्रार्थनाओं से हुई है- सचिन भारतीय टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अपने पूरे परिवार की तस्वीर साझा की। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैं जो कुछ भी हूं, उसकी शुरुआत उनकी प्रार्थनाओं और उनकी ताकत से हुई है। मेरी आई हमेशा से ही मेरा सहारा रही है, ठीक वैसे ही जैसे हर मां अपने बच्चे के लिए होती है। सभी बेहतरीन माताओं को मदर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं।रोहित ने इंस्टा स्टोरी में फोटोज के कोलाज बनाकर लगाए रोहित शर्मा ने 4 फोटो का एक कोलाज बनाया। जिसमें पहली फोटो उन्होंने अपनी वाइफ रितिका और उनकी मां की शेयर की। दूसरी फोटो में उन्होंने रितिका और बेटी समायरा की फोटो शेयर की। तीसरी तस्वीर में रोहित ने अपनी मां के साथ फोटो लगाई। वहीं, आखिरी तस्वीर में पृथ्वी यानी धरती मां की तस्वीर शेयर की। इसके बाद रोहित शर्मा ने कैप्शन में लिखा, हैप्पी मदर्स डे उन सभी लोगों को जिन्होंने हमारी जिंदगी को खुशनुमा बनाया।

# 'बस पीओके को वापस लेना है, इसके अलावा और कोई बात नहीं'

## प्र.मंत्री ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस से कही दो टूक बात

- न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, मोदी ने कहा, हम नहीं चाहते, कोई मध्यस्थता करे, हमें किसी मध्यस्थ की जरूरत नहीं है।
- मोदी ने कहा, अब पाकिस्तान ने कुछ किया तो हमारा जवाब और ज्यादा विनाशकारी होगा।

नई दिल्ली, 11 मई। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस से साफ कहा कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है तो जवाब और भी विनाशकारी और कड़ा होगा। उसी रात पाकिस्तान ने 26 ठिकानों पर हमला किया और भारत ने इसका बहुत जोरदार जवाब दिया। उनके ठिकानों पर हमले किए गए।

सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी ने कहा था, कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है, अब केवल एक ही मुद्दा बचा है- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस करना। इसके अलावा और कोई बात नहीं है। अगर वे आतंकवादियों को सौंपने की बात करते हैं, तो हम बात कर सकते हैं। मेरा किसी और विषय पर कोई इरादा नहीं है। हम नहीं चाहते कि कोई मध्यस्थता करे। हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है।

सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जे.डी. वैंस के साथ बातचीत में स्पष्ट संदेश दिया कि वहां से गोली चलेगी, यहां से गोला चलेगा। हवाई अड्डों पर हमले ही निर्णायक मोड़ थे। हर दौर में पाकिस्तान के लिए स्थिति खराब होती गई, वे लड़ाई के हर दौर में भारत से हार गए। पाकिस्तान के हवाई ठिकानों पर हमारे हमलों के बाद, पाकिस्तान को एहसास हो गया है कि वे इस लीग में नहीं हैं। भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कोई भी सुरक्षित नहीं है, यह नई सामान्य बात है।

सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी ने जे.डी. वैंस से बातचीत में कहा कि,तकनीकी और सैन्य उपयोग में अंतर था, भारत और पाकिस्तान के बीच बहुत बड़ा अंतर था, पाकिस्तान को एहसास हुआ कि वो उस श्रेणी में नहीं है। भारत ने अपनी मर्जी से हमला किया और पाकिस्तान के ज़्यादातर हमलों को नाकाम कर दिया गया। पाकिस्तान को कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

## 'भारतीय सेना की कार्यवाही की धमक रावलपिंडी तक सुनाई दी है'

लखनऊ, 11 मई। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक बना है।

भारतीय सेना की कार्रवाई सीमा से सटे ठिकानों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसकी धमक पाकिस्तानी सेना के हेडक्वार्टर रावलपिंडी तक सुनाई दी।रक्षामंत्री ने यहां ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एवं टेस्टिंग फैसिलिटी का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया और इस ऐतिहासिक अवसर पर नई दिल्ली से जुड़कर उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ संकल्प शक्ति का प्रदर्शन है। सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, जिसमें आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया गया। इसके विपरीत, पाकिस्तान ने भारत के नागरिक क्षेत्रों, मंदिरों, गुरुद्वारों और गिरजाघरों को निशाना बनाने का प्रयास किया।

# 'हम दोनों देशों के साथ मिलकर हजार साल पुराने कश्मीर झगड़े का हल निकाल लेंगे'

## अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पाक के बीच कश्मीर मसले पर मध्यस्थता की बात की

- ट्रंप की टिप्पणी पर कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने ट्वीट किया। कोई राष्ट्रपति ट्रंप को यह बताए कि यह बाइबिल में वर्णित हजार साल पुराना झगड़ा नहीं, बल्कि, 78 साल पुराना ही है।
- ज्ञातव्य है कि भारत कश्मीर में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता का हमेशा से विरोधी रहा है, जबकि पाकिस्तान ने हमेशा तीसरे पक्ष के दखल की बात कही है।

नई दिल्ली, 11 मई। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर मसले का हल निकालने की कोशिश करने की बात कही है। उन्होंने 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के बाद दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव को कम करने और सीज़फायर के लिए राजी करने का भी श्रेय लेने की कोशिश की। कश्मीर मसले पर ट्रंप ने कहा कि शायद हज़ार सालों बाद इस समस्या का कोई समाधान निकल आए।

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीज़फायर समझौते पर अमेरिकी प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों का नेतृत्व बहुत मजबूत है। उन्होंने कहा, "मुझे भारत और पाकिस्तान के मजबूत और अटूट नेतृत्व पर गर्व है। उन्होंने यह समझने की शक्ति दिखाई कि मौजूदा लड़ाई को रोकना ज़रूरी था। इससे बहुत सारे लोगों की जान जा सकती थी। लाखों निर्दोष लोग मर सकते थे! आपके बहादुर कार्यों से आपकी विरासत और भी मजबूत होगी।"

ट्रंप ने आगे कहा कि अमेरिका को इस ऐतिहासिक फैसले में मदद करने पर गर्व है। उन्होंने यह भी कहा कि वह भारत और पाकिस्तान, दोनों के साथ व्यापार को बहुत बढ़ाएंगे। ट्रंप ने कश्मीर मुद्दे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि वो दोनों देशों के साथ मिलकर कश्मीर मुद्दे का हल निकालने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि शायद हजार सालों बाद इस समस्या का कोई समाधान निकल आए। ट्रंप ने आखिर में भारत और पाकिस्तान के नेतृत्व को बधाई दी।

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था, "मैं भारत के बहुत करीब हूं और मैं पाकिस्तान के भी बहुत करीब हूं, और कश्मीर में वे एक हजार साल से लड़ रहे हैं। कश्मीर एक हजार साल से चल रहा है, शायद उससे भी ज्यादा समय से। वह एक बुरा हमला था (आतंकवादी हमला)। उस सीमा पर 1,500 साल से तनाव है। यह वैसा ही रहा है, लेकिन मुझे यकीन है कि वे इसे किसी न किसी तरह से सुलझा लेंगे। मैं दोनों नेताओं को जानता हूं। पाकिस्तान और भारत के बीच बहुत तनाव है, लेकिन हमेशा से रहा है।"

कश्मीर मसले को सुलझाने में मदद करने के ट्रंप के इस प्रस्ताव पर कांग्रेस लीडर मनीष तिवारी ने कहा कि यह कोई "बाइबिल का 1000 साल पुराना झगड़ा" नहीं है। यह तो सिर्फ 78 साल पहले शुरू हुआ था।

मनीष तिवारी ने एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "अमेरिका में किसी को राष्ट्रपति ट्रंप को बताना चाहिए कि कश्मीर कोई 1000 साल पुराना झगड़ा नहीं है। यह 22 अक्टूबर, 1947 को शुरू हुआ था। तब पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर पर हमला किया था। महाराजा हरि सिंह ने 26 अक्टूबर, 1947 को इसे पूरी तरह से भारत को सौंप दिया था। इसमें वो इलाका भी शामिल है, जिस पर पाकिस्तान ने अवैध कब्जा कर रखा है। इस आसान सी बात को समझना इतना मुश्किल क्यों है?"

### आर्मी चीफ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रोकने के लिए शनिवार को बनी सहमति के किसी भी उल्लंघन पर सेना कमांडरों को क्षेत्र में जवाबी कार्रवाई के लिए पूर्ण अधिकार प्रदान किए हैं। उन्होंने सैन्य कमांडरों को पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए भी कहा है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान सेना ने कल शाम दोनों देशों की सेनाओं के बीच बनी सहमति के बावजूद जम्मू कश्मीर, गुजरात और अन्य क्षेत्रों में भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की।

### पंजाब से दो ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

थे। उनके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। यह ऑपरेशन सीमा पार जासूसी नेटवर्क को खत्म करने में एक महत्वपूर्ण कदम है और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

## सीज़फायर पर ट्रोल हुए विदेश सचिव विक्रम मिस्री

- मिस्री के बचाव में उतरे असदुद्दीन ओवैसी ने ट्रोलर्स को फटकारा।

नई दिल्ली, 11 मई। पहलगाम हमले के खिलाफ भारतीय फौज ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, इस दौरान फौज ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया। पाकिस्तान के जरिये की गई नापाक हरकत का भारतीय फौज ने मुंहतोड़ जवाब दिया। इस दौरान प्रेस में फौज की कार्रवाई की जानकारी दाने वाले विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने खूब सुर्खियां बटोरीं। लेकिन, शनिवार (10 मई) को दोपहर बाद भारत-पाकिस्तान में सीज़फायर के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री दक्षिणपंथी संगठनों के निशाने पर आ गए। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रोफाइल को प्राइवेट कर प्रोटेक्ट कर दिया। सोशल मीडिया पर विक्रम मिस्री को निशाना बनाने वालों को एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने आड़े हाथों लिया।

सोशल मीडिया पर हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री का बचाव किया। सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट अपने संदेश में लिखा, "विक्रम मिस्री एक सभ्य, ईमानदार और मेहनती डिप्लोमेट हैं, वह हमारे देश के लिए बगैर थके काम कर रहे हैं।" उन्होंने ट्रोलर्स पर निशाना साधते हुए कहा कि "हमें याद रखना चाहिए कि हमारे सिविल सर्वेंट कार्यपालिका के अधीन काम करते हैं और उन्हें कार्यपालिका या हमारे वतन-ए-अजीज के सियासी कयादत के जरिये लिए गए फैसलों के लिए जिम्मेदार या दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए।" विदेश सचिव विक्रम मिस्री को ट्रोलर्स के जरिये निशाना बनाए जाने की सूचना ऑल्ट न्यूज के सह संस्थापक मोहम्मद जुबैर ने दी। जुबैर ने विक्रम मिस्री के एक्स अकाउंट का स्क्रीन शॉट शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, "भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अब अपना एक्स अकाउंट प्रोटेक्ट कर दिया है।"

## पुतिन चाहते हैं, यूक्रेन के साथ सीधी बात

मास्को, 11 मई। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ 'सीधी बातचीत' का आव्हान किया। पुतिन ने रविवार को कहा,हम गंभीर बातचीत चाहते हैं। संघर्ष के मूल कारणों को दूर करने और एक स्थायी, मजबूत शांति की ओर बढ़ने के लिए! यह बयान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन के यूक्रेन का दौरा करने और रूस से बिना शर्त 30-दिवसीय युद्धिवराम पर सहमत होने का आग्रह करने के कुछ घंटों बाद आया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने जवाब में कहा था कि मॉस्को को इस पर विचार करना होगा। लेकिन चेतावनी दी कि, हम पर दबाव डालने की कोशिश करना बिल्कुल बेकार है।

### 'भारत-पाक सीज़फायर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पास के पास हमारे जिन नागरिकों की जान गई है कांग्रेस पार्टी उनके परिजनों को सांत्वना देते हुए मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है। मैं भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य को सलाम करता हूं। हमारी सेना ने एक बार फिर दिखाया है कि वह दुनिया की सर्वोत्तम सेनाओं में से एक है। कांग्रेस लंबे समय से ये मांग करती आई है कि पहलगाम घटना और उसकी बाद की स्थिति पर विचार के लिए संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए।"

उन्होंने कहा कि वर्ष 1994 में कांग्रेस सरकार ने सर्वसम्मति से पीओके को वापस लेने का प्रस्ताव पारित कराया था। पायलट ने कहा,अब समय आ गया है कि हमें 1994 के प्रस्ताव को दोहराना चाहिए। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पूरे देश और विपक्ष सहित हर राजनीतिक दल से भारत सरकार को पूरा समर्थन मिला। हमने पहले दिन से ही साफ कहा था कि यह हमारी आत्मा पर हमला है और इसका मुंहतोड़ जवाब देना जरूरी है। सेना ने जो कदम उठाए, हमें उस पर गर्व है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को उनकी मांग सुननी चाहिए और एक विशेष संसद सत्र बुलाकर चर्चा करनी चाहिए ताकि पूरी दुनिया में संदेश जाए कि आतंकवाद और पाकिस्तान के दुस्साहस के खिलाफ पूरा देश एकजुट है।

### खड़गे व राहुल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए।

गौरतलब है कि गांधी ने पिछले दिनों सर्वदलीय बैठक में भी संसद का विशेष सत्र बुलाने की बात कही थी।

### सर्वदलीय बैठक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कि उन्हें पूरा विश्वास है कि यदि आज मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री होते तो वह सर्वदलीय बैठक में उपस्थित होते और विशेष सत्र भी बुलाया जाता।

सिब्बल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के सोशल मीडिया पोस्ट का जिक्र करते हुए कहा, ट्रंप ने कहा था कि उन्हें गर्व है कि अमेरिका इस "ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय तक पहुंचने में मदद कर सका। सिब्बल ने कहा, "इस ट्वीट पर भी कई सवाल उठेंगे। (अमेरिका के) विदेश मंत्री मार्क रुबियो ने कहा कि पिछले 48 घंटों से बातचीत जारी थी। तो क्या हुआ, कैसे हुआ और क्यों हुआ, इस बारे में हमें कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने यह भी कहा, "तटस्थ स्थलों पर बैठक होगी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भी एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार) अजीत डोवाल से बात की है।









राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908